


फरीदाबाद हरियाणा का नंबर 1 समाचार पत्र

# भेदी नज़र

संस्थापक : स्वाधीनता सेनानी सुखवासी लाल शर्मा (ब्रह्मलीन)

ई- पेपर पढ़ने के लिए लॉगऑन करें- www.bhedinazar.com

फरीदाबाद, मंगलवार, 03 फरवरी 2026

दिल्ली, हरियाणा, चड़ीगढ़, पंजाब, राजस्थान, बिहार, झारखंड, उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश को प्रमुख हिन्दी दैनिक

आवश्यकता है
1- न्यूज एडीटर
2- एकाउन्टेंट
3- मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव (फार एडवर्टाइजमेंट)
4- चपरासी
सर्म्पक करें- 9811157562
समय: 3:00 से 5:00 PM

वर्ष: 16 अंक: 34 | Email : bhedinazardaily@gmail.com | RNI NO. HAR/HIN/2011/43680 | Postal REG. No. HR (FBD) -260/2026/28 | पृष्ठ: 12 मूल्य: 1 रुपये

## सरकार डरती है, मुझे जनरल नरवणे के शब्द बोलने से रोकती है: राहुल

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के द्वारा सोमवार को सदन में पूर्व आर्मी चीफ मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित किताब का जिक्र करने को लेकर काफी हंगामा हुआ। सदन के बाहर राहुल गांधी ने पत्रकारों से कहा, 'मुझे बोलने नहीं दिया जा रहा है। मुझे सिर्फ दो-तीन लाइनें बोलनी हैं। यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है। ये पूर्व सेना प्रमुख के शब्द हैं और यह वह बातचीत है जो उन्होंने राजनाथ सिंह और प्रधानमंत्री मोदी से की है।'



राहुल ने कहा, 'मैं सदन में वही कहना चाहता हूं जो पूर्व सेना प्रमुख ने लिखा है और राजनाथ सिंह और प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें क्या आदेश दिए थे।' नेता प्रतिपक्ष ने कहा, 'मैं सदन में बोलना चाहता हूं। मुझे नहीं पता कि वे क्यों डर रहे हैं। मुद्दा वही है जो प्रधानमंत्री और राजनाथ सिंह ने कहा। जमीन ली गई या नहीं, यह एक अलग सवाल है। हम उस पर बाद में बात करेंगे। लेकिन उससे पहले, देश के नेता को दिशा-निर्देश देने चाहिए। देश के नेता को फैसले लेने से पीछे नहीं हटना चाहिए और फैसले दूसरों के कंधों पर नहीं छोड़ने चाहिए। प्रधानमंत्री ने यही किया है।'

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि सरकार इस बात से डरी हुई है कि यदि पूर्व सेना प्रमुख मनोज मुकुंद नरवणे की किताब की बातें सामने आ जाएंगी तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की असलियत देश को पता चल जाएगी। लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित होने के बाद राहुल ने संसद परिसर में पत्रकारों से कहा कि देश को यह भी पता चलेगा कि जब चीन हमारी तरफ आ रहा था- तो 56 इंच की छाती को क्या हुआ था?

राजनाथ, शाह ने किया विरोध

सदन में राहुल गांधी का रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृहमंत्री अमित शाह ने विरोध किया और इसके बाद सदन में सत्ता पक्ष और कांग्रेस के सांसदों के बीच काफी नोकझोंक और हंगामा हुआ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी पर सदन को गुमराह करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। राजनाथ सिंह ने सवाल उठाया कि नेता प्रतिपक्ष को यह बताना चाहिए कि जिस किताब के बारे में वह बात कर रहे हैं वह प्रकाशित हुई है या नहीं। कांग्रेस का कहना है कि राहुल गांधी सदन में पूर्व सेना प्रमुख नरवणे की किताब 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' के ड्राफ्ट के उस अंश को पढ़ना चाहते थे जिसमें 31 अगस्त, 2020 की एक घटना का उल्लेख है।

## ममता ने ज्ञानेश कुमार से की मुलाकात

### लाखों मतदाताओं के सूची से हटाये गये नाम

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को यहां मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मुलाकात की और उनसे कहा कि मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान 58 लाख मतदाताओं के नाम बिना उचित प्रक्रिया के सूची से हटा दिये गये हैं। करीब डेढ़ घंटे चली इस बैठक में उनके साथ तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी, सांसद कल्याण बनर्जी और पार्टी के अन्य नेता भी मौजूद थे। बैठक का मुख्य मुद्दा पश्चिम बंगाल में एसआईआर को लेकर उठे विवाद थे।



चुनाव आयोग से बाहर निकलने के बाद बनर्जी ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि वह बेहद आहत और दुखी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर के नाम पर पश्चिम बंगाल में 58 लाख मतदाताओं के नाम बिना उचित प्रक्रिया के हटा दिये गये और लोगों को अपना पक्ष रखने का मौका तक नहीं दिया गया। बनर्जी ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव एक उत्सव की तरह होते हैं, लेकिन चुनाव आयोग की कार्रवाई ने इस भावना को ठेस पहुंचाई है।

उन्होंने सवाल किया कि यदि एसआईआर करना ही था, तो इसे चुनावी राज्यों से अलग और बेहतर योजना के साथ क्यों नहीं किया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा शासित असम में एसआईआर नहीं हुआ, जबकि पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु को निशाना बनाया गया। जन्म प्रमाण पत्र मांगे जाने पर आपत्ति जताते हुए बनर्जी ने कहा कि पहले अधिकतर जन्म घरों में होते थे, ऐसे में यह दस्तावेज मांगना अव्यावहारिक है।

## राज्यसभा में सी. सदानंदन ने खुद से हुई हिंसा का किया जिक्र, सवाल भी उठाए



नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।

राज्यसभा में सोमवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया गया। उच्च सदन में यह प्रस्ताव सी. सदानंदन मास्टर ने रखा। इस दौरान उन्होंने एक अत्यंत भावुक और गंभीर वक्तव्य देते हुए अपने जीवन पर हुए राजनीतिक हमले का उल्लेख किया और लोकतंत्र, सहिष्णुता तथा राजनीतिक हिंसा के मुद्दे पर सदन का ध्यान आकर्षित किया।

धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए सी. सदानंदन मास्टर ने कहा कि वे कभी एक पूरी तरह सक्षम व्यक्ति थे, लेकिन आज उन्हें कृत्रिम पैरों (आर्टिफिशियल लिंब्स) के सहारे जीवन जीना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि यह स्थिति किसी बीमारी या दुर्घटना के कारण नहीं, बल्कि 31 वर्ष पहले हुए एक राजनीतिक हमले का परिणाम है।

सी. सदानंदन मास्टर स्कूल शिक्षक से राजनीतिज्ञ बने हैं, और राज्यसभा के मनोनीत सदस्य हैं। वह भारतीय जनता पार्टी व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े हैं और भाजपा की केरल इकाई में कार्यरत रहे हैं। उन्होंने सदन में बताया कि 31 वर्ष पहले उस समय सीपीएम नेताओं की सलाह पर सीपीआईएम कार्यकर्ताओं ने उन पर जानलेवा हमला किया।

उन्होंने सदन को बताया कि यह घटना तब हुई, जब वे अपने अंकल के घर से लौट रहे थे, जहां उनकी बहन की शादी को लेकर बातचीत हुई थी। बस से उतरते ही एक बाजार में पहले से घात लगाए बैठे संगठित अपराधियों ने उन्हें पीछे से पकड़ लिया, सड़क पर गिराया और बेरहमी से उनके दोनों पैर पर घातक हमला किया।

सी. सदानंदन मास्टर ने कहा कि हमलावर राजनीतिक नारे लगा रहे थे और इस हिंसा को राजनीतिक जवाब के रूप में अंजाम दिया गया।

## सीबीआई ने 'ऑपरेशन साइस्ट्राइक' लॉंच किया

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अमेरिका (एफबीआई), ब्रिटेन, कुवैत, आयरलैंड और सिंगापुर की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर चलाये गये एक बहुद्देशीय अभियान 'ऑपरेशन साइस्ट्राइक' की शुरूआत की यह अभियान भारत और दूसरे देशों से काम करने वाले उन लोगों और समूह को लक्ष्य करता है जो सीमा पार (अंतरराष्ट्रीय), साइबर-सक्षम वित्तीय अपराध नेटवर्क में शामिल हैं। यह अभियान 31 जनवरी को शुरू किया गया था और इसके शुरू होते ही संघीय जांच एजेंसी ने एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया। सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एजेंसी ने नई दिल्ली, बिहार, महाराष्ट्र, कर्नाटक, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में 35 जगहों पर तलाशी ली है। कार्रवाइयों से आरोपियों द्वारा चलाए जा रहे उन सीमा पार, साइबर-सक्षम वित्तीय अपराध नेटवर्क को खत्म कर दिया गया।

## सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी 5 से 10 फरवरी तक राजकीय दौरे पर भारत आएंगे

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।

सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर 5 से 10 फरवरी तक भारत का राजकीय दौरा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रपति पद संभालने के बाद यह हर्मिनी की भारत की पहली यात्रा होगी। उनका यह दौरा दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रहा है। दौरे के दौरान राष्ट्रपति हर्मिनी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर बातचीत करेंगे।

अपनी भारत यात्रा के दौरान राष्ट्रपति हर्मिनी चेन्नई और मुंबई भी जाएंगे, जहां वे विभिन्न व्यावसायिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह यात्रा दोनों देशों के बीच व्यापक सहयोग को और गति देने में सहायक होगी।



विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि सेशेल्स हिंद महासागर क्षेत्र में भारत का एक प्रमुख समुद्री पड़ोसी है और भारत की 'विजन महासागर'(क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक एवं समग्र प्रगति) तथा ग्लोबल साउथ के प्रति भारत की प्रतिबद्धता में इसका विशेष स्थान है।

बयान में कहा गया कि अक्टूबर 2025 में भारत के उपराष्ट्रपति की सेशेल्स यात्रा के बाद राष्ट्रपति हर्मिनी की यह भारत यात्रा दोनों देशों के बीच व्यापक सहयोग और मजबूत जन-जन के संपर्कों को और मजबूती प्रदान करेगी।

गौरतलब है कि पैट्रिक हर्मिनी को अक्टूबर 2025 में यूनिटी स्टेडियम में आयोजित एक राष्ट्रीय समारोह में सेशेल्स के छठे राष्ट्रपति के रूप में शपथ दिलाई गई थी। इस समारोह में भारत की ओर से उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने भाग लिया था।

सेशेल्स यात्रा के दौरान उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने विक्टोरिया स्थित स्टेट हाउस में राष्ट्रपति हर्मिनी से मुलाकात कर दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की थी।

## सार्वजनिक उपक्रम यंत्र इंडिया लिमिटेड (वाईआईएल) को मिला 'मिनीरत्न' श्रेणी-क का दर्जा

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम यंत्र इंडिया लिमिटेड (वाईआईएल) को 'मिनीरत्न' श्रेणी-क का दर्जा देने की सोमवार को मंजूरी दे दी। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रक्षा मंत्री ने इस रक्षा उपक्रम को मात्र चार वर्षों के कम समय में सरकारी संगठन से लाभ कमाने वाली कंपनी बनने पर बधाई दी। उन्होंने कंपनी के कारोबार को बढ़ाने, स्वदेशीकरण को अधिकतम करने और मिनीरत्न (श्रेणी-क) का दर्जा प्राप्त करने की दिशा में प्रबंधन के काम की भी सराहना की। वाईआईएल ने स्थापना के बाद से कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां अर्जित की हैं जिनमें 2021-22 (दूसरी छमाही) में 956.32 करोड़ रुपये की बिक्री से वित्त वर्ष 2024-25 में 3,108.79 करोड़ रुपये तक की उल्लेखनीय वृद्धि शामिल है।

## सिंगापुर एयर शो में वायु सेना की सारंग टीम दिखाएगी साहसिक हवाई कलाबाजियां

गिरीश चंद्र शर्मा, भेदी नज़र

नई दिल्ली। भारतीय वायु सेना सिंगापुर एयर शो के दौरान अपनी सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम के जरिए स्वदेशी एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) ध्रुव को दिखाएगी। चांगी एग्जिबिशन सेंटर में 3 से 8 फरवरी तक होने वाले इस एयर शो में तीन दूसरी इंटरनेशनल डिस्प्ले टीमें भी हवाई परफॉर्मेंस देंगी और इसमें 37 एयरक्राफ्ट का स्टैटिक डिस्प्ले भी शामिल होगा। दुनिया भर की वायु सेनाएं और डिफेंस कंपनियां एक मंच पर दिखेंगी।

भारतीय वायु सेना की सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम अपने लाल-सफेद 'ध्रुव हेलीकॉप्टरों से सटीक फॉर्मेशन और साहसी हवाई कलाबाजियां करने के लिए जानी जाती है।

यह टीम सिंगापुर एयर शो के दौरान सैन्य ऑपरेशन, मानवीय सहायता और आपदा राहत सहित कई तरह के मिशन में एएलएच ध्रुव की ऑपरेशनल वर्सेटिलिटी, फुर्ती और भरोसे को दिखाएगी। तमिलनाडु के सुलूर में 2005 में बनी सारंग एरोबैटिक टीम पांच ध्रुव हेलीकॉप्टर का बेड़ा चलाती है। पिछले कुछ सालों में इस टीम ने कई बड़े अंतरराष्ट्रीय एयर शो में हिस्सा लिया है।

## पाकिस्तान से आए हिंदुओं को गरिमापूर्ण जीवन की जगह भी दें: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।

सुप्रीम कोर्ट ने पाकिस्तान से भारत आए अनुसूचित जाति के हिंदुओं की दुर्दशा पर गंभीर टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि जब सरकार ने इन लोगों को नागरिकता दी तो उन्हें गरिमापूर्ण तरीके से रहने की जगह भी उपलब्ध करानी चाहिए। यह टिप्पणी दिल्ली के मजनू का टीला इलाके में रहने वाले इन शरणार्थियों के विस्थापन के खतरे के बीच आई है, जहां सिग्नेचर ब्रिज के पास उनका कैंप है।



दरअसल, ये लोग पाकिस्तान से धार्मिक उत्पीड़न से बचकर भारत आए थे। ज्यादातर अनुसूचित जाति के हिंदू हैं और यहां झुग्गी-झोपड़ी में रहते हैं। कइयों को नागरिकता मिल चुकी है, जबकि कुछ के आवेदन प्रक्रिया में हैं। दिल्ली डेवलपमेंट अथॉरिटी (डीडीए) और अन्य एजेंसियां यमुना फ्लडप्लेन पर अवैध कब्जे के नाम पर उन्हें हटाने की तैयारी कर रही थीं। दिल्ली हाईकोर्ट ने मई 2025 में एक फैसले में हटाने का रास्ता साफ किया था, जिसके खिलाफ ये लोग सुप्रीम कोर्ट पहुंचे।

जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एन. कोटेश्वर सिंह की पीठ ने मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने केंद्र सरकार और डीडीए को नोटिस जारी किया और चार हफ्तों के अंदर जवाब मांग लिया। साथ ही, कोर्ट ने फिलहाल इन लोगों को विस्थापित करने की किसी भी योजना पर रोक लगा दी है।

## शशि थरूर ने उपमहाद्वीप में क्रिकेट के राजनीतिकरण की निंदा की

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने उपमहाद्वीप में क्रिकेट के बढ़ते राजनीतिकरण की आलोचना करते हुए भारत, पाकिस्तान और बंगलादेश से जुड़े हालिया घटनाक्रमों को 'शर्मनाक' बताया और चेतावनी दी कि स्थिति नियंत्रण से बाहर हो रही है। पाकिस्तान के भारत के खिलाफ 2026 आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप ग्रुप-चरण मैच का बहिष्कार करने के फैसले और बंगलादेशी क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान से जुड़े विवाद पर थरूर ने प्रतिक्रिया दी है कि खेल को राजनीतिक तनाव का शिकार बनने के बजाय जोड़ने वाली शक्ति के रूप में काम करना चाहिए।

## वीएसआर वेंचर्स के विमान दुर्घटना की जांच अंतिम चरण में

### बारामती हादसे के बाद देरी पर उठ रहे थे सवाल

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।

विमानन जांच एजेंसी (एएआईबी) ने सोमवार को कहा कि सितंबर 2023 में मुंबई हवाई अड्डे पर वीएसआर वेंचर्स के स्वामित्व वाले लेयरजेट 45 विमान की लगभग तीन साल पुरानी दुर्घटना की जांच अंतिम चरण में है। 28 जनवरी को बारामती में हुए विमान हादसे में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और चार अन्य लोगों की मौत हो गई थी। इस हादसे में वीएसआर वेंचर्स के स्वामित्व वाला एक लेयरजेट 45 विमान भी शामिल था। बारामती विमान दुर्घटना के बाद से, एएआईबी द्वारा सितंबर 2023 में हुई दुर्घटना पर अपनी अंतिम रिपोर्ट प्रकाशित करने में हुई देरी पर सवाल उठाए जा रहे हैं, जिसमें कंपनी के इसी तरह के मॉडल के विमान शामिल थे। इस पृष्ठभूमि में, एएआईबी ने कहा कि जांच टीम ने उस दुर्घटना से संबंधित सभी सबूतों और अन्य दस्तावेजों का विश्लेषण किया है। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने एक बयान में कहा, 'जांच अंतिम चरण में है। जांच टीम सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर रिपोर्ट को अंतिम रूप देने की पूरी कोशिश कर रही है।

## राहुल गांधी को चीन सीमा के संबंध में कांग्रेस के पाप के लिए माफी मांगनी चाहिए: किरेन रिजिजू

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अगर वे बड़े परिवार में पैदा हुए हैं तो इसका मतलब यह नहीं है कि वे खुद को सदन से ऊपर समझेंगे। सदन की मयार्दा को बरकरार रखना होगा।

सोमवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने पूर्व सैन्य प्रमुख नरवणे की किताब का जिक्र किया, जिसके बाद सदन में जोरदार हंगामा हुआ। दो बार कार्यवाही स्थगित हुई। तीसरी बार पूरे दिन के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी गई।



केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी को पहले देश से माफी मांगनी चाहिए क्योंकि चीन के पास जो भी जमीन गई, वह 1959 से पहले और कुछ हिस्सा 1962 में गया था। आज राहुल गांधी को पहले माफी मांगनी चाहिए। हम अपनी तरफ से राष्ट्रपति के अभिभाषण और दूसरे मामलों पर चर्चा करने के बाद सदन में आगे बढ़ना चाहते हैं। एक बड़े परिवार में पैदा होने से कोई भी सदन या नियमों से ऊपर नहीं हो जाता है।

उन्होंने कहा कि हम विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बर्ताव से बहुत निराश हैं। आज स्पीकर के फैसले के बावजूद, राहुल गांधी चेयर के फैसले को नहीं मान रहे थे। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। जब चेयर कोई फैसला देता है, चाहे चेयरमैन हो या स्पीकर, हर सदस्य को उसका पालन करना होता है। लेकिन, राहुल गांधी ने स्पीकर के आदेश का उल्लंघन करके अपनी ही गरिमा को कम किया है। राहुल गांधी को चीन-भारत सीमा के बारे में बात करने का कोई हक नहीं है क्योंकि हमने 1959 और 1962 में भारतीय क्षेत्र का एक बड़ा हिस्सा खो दिया था।






# सूरजकुंड मेले में छोटी चौपाल पर लोक-संस्कृति की छटा

## कलाकारों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने मोहा मन




**भेदी नज़र, सूरजकुंड (फरीदाबाद)**

कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा तथा हरियाणा पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में फरीदाबाद स्थित सूरजकुंड में आयोजित 39वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड आत्मनिर्भर शिल्प मेला 2026 के अंतर्गत चौपाल-2 (छोटी चौपाल) पर सोमवार को विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में हरियाणा की लोक संस्कृति, संगीत, नृत्य, नाटक और हास्य की समृद्ध परंपरा की मनमोहक झलक देखने को मिली।

कार्यक्रम की शुरूआत पाली नाथ एवं उनके दल द्वारा प्रस्तुत बीन पार्टी से हुई, जिसने दर्शकों को लोक धुनों से जोड़ा। इसके बाद रिंकू एवं दल द्वारा डेरु पार्टी की प्रस्तुति दी गई। सुनील कुमार एवं उनके दल ने रागनी गायन के माध्यम से पारंपरिक हरियाणवी लोकगीतों की शानदार प्रस्तुति दी, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

उल्लेखनीय है कि 39वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड शिल्प मेले में आयोजित इन सभी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल, महानिदेशक के. एम. पांडुरंग तथा अतिरिक्त निदेशक विवेक कालिया के निदेर्शानुसार किया जा रहा है।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हास्य कलाकार सतीश हरियाणवी ने अपने साही अंदाज से दर्शकों को हंसी से लोटपोट कर दिया। वहीं सुनील कौशिक पार्टी द्वारा प्रस्तुत हरियाणवी सांस्कृतिक लोकनृत्य ने मंच पर रंग-बिरंगी छटा बिखेर दी। पुष्पा शर्मा ने शास्त्रीय नृत्य की सधी हुई प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। इसके अलावा सोमबीर कथूरवाल के नेतृत्व में कलाकारों द्वारा हरियाणवी फोक बैंड की प्रस्तुति ने आधुनिक व लोक संगीत का सुंदर संगम प्रस्तुत किया। मदन लाल डागर थिएटर पार्टी द्वारा द ग्रेट राजा मास्टर ड्रामा कंपनी नाटक का मंचन किया गया, जिसे दर्शकों से खूब सराहना मिली। एन.एस.एस. वॉलिंटियर्स, जिला पलवल के बच्चों ने हरियाणवी सांस्कृतिक लोकनृत्य प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम में शेखर श्रीवास्तव, नीरोत्तम एवं अंश द्वारा गिटार वादन की प्रस्तुति दी गई, वहीं अशोक सम्राट ने जादूगर के रूप में अपनी कला से दर्शकों को आश्चर्यचकित किया। मेले में आए देश-विदेश के पर्यटकों और दर्शकों ने इन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भरपूर आनंद उठाया।

इस अवसर पर कला एवं सांस्कृतिक अधिकारी डॉ. दीपिका रानी, रेणु हुडा सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## सूरजकुंड मेले में मिस्त्र की प्राचीन सभ्यता

**भेदी नज़र, फरीदाबाद।** 39वें अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प सूरजकुंड मेले में इस वर्ष मिस्त्र को पार्टनर देश के रूप में चुना गया है। मेला परिसर में अंतर्राष्ट्रीय पवेलियन में मिस्त्र के शिल्पकार द्वारा स्टॉल नंबर-1 लगाया गया है। जिसके माध्यम से वे अपनी ऐतिहासिक कला और संस्कृति के माध्यम से पर्यटकों को प्राचीन मिस्त्र की सैर करा रहे है। सूरजकुंड मेले में अंतर्राष्ट्रीय पवेलियन में लगी स्टॉल नंबर-1 मिस्त्र की प्राचीन सभ्यता, कला व संस्कृति को जीवंत कर रहा है, जहां आगंतुकों द्वारा जमकर की जा रही है। इस स्टॉल पर हैंडमेड स्टोन स्ट्रक्चर (पत्थर की संरचनाएं) और कलाकृतियों के माध्यम से मिस्त्र की समृद्ध विरासत का प्रदर्शन किया जा रहा है। स्टॉल पर धातु और पत्थर से तराशी गई बारीक आकृतियाँ, मिस्त्र की पहचान माने जाने वाले पिरामिडों के लघु रूप, प्राचीन मिस्त्र की लिपि और चित्रों से सजी दुर्लभ पेंटिंग्स उपलब्ध है जो पर्यटकों को मिस्त्र की संस्कृति से रूबरू करा रही है।

# सूरजकुंड में आकर हरियाणा अपणा घर नहीं देखा तो कुछ नहीं देखा

## हरियाणवी प्राचीन संस्कृति और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोए हुए है हरियाणा अपणा घर

**भेदी नज़र, फरीदाबाद**

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की खूबसूरत वादियों में बसा सूरजकुंड इन दिनों सुर्खियों में है। वजह है यहां लोकल फॉर ग्लोबल-आत्मनिर्भर भारत की पहचान थीम के साथ आयोजित किया जा रहा 39वां सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला।

सूरजकुंड मेला में बनाया गया हरियाणा अपना घर पवेलियन हरियाणवी प्राचीन संस्कृति और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोए हुए है और सहज ही पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। साथ ही लोगों को स्वदेशी अपनाओ और वोकल फॉर लोकल का भी संदेश दे रहा है। सूरजकुंड मेला में आने वाले लोग अपना घर को देखने के बाद यही कह रहे हैं कि सूरजकुंड में आकर हरियाणा अपणा घर नहीं देखा तो कुछ नहीं देखा। सूरजकुंड, जो अब तक अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले और प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता था, अब शहरी भागदौड़ से दूर सुकून की तलाश करने वालों के




लिए नई पहचान बन रहा है। इसी कड़ी में हरियाणवी संस्कृति थीम पर हरियाणा अपणा घर हरियाणवी संस्कृति, पारंपरिक वास्तुकला और आत्मीय आतिथ्य सत्कार का अनूठा उदाहरण पेश कर रहा है।

लोग बताते हैं कि अपना घर में हर चीज में अपनापन महसूस होता है, जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। हरियाणा अपणा घर का उद्देश्य लोगों को हरियाणवी संस्कृति और परंपरा से जोडऩा है। यहां पर हरियाणा की शान मानी जाने वाली पगड़ी पर्यटकों को खूब आकर्षित कर रही है और लोग बढ़चढकर पगड़ी बंधवाकर अपने आप को गौरवांवित महसूस कर रहे हैं। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विरासत की ओर से हरियाणा अपणा घर को हरियाणवी लोक पारम्परिक स्वरूप में तैयार किया गया है। हरियाणा अपणा घर के बाहर हरियाणवी पगड़ी का पंडाल पगड़ी बंधाओ, फोटो खिंचाओ पर्यटकों को अपनी ओर लुभा रहा है।

हरियाणा अपणा घर में पर्यटकों के लिए रोचक प्वाइंट सेल्फी के लिए लोकप्रियता हासिल कर रहे हैं। पर्यटकों के लिए सांझी विशेष रूप से आकर्षण का केन्द्र बन रही हैं। महिलाएं हरियाणा अपणा घर में रखी हुई चक्की को चला-चलाकर अतीत की यादों को संजोकर सेल्फी के माध्यम से कैमरे में कैद कर रही हैं। इसके साथ अनाज कूटने के लिए रखा गया ओखल एवं मूसल भी शहरी महिलाओं के लिए सेल्फी प्वाइंट के रूप में खूब लोकप्रियता हासिल कर रहा है। इसके साथ ही विरासत-ए-हेरिटेज हरियाणा में प्रदर्शित किए गए हरियाणा का लोक पारंपरिक क्राफ्ट भी पर्यटकों के लिए सेल्फी प्वाइंट के रूप में लोकप्रिय हो रहा है।

## अखिल भारतीय मानव कल्याण ट्रस्ट ने किया कपड़ों का दान



**मोहरपाल सिंह, भेदी नज़र, फरीदाबाद।** अखिल भारतीय मानव कल्याण ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ एमपी सिंह ने ठिठुरती सर्दी को देखते हुए आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के घर पर जाकर गर्म कपड़े पेंट कमीज टी-शर्ट स्वेटर वितरित किए वह प्रतिवर्ष 50 दिव्यांग बेघर बेसहारा असहाय लोगों को कपड़े पहना कर अपने जीवन को कामयाब बनाते हैं तथा मानवता का परिचय देते हैं हम सभी को अपने जन्मदिन मैरिज एनिवर्सरी पर ऐसे लोगों के बारे में सूचना चाहिए और भूखे को भोजन और निर्वस्त्र को वस्त्र पहनाना चाहिए जिनके पैरों में चप्पल नहीं है चप्पल देनी चाहिए इस अवसर पर संस्था के संस्थापक हिरदेश कुमार एवं अन्य पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## सूरजकुंड मेले में छाया हरियाणवी पगड़ी का जादू

**भेदी नज़र, फरीदाबाद।** सूरजकुंड में आयोजित किए जा रहे 39वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले में हरियाणवी पगड़ी का जादू लोगों के सिर चढकर बोल रहा है। सूरजकुंड की विरासत सांस्कृतिक प्रदर्शनी में हरियाणवी पगड़ी पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण बनकर उभरी है। हरियाणा अपना घर परिसर में विरासत द्वारा चलाए जा रहे पगड़ी बंधाओ- फोटो खिंचवाओ अभियान ने सभी आयु वर्ग के दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित किया है। यहां आने वाले पर्यटक पारंपरिक पगड़ी पहनकर फोटो और सेल्फी ले रहे हैं तथा हरियाणवी संस्कृति का अनूठा अनुभव प्राप्त कर रहे हैं। मेले में हरियाणवी पगड़ी तेजी से लोकप्रिय हो रही है।

## सूरजकुंड मेले में पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे नारियल के घोंसले

**भेदी नज़र, फरीदाबाद**

सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प महोत्सव में इस बार प्रकृति और कला का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। मेले में नारियल के रेशों से बने आकर्षक घोंसले, कलाकृतियां और हस्तशिल्प उत्पाद मुख्य आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

पंचकुला से आए शिल्पकार अमर सिंह द्वारा स्टॉल नंबर 196 पर नारियल के रेशों और खोल से तैयार घोंसले लाए गए है। ये पर्यावरण-अनुकूल घोंसले पर्यटकों द्वारा काफी पसंद किए जा रहे हैं। मेले में देश भर से आए सैलानी इन इको-फ्रेंडली नारियल उत्पादों की खूब खरीदारी कर रहे हैं। स्टॉल संचालक और शिल्पकार अमर सिंह ने बताया कि वे लंबे समय से सूरजकुंड मेले का हिस्सा बन रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के अंतरराष्ट्रीय मंच शिल्पकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का अवसर प्रदान करते हैं।

ये आयोजन आत्मनिर्भर भारत के सपने को हकीकत में बदलने की दिशा में एक बड़ा कदम हैं। शिल्पकार अमर सिंह ने बताया कि नारियल के खोल का उपयोग कर बनाए गए ये घोंसले न केवल सजावटी हैं, बल्कि चिड़ियों के लिए एक सुरक्षित घर भी हैं। विशेष रूप से पक्षियों के लिए बनाए गए ये घोंसले शहरी क्षेत्रों में प्रकृति प्रेमियों की पहली पसंद बने हुए हैं। नारियल के खोल से बने ये घोंसले सजावट के साथ-साथ चिड़ियों के लिए एक सुरक्षित और प्राकृतिक घर भी प्रदान करते हैं।

# समय रहते पहचान और उन्नत एंडोस्कोपी से पेट के कैंसर को टाला

**रामरतन नर्वत, भेदी नज़र**

**फरीदाबाद।** यथार्थ सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, सेक्टर-88, फरीदाबाद के डॉक्टरों ने पेट की एक उच्च-जोखिम वाली प्री-कैंसर स्थिति से पीड़ित 72 वर्षीय बुजुर्ग मरीज का सफलतापूर्वक इलाज किया। यह उपलब्धि अस्पताल की प्रिवेंटिव ऑन्कोलॉजी (रोकथाम आधारित कैंसर उपचार) और अत्याधुनिक, मिनिमली इनवेसिव चिकित्सा सेवाओं के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

मरीज लंबे समय से पेट दर्द, भूख न लगना और पेट फूलने की शिकायत लेकर गैस्ट्रोएंटरोलॉजी ओपीडी में पहुंचे थे। लक्षणों की पुरानी प्रकृति और किसी गंभीर



जठरांत्र रोग की आशंका को देखते हुए डॉक्टरों ने विस्तृत जांच की सलाह दी। इसके तहत अपर गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल एंडोस्कोपी की गई

इस बारे में जानकारी देते हुए डॉक्टर ध्रुव कांत मिश्रा ने बताया, ह्लमरीज के पेट से ली गई बायोप्सी में इंटेस्टाइनल मेटाप्लेसिया पाया गया, जो एक प्री-कैंसर स्थिति है, जिसमें पेट की परत में असामान्य बदलाव हो जाते हैं। यदि इसका इलाज न किया जाए, तो यह तेजी से पेट के कैंसर में बदल सकता है। हालांकि, समय रहते पहचान होने पर सही इलाज से इसे पूरी तरह नियंत्रित किया जा सकता है। गैस्ट्रोएंटरोलॉजी टीम और मरीज के परिजनों से चर्चा के बाद हमने एक उन्नत और मिनिमली इनवेसिव प्रक्रिया – एंडोस्कोपिक म्यूकोसल रिसेक्शन (एटफ) को आर्गन प्लाज्मा कोएगुलेशन (अढउ) के साथ करने का निर्णय लिया। यह डे-केयर प्रक्रिया थी, जिसमें बिना किसी चीरे या टांके के असामान्य टिशू को सटीक तरीके से हटाया गया। मरीज को न तो दर्द हुआ और न ही कोई असुविधा, और उन्हें उसी दिन कैंसर-मुक्त अवस्था में छुट्टी दे दी गई।

## सूरजकुंड मेले में थीम स्टेट उत्तर प्रदेश की दिख रही हैं सांस्कृतिक छटा



**वंदना, भेदी नजर, फरीदाबाद।** हरियाणा के पर्यटन विभाग के सौजन्य से आयोजित 39वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प मेले में इस वर्ष 'थीम स्टेट' उत्तर प्रदेश का पवेलियन आकर्षण का मुख्य केंद्र बना हुआ है। उत्तर प्रदेश पवेलियन के माध्यम से राज्य की समृद्ध कला, संस्कृति और पारंपरिक रहन-सहन की शैलियों को बेहद खूबसूरती से दशार्या गया है। शिल्पकारों की अद्भुत कलाकारी का आलम यह है कि विदेशी मेहमान भी इन साड़ियों के मुरीद बन रहे हैं। स्टॉल्स पर सुबह से ही महिलाओं की भीड़ लग रही है और वे जमकर खरीदारी कर रही हैं। बनारस के शिल्पकार मोहम्मद आसिफ ने मेले में बेहतर व्यवस्था के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी व पर्यटन मंत्री डा. अरविंद कुमार शर्मा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हरियाणा सरकार द्वारा सूरजकुंड मेले में शिल्पकारों के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है।

## पत्नी ने प्रेमी साथ मिलकर की थी पति की हत्या, दोनों गिरफ्तार, क्राईम ब्रांच की कार्रवाई: पुलिस प्रवक्ता

**सुनील कुमार जांगड़ा, भेदी नजर**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा अपराधियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। मेवला महाराजपुर क्षेत्र के अंतर्गत 30 नवंबर 2025 को पत्नी द्वारा अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर फेंकने के मामले में क्राईम ब्रांच डी एल एफ की टीम ने आरोपिता पत्नी कविता (29) (काल्पनिक नाम) वासी जिला गोड्डा झारखंड व रियाउल(30) वासी गाँव मोडूपुर जिला मालदा पश्चिम बंगाल हाल गांव मेवला महाराजपुर फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है।



पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 18 जनवरी को सन्नी वासी जिला गोड्डा झारखण्ड ने पुलिस चौकी सेकटर 46 मे अपने भाई सुमन के गुमशुदा बारे शिकायत दी थी। जिस पर थाना सुरजकुण्ड में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। उन्होंने आगे बताया कि अनुसंधान के दौरान सन्नी ने अपने भाई की पत्नी व उसके प्रेमी के संबंधों के बारे मे शक जाहिर किया था। जिस पर पूछताछ के दौरान मामले का खुलासा हुआ।

पूछताछ में सामने आया कि मृतक सुमन को उसकी पत्नी व आरोपी रियाउल के अवैध संबंधो के बारे में पता लग गया था। जिस पर उन्होंने सुमन को रास्ते से हटाने की योजना बनाई और 30 नवंबर 2025 को दोनों ने साथ मिलकर रेलवे ट्रैक के पास सुमन के सिर मे पत्थर मारकर उसकी हत्या कर दी तथा अपराध व शव की पहचान छुपाने के लिये मृतक का चहरा रेलवे ट्रैक पर रख दिया ताकि पहचान ना हो पाये। घटना के बाद बाद मृतक की पत्नी झारखंड चली गई। जिनको अदालत में पेश कर चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## सूरजकुंड मेले में पर्यटकों का ध्यान खींच रहे उत्तर प्रदेश और मेघालय पवेलियन

**भेदी नजर, फरीदाबाद**

सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला अपनी सांस्कृतिक विविधता और पारंपरिक कला के लिए देश-विदेश में प्रसिद्ध है। विश्वविख्यात सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प मेले में इस वर्ष थीम स्टेट उत्तर प्रदेश और मेघालय पवेलियन विशेष रूप से पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

पवेलियन में दोनों राज्यों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, हस्तशिल्प, खानपान और लोक कलाओं की झलक देखने को मिल रही है, जिससे बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंच रहे हैं। उत्तर प्रदेश पवेलियन को पारंपरिक स्थापत्य शैली में सजाया गया है, जहां प्रवेश करते ही आगंतुकों को प्रदेश की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक पहचान का अनुभव होता है। पवेलियन में अयोध्या द्वार, काशी



द्वार सहित अन्य द्वार, बनारसी साडिय़ा, सहारनपुर की लकड़ी की नक्काशी और भदोही के कालीन जैसे प्रसिद्ध उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं। स्टॉल पर मौजूद हस्तनिर्मित वस्तुओं को देखने और खरीदने के लिए पर्यटकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इसके अलावा, पवेलियन में उत्तर प्रदेश के पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद भी लोगों को खूब लुभा रहा है। आगंतुक यहां स्थानीय पकवानों का आनंद ले रहे हैं। सांस्कृतिक मंच पर समय-समय पर लोकनृत्य और संगीत प्रस्तुतियां आयोजित की जा रही हैं, जो प्रदेश की लोक परंपराओं को जीवंत बना रही हैं।

## पर्यटकों पर अपनी कला की छाप छोड़ रहे हैं मेघालय के शिल्पकार

**भेदी नजर, फरीदाबाद।** सूरजकुंड में आयोजित हो रहे 39वें अंतर्राष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प मेले में थीम स्टेट के रूप में आमंत्रित मेघालय राज्य के शिल्पकार यहां आने वाले पर्यटकों ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। शिल्प मेला के तीसरे दिन सोमवार को मेघालय की बांस और बेंत की टोकरियाँ, चटाइयाँ, मोमबत्तियाँ और बेंत के फर्नीचर की लगाई गई चार दर्जन स्टालों पर पर्यटकों की खासी चहल कदमी रही। वहीं दूसरी तरफ स्टाल लगाने वाले मेघालय के शिल्पकारों ने उनको अपने हुनर का अंतर राष्ट्रीय पटल पर प्रदर्शन करने का अवसर देने के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह और विरासत एवं पर्यटन विभाग के मंत्री अरविंद शर्मा का आभार जताया है। उल्लेखनीय है कि 31 जनवरी से शुरू हुए सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प मेले में देशभर के विभिन्न राज्यों के अलावा 50 से अधिक देश प्रतिभागी बने हैं।

## हिमाचल नाबार्ड मेले में अपने पारंपरिक और औषधीय उत्पाद कर रहा प्रदर्शित

**भेदी नज़र, फरीदाबाद।** 39वें अंतर्राष्ट्रीय आत्मनिर्भर सूरजकुंड शिल्प मेले में नाबार्ड द्वारा शिल्पकारों और कारीगरों को अपने उत्पादों और हुनर को प्रदर्शित करने का अवसर दिया जा रहा है। इस वर्ष नाबार्ड को स्टाल नंबर 700 से 730 तक आवंटित किए गए हैं, जहां देश के विभिन्न राज्यों से आए शिल्पकार अपने पारंपरिक उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे हैं। जिन पर देश व प्रदेश के पर्यटक खरीददारी कर रहे है। उन्होंने बताया कि उनके उत्पाद बाजार दर की तुलना में बेहतर गुणवत्ता के साथ सस्ते उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मनोज कुमार ने बताया कि सूरजकुंड मेला न केवल शिल्पकारों को अपनी कला और उत्पादों को प्रदर्शित करने का मंच प्रदान कर रहा है, बल्कि ग्रामीण और पारंपरिक कारीगरों की आर्थिक मजबूती और आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा दे रहा है।

## छात्र से मारपीट व सुआ से हमला मामले में पुलिस चौकी टीम ने किया गिरफ्तार



**वंदना, भेदी नज़र, फरीदाबाद।** पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चावला कालोनी वासी एक व्यक्ति ने पुलिस चौकी चावला कालोनी में दी अपनी शिकायत में बताया कि 25 जनवरी को वह अपने घर पर था तभी एक गाडी में 5/6 लडके आये और उसे घर से निकालकर रोड पर पटक कर सुआ व डंडो से हमला कर वहां से फरार हो गये। जिस संबंध में थाना शहर बल्लबगढ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होने आगे बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुये पुलिस चौकी चावला कालोनी की टीम ने आरोपित विनय(21) वासी गांव डीग फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि एक अन्य आरोपी टींकू उर्फ लाला वासी गांव डीग की पीडित के साथ फोन पर कहासुनी हुई थी जिस पर पीडित को सबक सिखाने के लिये आरोपीगण 25 जनवरी को पीडित के घर गाडी व मोटरसाइकिल लेकर पहुंचे फिर पीडित को जबरदस्ती उठाकर गाडी में बैठाने लगे इस दौरान आरोपी विनय ने पीडित पर सुआ से वार किया। आरोपी को माननीय न्यायलय में पेश कर जेल भेजा गया है। वारदात में प्रयोग गाडी को बरामद कर लिया गया है। अन्य आरोपितों की पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है।

# पर्यटन को पंख म्हारी नायब सरकार लगारी सै, सूरजकुंड का मेला ना देख्या तो क्या देख्या गीतों पर झूमे दर्शक

## सूरजकुंड मेले की मुख्य चौपाल पर गूंजे लोक गायक आजाद मंडोरी के हरियाणवी सुर, दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

**दीक्षा शर्मा, भेदी नज़र**

**फरीदाबाद।** हरियाणा के फरीदाबाद स्थित सूरजकुंड में आयोजित 39वें इंटरनेशनल आत्मनिर्भर क्राफ्ट फेस्टिवल में सोमवार को मुख्य चौपाल पर हरियाणा के प्रसिद्ध लोक गायक आजाद मंडोरी ने अपनी सुमधुर हरियाणवी प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया। लोक संगीत के रंग में रंगी मुख्य चौपाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठी।

लोक गायक आजाद मंडोरी ने सूरजकुंड मेले पर आधारित थीम सॉन्ग सूरजकुंड का मेला ना देख्या तो के देख्या की प्रस्तुति दी। जैसे ही गीत के बोल गूंजे, दर्शकों ने तालियां बजाकर कलाकार का उत्साहवर्धन किया। इसके बाद उन्होंने एक के बाद एक शानदार गीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम



के दौरान जब आजाद मंडोरी ने पर्यटन को पंख म्हारी नायब सरकार लगारी सै गीत की शुरूआत की, तो पूरे पंडाल में उत्साह का माहौल बन गया। दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं और हरियाणवी लोक संस्कृति से जुड़े गीतों पर झूमते नजर आए।

लोकगायक ने अपने गीतों के माध्यम से यह संदेश दिया कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार पर्यटन, कला और संस्कृति को निरंतर बढ़ावा दे रही है। उन्होंने सूरजकुंड मेले के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए थीम सॉन्ग के लिए हरियाणा के पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा का आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने अपने संबोधन और गीतों के जरिए शिल्पकारों को इस मेले का असली नायक बताते हुए कहा कि सूरजकुंड मेला शिल्पकारों की मेहनत और हुनर को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने का सशक्त मंच है। यहां आने वाले पर्यटकों को हर स्टॉल पर शिल्पकारों की लगन और कला की झलक साफ दिखाई देती है।

उल्लेखनीय है कि 15 फरवरी तक चलने वाले इस 39वें अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प मेले का उद्घाटन तीन दिन पूर्व महामहिम उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की गरिमामयी उपस्थिति में किया था। यह मेला न केवल भारतीय बल्कि विदेशी शिल्प और संस्कृति को भी एक मंच पर प्रस्तुत कर रहा है। उन्होंने कृष्ण मुरारी म्हारी वेदना नै मेट भजन गीत की प्रस्तुति दी। मुख्य चौपाल पर उत्तर प्रदेश के कलाकारों ने मुख्य कलाकार कृष्ण शर्मा की पार्टी ने मोर कुटी नृत्य पर शानदार प्रस्तुति देकर भगवान श्री कृष्ण की महिमा का बखान किया। इसके अलावा गुरु करिना फासो, कुमरोज, घाना आदि पश्चिमी अफ्रीकी देशों के कलाकारों ने अपनी कलाओं व संस्कृति पर आधारित गीतों की प्रस्तुतियां दी।

## गरीब जरूरतमंद स्कूली बच्चों को गर्म जर्सी वितरित की

**भेदी नज़र, फरीदाबाद**

सराय ख्वाजा के राजकीय आर्दश वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्कूल के ही पूर्व छात्र रहे जिला शिकायत निवारण समिति सदस्य एवं सीएम विडों ऐमिनेट पर्सन देवेन्द्र अग्रवाल (देबू भाई) ने लगभग 251 गरीब जरूरतमंद बच्चों को गर्म जर्सी वितरित की। इस मौके पर बुद्व प्रकाश तायल, दिनेश जी, कालू सेठ, शिव कुमार गर्ग, सचिन मंगला, सुशील यादव, मुकेश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, जितेन्द्र गर्ग, संजीव कंसल,प्रधानाचार्य कैलाश व अध्यपिका रजनी भी उपस्थित थे।

इस मौके पर देवेन्द्र अग्रवाल ने अपने स्कूल के पुराने दिनों को याद करते हुए बताया कि स्कुल के पुराने दिन बुहत सही थे। दिलवाले दोस्त थे और गुरूजनों को सम्मान दिया जाता था। लेकिन आज नौजवान पीढ़ी को अच्छे संस्कार देने की निहायत जरूरत है। आज समाज और हमारे परिवार बंटते जा रहे है जिसके कारण बच्चों पर सीधा असर नजर आने लगा है।

पहले जहां बच्चे हर चीज को आपस में सांझा करते थे परन्तु आज स्थिति यह आ गई है कि परिवार में दो बच्चे पर सभी को अलग अलग वस्तु हाथ में थमा दी जाती है जबकि परंपरा अनुसार एक वस्तु को सांझा करने की आदत बच्चों में डालनी चाहिए। इससे बच्चों में अच्छे संस्कार पैदा होते है। उन्होनें कहा कि आज हमारी स्कूली शिक्षा का रूप बिगड़ता जा रहा है। वह नीरज,उबाऊ और बोझिल होती जा रही है। जरूरत है बच्चों को शिक्षा आनंददायी तरीके से मिले। यह तभी संभव होगा जब हमारी अध्यापक बच्चों को वैकल्पिक तरीके से पढ़ाएं। इसमें स्वंय अध्यापकों को रचनात्मक बनना पड़ेगा और नए नए विकल्प खोजनें पडगें।

# जनसेवा तभी संभव जब जनप्रतिनिधि शारीरिक रूप से हों स्वस्थ: विजेन्द्र गुप्ता

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**

दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा है कि स्वस्थ जनप्रतिनिधि ही सशक्त संस्थानों की नींव होते हैं और बेहतर जनसेवा सुनिश्चित करते हैं।

गुप्ता ने सोमवार को संत परमानंद अस्पताल में दिल्ली विधानसभा के वर्तमान विधायकों के लिए वार्षिक स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। यह स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम सोमवार (02 फरवरी) से शुरू होकर 14 फरवरी तक चलेगा और इसे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार की वर्तमान स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है।



उन्होंने बताया कि यह पहल दिल्ली विधानसभा के सभी सदस्यों के साथ संवाद और सहमति के माध्यम से एक नई शुरूआत के रूप में आरंभ की गई है। उन्होंने कहा कि आज से औपचारिक रूप से वार्षिक स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है जिसके अंतर्गत प्रतिदिन पांच विधायक अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराएंगे। उन्होंने इस पहल को एक सकारात्मक कदम बताते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों को निरंतर जनता के बीच सक्रिय रहना पड़ता है, ऐसे में उनके लिए नियमित स्वास्थ्य परीक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रभावी जनसेवा तभी संभव है जब जनप्रतिनिधि शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से सक्षम और भावनात्मक रूप से सकारात्मक हों।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह कार्यक्रम दो सप्ताह तक चलेगा और प्रतिदिन पाँच विधायक उत्साहपूर्वक इसमें भाग लेंगे। उन्होंने विशेष रूप से 40 वर्ष की आयु के बाद नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इस आयु वर्ग में निवारक स्वास्थ्य देखभाल और भी अधिक आवश्यक हो जाती है।

गुप्ता ने कहा कि दिल्ली विधानसभा में प्रारंभ किया गया यह स्वास्थ्य परीक्षण जागरूकता अभियान एक अनूठी पहल है। उन्होंने हाल ही में लखनऊ में आयोजित अखिल भारतीय विधानसभा अध्यक्ष सम्मेलन का उल्लेख करते हुए बताया कि वहाँ इस विषय पर चर्चा हुई थी तथा दिल्ली विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट ने इस पहल की प्रस्तुति दी थी। उन्होंने कहा कि कई राज्यों की विधानसभाओं के अध्यक्षों ने दिल्ली मॉडल में गहरी रुचि दिखाई और कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दिल्ली विधानसभा द्वारा की गई यह पहल देश की अन्य राज्य विधानसभाओं द्वारा भी अपनाई जाएगी। उन्होंने अन्य विधानसभाओं के अध्यक्षों से अपील की कि वे भी अपने-अपने राज्यों में निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम प्रारंभ करें, ताकि वे अधिक ऊर्जा, सामर्थ्य और प्रभावशीलता के साथ जनसेवा कर सकें।

# सुप्रीम कोर्ट को सरकार का स्पष्टीकरण 2025-26 सत्र में नहीं लागू होगा

**नई दिल्ली,(वेब वार्ता)।**



दिल्ली में प्राइवेट स्कूलों की फीस नियंत्रित करने वाले नए कानून पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई है। दिल्ली सरकार ने कोर्ट को बताया कि दिल्ली स्कूल एजुकेशन (ट्रांसपेरेंसी इन फिक्सेशन एंड रेगुलेशन ऑफ फीस) एक्ट, 2025 को वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2025-26 में लागू नहीं किया जाएगा। यह कानून अब अगले शैक्षणिक सत्र 2026-27 से लागू होगा।

शिक्षा निदेशालय की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू ने यह जानकारी दी। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने कानून को शैक्षणिक सत्र के बीच में जल्दबाजी से लागू करने पर सवाल उठाए थे। कोर्ट ने कहा था कि ऐसा करने से स्कूलों और अभिभावकों को परेशानी हो सकती है और यह व्यावहारिक नहीं होगा। जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा की पीठ ने माना कि कानून का उद्देश्य अच्छा है। लेकिन, इसे सही समय पर लागू करना जरूरी है। सरकार के इस फैसले के बाद कोर्ट ने कहा कि अब इस पर दखल देने की जरूरत नहीं है, क्योंकि सरकार ने समझदारी दिखाई है।

यह कानून प्राइवेट स्कूलों में फीस की मनमानी बढ़ोतरी रोकने के लिए बनाया गया है। इसके तहत हर स्कूल को फीस तय करने के लिए एक स्कूल लेवल कमेटी बनानी होगी। इस कमेटी में स्कूल प्रबंधन का प्रतिनिधि, प्रधानाचार्य, तीन शिक्षक, पांच अभिभावक और शिक्षा निदेशालय का एक प्रतिनिधि शामिल होगा।

कमेटी फीस के प्रस्ताव पर विचार करेगी और पारदर्शिता सुनिश्चित करेगी। इसके अलावा जिला स्तर पर अपील कमेटी भी होगी। कानून कैपिटेशन फीस वसूलने पर रोक लगाता है और अतिरिक्त शुल्क पर भी नियंत्रण रखता है।

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि कानून की वैधता से जुड़ा मामला दिल्ली हाई कोर्ट में लंबित है। अब आगे की सुनवाई और फैसला हाई कोर्ट ही करेगा।

# पटियाला हाउस कोर्ट ने गगनप्रीत को चार्जशीट की कॉपी सौंपी




**नई दिल्ली,(वेब वार्ता)।**

दिल्ली के धौलाकुआं बीएमडब्ल्यू दुर्घटना मामले में पटियाला हाउस कोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने आरोपी गगनप्रीत कौर को चार्जशीट की कॉपी उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। आरोपी गगनप्रीत कौर सोमवार को कोर्ट में पेश हुईं, जहां उन्होंने यह आदेश प्राप्त किया। कोर्ट ने यह निर्देश देते हुए अगली सुनवाई की तारीख 20 फरवरी तय की है। इस तारीख को चार्जशीट की विस्तृत जांच यानी स्क्रूटनी की जाएगी।

यह मामला पिछले साल 14 सितंबर 2025 को दिल्ली के धौला कुआं इलाके में हुई एक भीषण सड़क दुर्घटना से जुड़ा है। उस दिन वित्त मंत्रालय में उप सचिव पद पर तैनात 52 वर्षीय नवजोत सिंह अपनी पत्नी संदीप कौर के साथ मोटरसाइकिल पर सवार थे। धौलाकुआं मेट्रो स्टेशन के पास गगनप्रीत कौर द्वारा चलाई जा रही बीएमडब्ल्यू कार ने तेज रफ्तार में उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस हादसे में नवजोत सिंह को गंभीर चोटें आईं और उनकी मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी सहित अन्य लोग भी घायल हुए थे।

दिल्ली पुलिस ने इस मामले में गगनप्रीत कौर के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। चार्जशीट में भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 (जो हत्या के समकक्ष गैर-इरादतन हत्या से संबंधित है) के अलावा धारा 281, 125बी और 238ए के तहत आरोप लगाए गए हैं।

## हत्या के मामले में फरार आरोपी आठ साल बाद धरा

**नई दिल्ली,(वेब वार्ता)।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने आठ साल पुराने हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने वर्ष 2018 में न्यू सीमा पुरी इलाके में चोरी के दौरान घर मालिक की गला घोंटकर हत्या कर दी थी और तभी से पुलिस की पकड़ से बाहर था। क्राइम ब्रांच के अनुसार 30 अक्तूबर 2018 की रात आरोपी अपने साथियों के साथ चोरी के इरादे से जबरन एक मकान में घुसा था। चोरी के दौरान घर का मालिक संजय जाग गया, जिसके बाद आरोपी और उसके साथियों ने पकड़े जाने के डर से संजय का गला घोंट दिया और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के अन्य साथियों को गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन मुख्य आरोपी लगातार ठिकाने बदलता रहा।

# निजी अस्पतालों की 'लूट' पर राज्यसभा में गरजीं स्वाति मालीवाल

## 'इलाज नहीं, यहां सिर्फ बिलिंग चल रही है'

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**

देश में निजी अस्पतालों की मनमानी और स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर हो रही 'व्यावसायिक लूट' का मुद्दा आज संसद में गूंजा। दिल्ली से राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने शून्यकाल के दौरान निजी अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच चल रहे कथित गठजोड़ पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने सरकार से मांग की कि 'क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट' को पूरे देश में अनिवार्य रूप से लागू किया जाए ताकि मरीजों को राजस्व का साधन समझने की मानसिकता पर लगाम लग सके।



सदन को संबोधित करते हुए स्वाति मालीवाल ने कहा कि आज निजी अस्पताल सेवा केंद्र के बजाय फाइव स्टार होटल बन गए हैं। उन्होंने तीखा तंज कसते हुए कहा, ₹अस्पतालों में डीलक्स, प्रीमियम और सुइट जैसे कमरों का किराया बड़े होटलों से भी अधिक वसूला जा रहा है। विडंबना यह है कि जब कोई मरीज आपात स्थिति में पहुंचता है, तो डॉक्टर उसकी नब्ज टटोलने से पहले यह पूछते हैं कि बीमा है या नहीं और जेब में पैसे कितने हैं।

## मंडोली जेल से रची गई टारगेट किलिंग की साजिश नाकाम

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गैंगस्टर इरफान उर्फ छेनू पहलवान द्वारा मंडोली जेल से रची गई टारगेट किलिंग की साजिश को समय रहते नाकाम कर दिया। पुलिस ने छेनू पहलवान समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर एक बड़े अपराध को अंजाम दिए जाने से पहले ही रोक दिया। आरोपी एक अहम गवाह की हत्या की योजना बना रहे थे। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल और 10 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। स्पेशल सेल के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर शास्त्री पार्क इलाके में जेपीसी अस्पताल के पास छापेमारी कर चौहान बांगर निवासी 22 वर्षीय अदीब को गिरफ्तार किया गया।

## एआई सम्मेलन को लेकर निगम ने सफाई के निर्देश दिए

**नई दिल्ली,(वेब वार्ता)।** दिल्ली में 16 से 20 फरवरी तक आयोजित होने वाले कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) वैश्विक शिखर सम्मेलन को लेकर सोमवार को दिल्ली नगर निगम की टीमों ने विभिन्न स्थानों पर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। नजफगढ़ जोन के उपायुक्त सुमित कुमार ने निगम अधिकारियों के साथ आईजीआई एयरपोर्ट, महिपालपुर वार्ड का निरीक्षण किया। इसमें निगम की स्थायी समिति के सदस्य व महिपालपुर के पार्षद इंद्रजीत सेहरावत, एनएचएआई की टीम व क्षेत्रीय विभागों के अधिकारी शामिल हुए। उपायुक्त सुमित कुमार ने बताया कि एआई वैश्विक शिखर सम्मेलन को लेकर कई प्रमुख स्थानों की सफाई व्यवस्था, सार्वजनिक शौचालयों के 24 घंटे रखरखाव, सुविधाओं की मरम्मत और रंगाई, सड़क सौंदर्यीकरण कार्यों के निर्देश दिए।

# जाम ने लोगों को किया परेशान कार्यालय पहुंचने में हुई देरी

## ज्यादातर मार्गों पर अव्यवस्था की वजह से यातायात बाधित हुआ

**नई दिल्ली,(वेब वार्ता)।**

दिल्ली में सोमवार को कई मार्गों पर भीषण जाम लगा। सुबह के वक्त जाम में फंसने से लोग अपने कार्यालयों में देरी से पहुंचे। ज्यादातर मार्गों पर अव्यवस्था की वजह से यह स्थिति बनी। एमबी रोड और वजीराबाद रोड पर निर्माण व विकास कार्यों की वजह से यातायात व्यवस्था बिगड़ी रही। पश्चिम दिल्ली में लोहा मंडी फ्लाईओवर पर लोग जाम से जूझे। इस रोड पर लोगों ने अवैध पार्किंग की हुई थी, जिसकी वजह से यह स्थिति बनी।

राहगीर विकास के मुताबिक इस फ्लाईओवर पर रोज अवैध पार्किंग से यातायात बाधित होता है, लेकिन इस पर लगाम नहीं कसी जा रही। सुबह के वक्त जनकपुरी सिग्नल और विकास पुरी फ्लाईओवर पर भी लोगों का जाम से सामना हुआ। बुराड़ी मुख्य 100 फुट रोड और बुराड़ी चौक पर भी भयंकर जाम लगा रहा। कालिंदी कुंज रोड पर रोजाना की तरह जाम में फंसने पर लोगों ने सोशल मीडिया पर गुस्सा जाहिर किया। लोगों ने यातायात पुलिस के लिए लिखे पोस्ट में गुहार लगाई कि यहां पर यातायात प्रबंधन के लिए नियमित रूप से पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाए। खानपुर टी-पॉइंट से हमदर्द टी-पॉइंट के बीच दोनों तरफ यातायात की स्थिति बिगड़ी रही। पहले से इस कार्य की सूचना लोगों को नहीं थी। हालात बिगड़ने पर दोपहर में यातायात पुलिस ने अपने एक्स हैंडल पर लोगों को वैकल्पिक मार्ग से जाने की सलाह दी।

## एकेडमिक सेशन 2026-27 से लागू होगा प्राइवेट स्कूलों की फीस से जुड़ा कानून

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।** दिल्ली के प्राइवेट स्कूलों की फीस को रेगुलेट करने वाला कानून इस साल से लागू नहीं किया जाएगा। दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को इसकी जानकारी दी। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से प्राइवेट स्कूलों की फीस तय करने वाले अपने कानून को अप्रैल 2026 तक टालने पर विचार करने को कहा था। दिल्ली सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि प्राइवेट स्कूलों की फीस को रेगुलेट करने वाला कानून मौजूदा साल से लागू नहीं किया जाएगा। सरकार ने सुप्रीम कोर्टको बताया कि इसे एकेडमिक सेशन 2026-27 से लागू किया जाएगा।

# राष्ट्रीय मांग दिवस पर देशभर में रेल कर्मियों ने जमकर किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**

ऑल इंडिया रेलवे मेन्स फेडरेशन (एआईआरएफ) की ओर से आज 2 फरवरी को पूरे देश में 'राष्ट्रीय मांग दिवस' मनाया गया। इस दौरान विभिन्न रेलवे मंडलों, डिवीजनों व शाखाओं में रेल कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन, गेट मीटिंग व धरना कार्यक्रम आयोजित कर अपनी लंबित मांगों को लेकर रेल मंत्रालय और केंद्र सरकार को चेतावनी दी। दिल्ली में नॉर्दर्न रेलवे के मुख्यालय बड़ौदा पर बड़ी संख्या में कर्मचारी एकत्र हुए और अपनी मांगों को लेकर आवाज उठाई।



एआईआरएफ के राष्ट्रीय महासचिव शिव गोपाल मिश्रा ने कहा कि भारतीय रेल को चलाने में रेल कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। हर वर्ष सैकड़ों कर्मचारी ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कई मांगें रेल मंत्रालय द्वारा स्वीकार किए जाने के बावजूद लागू नहीं की जा रही हैं, जबकि कुछ मामलों को जानबूझकर लंबित रखा है। उन्होंने बताया कि हाल ही में 22 जनवरी को लखनऊ में हुए फेडरेशन के अधिवेशन में कर्मचारियों में भारी नाराजगी देखी गई। सरकार को सीधा संदेश देने का निर्णय लिया गया।

# दिल्ली पुलिस की सतर्क पेट्रोलिंग से बड़ी सफलता, 3 मोबाइल जब्त




**नई दिल्ली,(वेब वार्ता)।**

दिल्ली पुलिस ने सतर्क पेट्रोलिंग से एक स्नैचर को छीने हुए मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया है। हालांकि, दो आरोपी मौके से भागने में कामयाब हो गए, लेकिन पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दिल्ली पुलिस ने सोमवार को एक प्रेस नोट जारी कर बताया कि सुरक्षा बढ़ाने के लिए हर पुलिस स्टेशन के तहत कई पेट्रोलिंग टीमें बनाई गई हैं। इन टीमों को अच्छे से ब्रीफ किया गया और उन्हें पूरी सतर्कता के साथ पेट्रोलिंग करने के लिए कहा गया, खासकर सुबह-सुबह, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखी जा सके। पेट्रोलिंग का मकसद सिर्फ अपराध रोकना नहीं है, बल्कि इलाके में सक्रिय अपराधियों पर लगातार नजर रखना भी है।

ऐसी ही एक पेट्रोलिंग के दौरान, 27 जनवरी को पीपी सिधिपुरा के कांस्टेबल प्रताप इलाके में रूटीन पेट्रोलिंग कर रहे थे। रानी झांसी रोड, मॉडल बस्ती रेड लाइट के पास, उन्होंने देखा कि एक मोटरसाइकिल कार से टकरा गई। जैसे ही पुलिस मौके पर पहुंचने लगी, तीनों बाइक सवार घबरा गए और भागने की कोशिश करने लगे।

कांस्टेबल प्रताप ने तुरंत उनका पीछा किया और त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों में से एक को पकड़ लिया, जबकि बाकी दो मोटरसाइकिल लेकर भागने में सफल रहे। पकड़े गए युवक की पहचान रितिक उर्फ कलवा, उम्र 22 साल, निवासी नबी करीम, पहाड़गंज, दिल्ली के रूप में हुई।

रितिक की तलाशी लेने पर उसके पास से तीन मोबाइल फोन बरामद हुए, जिससे उसके मोबाइल छीनने के मामलों में शामिल होने की पुष्टि हुई। पूछताछ में रितिक ने बताया कि वह अपने साथियों वसीम और सलीम के साथ मिलकर लगभग 10-12 दिन पहले आनंद पर्वत इलाके से एक ग्रे रंग की बजाज पल्सर मोटरसाइकिल चुराई थी।

# जेएनयू में हॉस्टल वार्डन को 48 घंटे के अंदर अवैध निर्माण हटाने के निर्देश

## वार्डन फ्लैट से अवैध निर्माण न हटाने पर पद से हटाने की होगी कार्रवाई

**नई दिल्ली,(वेब वार्ता)।**

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) प्रशासन ने सभी हॉस्टल वार्डन को 48 घंटे के अंदर अवैध निर्माण हटाने के संबंध में निर्देश दिए हैं। विश्वविद्यालय के नियमों का उल्लंघन करने पर वार्डन के पद से भी हटाया जाएगा।

इसको लेकर विश्वविद्यालय के डीन छात्र कार्यालय ने सोमवार को सर्कुलर जारी कर दिया। सर्कुलर के अनुसार ऐसे देखने को मिला है कि



कुछ हॉस्टल वार्डन विश्वविद्यालय के हॉस्टल परिसर के अंदर और आसपास अवैध निर्माण गतिविधियां अस्थायी और स्थायी तौर पर कर रहे है। विश्वविद्यालय ने समय-समय पर सभी कर्मचारियों को ऐसे कार्यों से बचने के निर्देश भी जारी किए। इस संबंध में पिछले वर्ष तीन दिसंबर को सर्कुलर भी जारी किया था उसके बावजूद अवैध निर्माण की सूचनाएं सामने आ रही है।

सभी वार्डन को निर्देश है कि वार्डन फ्लैट के अंदर और बाहर से कोई भी अवैध निर्माण 48 घंटे के भीतर हटाएं। विश्वविद्यालय के आवास आवंटन नियमों के अनुसार अवैध निर्माण पर पूरी तरह से रोक है। विश्वविद्यालय के नियमों का उल्लंघन करने पर वार्डन पद से हटाने की कार्रवाई भी की जाएगी।

## कुलवंत सिंह गुरुद्वारा रकाबगंज के सह-अध्यक्ष बने

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने कुलवंत सिंह को गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब का सह-अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह फैसला कमेटी के प्रधान हरमीत सिंह कालका और जनरल सेक्रेटरी जगदीप सिंह काहलों के नेतृत्व में लिया गया। कुलवंत सिंह पहले गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, रानी गार्डन के मुख्य सेवादार के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। वरिष्ठ सदस्य सुखविंदर सिंह बब्बर की मौजूदगी में कुलवंत सिंह ने पदभार संभाला।

# केंद्रीय बजट 2026-27 दिल्ली के लिए विकास और रोजगार का उत्कृष्ट रोडमैप: मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने केंद्रीय बजट 2026-27 को अगली पीढ़ी का बजट बताते हुए कहा कि यह बजट स्वास्थ्य, पर्यटन सहित सभी क्षेत्रों को रोजगार सृजन से जोड़ता है और दिल्ली के समग्र विकास की दिशा में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने केंद्रीय बजट 2026-27 को दिल्ली के लिए विकास और रोजगार का उत्कृष्ट रोडमैप बताया।




मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को दिल्ली सचिवालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि बजट संतुलित है और इसमें देश की महिलाओं और युवाओं सहित हर वर्ग को अवसर प्रदान किया गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में आया यह बजट आर्थिक मजबूती के साथ सामाजिक संतुलन का भी बेहतरीन उदाहरण है। उन्होंने वित्त मंत्री द्वारा बताए गए तीन कर्तव्यों की भी सराहना करते हुए कहा कि यह बजट युवाओं, महिलाओं और मध्यम वर्ग के लिए नए अवसर पैदा करेगा और भारत की प्रगति को नए आयाम तक ले जाएगा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह बजट तीन अहम जिम्मेदारियों पर आधारित है। पहली देश की आर्थिक गति को तेज करना और उसे स्थिर बनाए रखना। दूसरी, लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करते हुए उनकी क्षमताओं को बढ़ाना, ताकि हर नागरिक विकास का हिस्सा बन सके और तीसरी, ह्यसबका साथ, सबका विकास के विचार को जमीन पर उतारना।


**उत्तर मध्य रेलवे**

**कोच एम.एल.आर. कारखाना, झांसी**

**निविदा सूचना सं.:** T_25-26_Body_Repair/Notice **दिनांक:** 30.01.2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

कोच एम.एल.आर. कारखाना, झाँसी, उत्तर मध्य रेलवे द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदायें आंमत्रित की जाती हैं।

| | | |
|---|---|---|
| **निविदा संख्या:** T_25-26_Body_ Repair | **मात्रा:** एक कार्य | |
| **कार्य का विवरण:** आईसीएफ प्रकार के कोचों मे जंग की मरम्मत संबंधी गतिविधियाँ। | | |
| **निविदा मूल्य:** ₹ 3,72,87,590.46 (रूपये तीन करोड़ बहत्तर लाख सत्तासी हजार पाँच सौ नब्बे एवम छियालिस पैसे मात्र) | | |
| **बयाना राशि:** ₹ 3,36,400/- | **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 24 माह | **निविदा प्रपत्र मूल्य:** ₹ 0/- |

**नोट:- (1)** निविदा **दिनांक 28.02.2026** को **11:00 बजे** बंद होगी एवं भारतीय रेलवे की ई-टेण्डर बेवसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **(2)** निविदा की संपूर्ण जानकारी के लिये भारतीय रेलवे की ई-टेण्डर बेवसाइट **www.ireps.gov.in** को देखें। **(3)** ठेकेदार टेण्डर प्रपत्र को डाउनलोड करने के लिये एवं टेण्डर सूचना संबंधी किसी भी प्रकार के संशोधन/परिशिष्ट (यदि कोई है) हेतु भारतीय रेलवे की ई-टेण्डरिंग की बेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखते रहें। इस संबंध में कोई सूचना नहीं दी जायेगी और ना ही किसी भी प्रकार का पत्राचार किया जायेगा। **221/26 (A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्या:- वरि.म.बि.इजिं./चलस्टाक/वि.लो.शेड/कानपुर/2025-26/आर.ई.टी.-12 दिनांक: 30.01.2026** **ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता, चल स्टाक, उत्तर मध्य रेलवे, अनवरगंज, कानपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई-निविदा में आमन्त्रित की जाती है, जो कि निविदा खुलने की तारीख एवं समय तक प्राप्त की जायेंगी। निविदा विवरण निम्न प्रकार है:

| | |
|---|---|
| **निविदा सं.:** ELS-CNB-2025-26-RET-12, **कार्य का विवरण:** रिपेयर/रिकंडीशनिंग ऑफ ट्रैक्शन मोटर (6FRA6068) ऐस पर द लेटेस्ट स्पेसीफिकेशन्स यूस्ड इन थ्री फेज इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव ऑफ ई.एल.एस./सी.एन.बी विथ मॉडीफाइड सेट ऑफ लेबिरिथ। | |
| **अनुमानित मूल्य (₹):** ₹ 23,50,55,008.80 (रू. तेईस करोड़ पचास लाख पचपन हजार आठ और अस्सी पैसे मात्र) | |
| **बिड सिक्यूरिटी (₹):** ₹ 13,25,300.00 (रू. तेरह लाख पच्चीस हजार तीन सौ मात्र) | |
| **कार्य सम्पादन की अवधि:** अट्ठारह महीने | **निविदा दस्तावेज की कीमत (₹)** शून्य |
| **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 23.02.2026 & 15:30 hrs. | |

**नोट:- (1)** उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) www.ireps.gov.in पर खुलने की तिथि और समय तक उपलब्ध है। **(2)** उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप से बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको I.T. Act-2000 के अन्तर्गत C.C.A. द्वारा जारी Digital हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें **(3)** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट शेड्यूल पेज पर ही विचारणीय है। दरे तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी डाक्युमेंट/फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **(4)** संलग्न किये जाने सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये। **(5)** निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट www.ncr. indianrailways.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। **(6)** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **222/26 (MG)**

North central railways | @ CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

## संपादकीय

# चुनाव से परे नई चुनौतियों का बजट

अक्सर केंद्र की भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार पर आरोप लगाया जाता है कि वह चुनाव देखकर बजट बनाती है। मगर वर्ष 2026-27 के बजट में चुनावी घोषणाएं नहीं हैं। वर्ष 2014 से सत्ता में आई भाजपा आर्थिक सुधारों की दिशा में कदम उठाती दिखती है। नए बजट में राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 4.3 प्रतिशत लाने की बात कर महंगाई पर नियंत्रण के लिए कुछ नए उपायों को दशार्या गया है।

सरकार ने अपनी महत्वाकांक्षी योजना 'वीबी-जी राम जी' के लिए 95000 करोड़ रु. और मनरेगा के लिए भी 30000 करोड़ रु. का प्रावधान किया है। आधारभूत ढांचे को मजबूत बनाने की सोच को आगे बढ़ाने में सात हाई स्पीड रेल कॉरिडोर बनाने की घोषणा की है। इसी के साथ 20 नए जल मार्ग बनाने की तैयारी है। बैटरी सस्ती कर मोबाइल, ई-वाहन क्षेत्र को मदद दी है। सूर्य ऊर्जा को बढ़ावा देने के उपाय किए हैं। क्षेत्र अनुसार बड़े टेक्सटाइल पार्क, चार दक्षिणी राज्यों में खनिज कॉरिडोर, तीन केमिकल पार्क का निर्माण किया जाएगा।

लघु उद्योगों को दस हजार करोड़ रु. की सहायता मिलेगी। इसके बीच ही हर बार केंद्रीय बजट में उछलता-कूदता शेयर बाजार नए कर से बड़ा झटका खा गया। उसने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के भाषण खत्म होते-होते 3000 अंकों का गोता लगा दिया। अंत में सेंसेक्स 1546.84 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। पूंजी बाजार पर यह असर वायदा कारोबार पर 'सिक्योरिटी ट्रांजेक्शन टैक्स' (एसटीटी) बढ़ाए जाने की घोषणा के कारण नजर आया।

हालांकि यह दुर्लभ संयोग ही था, जब बजट पेश होने की वजह से रविवार को शेयर बाजार खुला। सरकार का दावा है कि उसकी नीतियां औद्योगिक विकास को बढ़ाने के लिए हैं, जिसके लिए वह 350 से अधिक आर्थिक सुधार कर चुकी है। उसका मानना है कि तकनीक के माध्यम से देश में कला, डिजाइन, फैशन, फिल्म, संगीत और डिजिटल कंटेंट को वैश्विक स्तर पर विस्तार मिल रहा है।

वह देश में 'क्रिएटिव इकोनॉमी' के क्षेत्र में 'पर्सनल क्रिएटिविटी', 'स्किल' और 'इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी' को बढ़ावा देना चाहती है। जिसके लिए मुंबई के 'इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजीस' को 15 हजार सेकेंड्री स्कूलों और 500 कॉलेजों में 'कंटेंट क्रिएटर लैब' स्थापित करने में मदद का प्रस्ताव दिया है। भारत में 'एनिमेशन', 'वजुअल इफेक्ट्स', 'गेमिंग' और 'कॉमिक्स सेक्टर' तेजी से बढ़ते क्षेत्र हैं, जिसमें वर्ष 2030 तक 20 लाख पेशेवर लोगों की जरूरत होगी। तकनीक के अलावा स्वास्थ्य का क्षेत्र सरकार की प्राथमिकताओं में है, जिसके लिए उसने बायो फार्मा सेक्टर को 10 हजार करोड़ देने का प्रावधान किया है।

वहीं मधुमेह और कैंसर जैसी बीमारियों के लिए 36 दवाओं को सस्ता किया है। सरकार देश में मेडिकल हब बनाना चाहती है। वह तीन अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान(एम्स) बनाने की भी तैयारी में है। आयकर में नई छूट न देते हुए उसने नया आयकर अधिनियम लागू कर कुछ राहत देने की घोषणा की है। निश्चित ही चुनावी दबाव नहीं होने से सरकार ने शेयर बाजार जैसे संवेदनशील क्षेत्र को छूने का प्रयास किया।

फिलहाल रविवारीय बजट में आराम से अधिक काम करने पर बल है, जिससे नए और विकसित भारत की कल्पना को बल मिल सकता है। कुछ अलग घोषणाओं से कहीं खुशी, कहीं गम स्वाभाविक है। किंतु आगे देखना होगा कि रोजगार और महंगाई पर बजट कितना असर दिखाता है।

# ज्ञान, स्क्रीन और संवेदना का संकट

**(डॉ. सत्यवान सौरभ)**



'ज्ञान बढ़ा पर भाव क्या, अब भी मन लाचार'—यह पंक्ति केवल एक दोहा नहीं, बल्कि इक्कीसवीं सदी के मनुष्य की सामूहिक आत्मस्वीकृति है। हमने जितना ज्ञान अर्जित किया है, उतना शायद मानव इतिहास के किसी भी कालखंड में नहीं किया गया। सूचनाएँ उँगलियों पर नाच रही हैं, दुनिया एक छोटे से स्क्रीन में सिमट आई है और विज्ञान ने जीवन को सुविधाओं की पराकाष्ठा तक पहुँचा दिया है। इसके बावजूद—या शायद इसी कारण—मनुष्य भीतर से पहले से अधिक असहाय, असंतुलित और बेचैन दिखाई देता है। आज का संकट ज्ञान के अभाव का नहीं, बल्कि विवेक, संवेदना और ठहराव के लुप्त होने का संकट है।

स्क्रीन की चकाचौंध ने केवल हमारी आँखों को नहीं, हमारी चेतना को भी प्रभावित किया है। मोबाइल, लैपटॉप और डिजिटल माध्यमों ने सूचना को लोकतांत्रिक तो बनाया, पर सोच को गहराई नहीं दी। हम पहले से कहीं अधिक पढ़ते हैं, पर पहले से कहीं कम समझते हैं। हम देखते बहुत हैं, पर महसूस कम करते हैं। हर पल अपडेट रहना आज सचेत होने की पहचान बन गया है, लेकिन इसी निरंतर अपडेट ने मनुष्य को भीतर से थका और खाली कर दिया है। सोशल मीडिया पर विचार नहीं, प्रतिक्रियाएँ जन्म लेती हैं। वहाँ ठहराव नहीं, केवल तात्कालिक उत्तेजना है। सच और झूठ, गंभीरता और सतहीपन, संवेदना और सनसनी—सब एक ही मंच पर समान महत्व के साथ परोसे जा रहे हैं। ऐसे वातावरण में सतविचार, जो समय, मौन और आत्मसंवाद से उपजते हैं, धीरे-धीरे विलुप्त होते जा रहे हैं।

आज का मनुष्य ऐसे समय में जी रहा है जहाँ संवाद लगातार हो रहा है, पर संवादहीनता भी उतनी ही गहरी है। मोबाइल के कक्ष में आवाजें चिल्ला रही हैं—कॉल, मैसेज, वीडियो, मीटिंग्स, रील्स—हर ओर शोर है। लेकिन इसी शोर के बीच मनुष्य अपने ही भीतर की आवाज सुनने की क्षमता खो बैठा है। बाहर की बातचीत बढ़ी है, भीतर का संवाद घटा है। जब भीतर की खामोशी को सुना नहीं जाता, तो वह धीरे-धीरे कुंठा, आक्रोश और असंतुलन में बदल जाती है। आज रिश्तों में बढ़ता तनाव, समाज में बढ़ती असहिष्णुता, ऑनलाइन अपमान और वास्तविक जीवन में बढ़ती असंवेदनशीलता—ये सब उसी अनसुनी खामोशी के लक्षण हैं।

हम बोलना जानते हैं, पर सुनना भूल चुके हैं। न दूसरों की पीड़ा सुन पाते हैं, न अपने मन की बेचैनी को समझ पाते हैं। संवाद की यह विफलता केवल व्यक्तिगत नहीं, सामाजिक भी है। जब समाज सुनना छोड़ देता है, तो असहमति शत्रुता में बदल जाती है और विचार विमर्श के स्थान पर टकराव जन्म लेता है।

विज्ञान ने निस्संदेह मानव जीवन को अभूतपूर्व सुविधाएँ दी हैं। रोगों पर नियंत्रण, संचार की गति, यात्रा की सरलता और उत्पादन की क्षमता—इन सब क्षेत्रों में विज्ञान ने क्रांति की है। लेकिन इसी विज्ञान से यह अपेक्षा भी जुड़ी थी कि वह मनुष्य को अधिक संतुलित, अधिक संवेदनशील और अधिक जिम्मेदार बनाएगा। दुर्भाग्यवश, ऐसा नहीं हुआ। विज्ञान ने हमें शक्ति दी, पर संयम नहीं सिखाया। गति दी, पर विराम नहीं। साधन दिए, पर मयार्दा नहीं।

आज सबसे बड़ा प्रश्न यह नहीं है कि हम क्या कर सकते हैं, बल्कि यह है कि हमें क्या करना चाहिए और क्या नहीं। तकनीक हमें आगे बढ़ने के असंख्य रास्ते दिखाती है, पर यह नहीं बताती कि कब रुकना है। यह निर्णय विवेक करता है, और विवेक का विकास मशीनों से नहीं, मानवीय मूल्यों से होता है।

हमने ज्ञान को केवल संग्रहण तक सीमित कर दिया है। डिग्रियाँ बढ़ीं, पर दृष्टि संकुचित होती गई। विशेषज्ञता बढ़ी, पर समग्र समझ घटती चली गई। आज का शिक्षित व्यक्ति भीड़ में शामिल होने में तेज है, पर अकेले खड़े होकर सच बोलने में हिचकता है। यह शिक्षा का नहीं, सूचना के बोझ का परिणाम है। ज्ञान जब संवेदना से कट जाता है, तो वह अहंकार बन जाता है। तकनीक जब विवेक से कट जाती है, तो वह नियंत्रण के बजाय वर्चस्व का साधन बन जाती है।

इस स्थिति का समाधान तकनीक को नकारने में नहीं, बल्कि उसे मानवीय मूल्यों के अधीन रखने में है। स्क्रीन से भागना संभव नहीं, पर उसके सामने नतमस्तक होना भी अनिवार्य नहीं। हमें फिर से मौन का महत्व समझना होगा। हमें संवाद को केवल बोलने की प्रक्रिया नहीं, सुनने की कला बनाना होगा। ज्ञान को आत्मचिंतन से जोड़ना होगा और विज्ञान को नैतिकता के साथ संतुलित करना होगा।

परिवार, शिक्षा और समाज—तीनों स्तरों पर यह पुनर्संरचना आवश्यक है। बच्चों को केवल स्मार्ट नहीं, संवेदनशील बनाना होगा। शिक्षा को केवल प्रतिस्पर्धा का मैदान नहीं, बल्कि मानवीय विकास का माध्यम बनाना होगा। समाज को यह स्वीकार करना होगा कि गति के साथ ठहराव भी उतना ही आवश्यक है।

आज आवश्यकता किसी नए आविष्कार की नहीं, बल्कि पुरानी मानवीय समझ की पुनर्स्थापना की है। तकनीक हमारे जीवन का साधन बने, लक्ष्य नहीं। संवाद शोर नहीं, सेतु बने। और ज्ञान केवल बढ़े नहीं, मनुष्य को बेहतर बनाए। यदि हम यह संतुलन नहीं बना पाए, तो आने वाली पीढ़ियाँ शायद अत्यंत उन्नत होंगी—पर भीतर से और भी अधिक लाचार।

यह लेखक के निजी विचार हैं।

# इंफ्रास्ट्रक्चर और टेक्नोलॉजी के नये युग में प्रवेश करता मध्यप्रदेश

**मध्यप्रदेश की राजनीति लंबे समय से 'केंद्र से क्या मिला' के सवाल में उलझी रही है, लेकिन बजट 2026-27 ने बहस की दिशा ही बदल दी है। अब मुद्दा हिस्सेदारी का नहीं, भूमिका का है। सवाल यह नहीं है कि राज्य को कितना पैसा मिला, बल्कि यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रीय विकास रणनीति में मध्यप्रदेश को किस तरह की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस बजट में मध्यप्रदेश को मांगने वाले राज्य की तरह नहीं, बल्कि शहरी विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन के प्रयोग स्थल की तरह देखा गया है।**

**(पवन वर्मा)**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के लिए यह बजट साधारण आर्थिक दस्तावेज नहीं, बल्कि डबल इंजन सरकार की राजनीतिक विश्वसनीयता की परीक्षा है। टियर-2 और टियर-3 शहरों को सिटी इकॉनमिक रीजन बनाना, राजधानी भोपाल को यूनिवर्सिटी टाउनशिप और मेट्रो विस्तार से जोड़ना, जिलों में स्वास्थ्य और महिला केंद्रित ढांचे को मजबूत करना,ये सभी फैसले संकेत दे रहे हैं कि अब केंद्र और राज्य का तालमेल नारों में नहीं, शहरों की बनावट और जमीनी फैसलों में दिखाने की कोशिश हो रही है। मध्यप्रदेश इस बजट में पहली बार उपेक्षा की शिकायत करता राज्य नहीं, बल्कि राष्ट्रीय विकास एजेंडे का सक्रिय मोहरा बनकर उभरा है।

डबल इंजन की स्पष्ट छाप

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अगुवाई में मध्यप्रदेश सरकार, यह संयोग नहीं, बल्कि नीति और नीयत का ऐसा मेल है, जिसमें विकास को जमीन पर उतारने की स्पष्ट मंशा दिखाई देती है। बजट 2026-27 को मध्यप्रदेश और उसके शहरों के संदर्भ में देखा जाए, तो यह साफ होता है कि केंद्र और राज्य के बीच डबल इंजन की अवधारणा अब केवल राजनीतिक विमर्श तक सीमित नहीं रही, बल्कि शहरी विकास, निवेश और आर्थिक विस्तार की ठोस रणनीति में बदल चुकी है।

यह बजट संकेत देता है कि आने वाले वर्षों में मध्यप्रदेश की पहचान केवल कृषि प्रधान राज्य के रूप में नहीं, बल्कि तेजी से उभरते शहरी और आर्थिक केंद्रों के राज्य के रूप में स्थापित की जा रही है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर जैसे शहर इस रणनीति के केंद्र में हैं। जहां इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्योग, तकनीक और रोजगार एक साथ आगे बढ़ते दिखाई देते हैं।

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कार्यभार संभालने के बाद जिस 'निवेश, नवाचार और नगरीय विकास' की बात कही थी, बजट 2026-27 उस सोच को राष्ट्रीय स्तर पर समर्थन देता नजर आता है।

शहरों को नई पहचान

भारत के विकास मॉडल में लंबे समय तक शहरों को केवल प्रशासनिक या जनसंख्या दबाव वाले क्षेत्रों के रूप में देखा गया लेकिन बजट 2026-27 से अब शहरों को विकास की धुरी के रूप में स्थापित किया जा रहा है।

सिटी इकॉनमिक रीजन की अवधारणा इस बदलाव का सबसे स्पष्ट उदाहरण है। इसके तहत भोपाल जैसे शहरों को केंद्र में रखकर आसपास के औद्योगिक, शैक्षणिक और व्यावसायिक क्षेत्रों को एक साझा आर्थिक इकाई में बदला जाएगा। यह मॉडल मध्यप्रदेश को केवल उपभोक्ता राज्य नहीं, बल्कि उत्पादन और सेवा आधारित अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने की क्षमता रखता है। इंदौर, जो पहले ही व्यापार और स्टार्टअप संस्कृति के लिए जाना जाता है, इस ढांचे में राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयों को छू सकता है। वहीं भोपाल जैसे शहर प्रशासनिक राजधानी से आगे बढ़कर आर्थिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में उभर सकते हैं।



म्युनिसिपल बॉन्ड

शहरी आत्मनिर्भरता की मजबूत बुनियाद बनाने की दिशा में बजट 2026-27 का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू है नगरीय निकायों को म्युनिसिपल बॉन्ड के जरिए संसाधन जुटाने के लिए प्रोत्साहन। यह व्यवस्था शहरी विकास को अनुदान आधारित मॉडल से आत्मनिर्भर मॉडल की ओर ले जाती है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर जैसे नगर निगम अब केवल सरकारी सहायता पर निर्भर नहीं रहेंगे, बल्कि अपनी योजनाओं और विश्वसनीयता के बल पर पूंजी बाजार से संसाधन जुटा सकेंगे। केंद्र सरकार द्वारा बड़े बॉन्ड इश्यू पर प्रोत्साहन देना यह दशार्ता है कि शहरी विकास में अब पारदर्शिता और पेशेवर प्रबंधन को प्राथमिकता दी जा रही है। यह बदलाव नगर निगमों की कार्यसंस्कृति में भी सुधार ला सकता है और विकास परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा करने में मददगार साबित होगा।

विकास की रफ्तार को मजबूती

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकास नीति में इंफ्रास्ट्रक्चर को हमेशा केंद्रीय स्थान मिला है। बजट 2026-27 में पूंजीगत व्यय पर दिया गया जोर इसी नीति की निरंतरता है। इसका सीधा लाभ मध्यप्रदेश के शहरों को मिलने वाला है।

बेहतर सड़कें, मेट्रो परियोजनाएं, जल आपूर्ति, सीवरेज और शहरी आवास। ये सभी पहलू शहरों की जीवन गुणवत्ता को बेहतर बनाने के साथ-साथ निवेश के लिए अनुकूल माहौल तैयार करते हैं। भोपाल-इंदौर मेट्रो जैसे प्रोजेक्ट केवल परिवहन सुविधा नहीं, बल्कि पूरे शहरी परिदृश्य को नया आकार देने वाले साबित हो सकते हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा इंफ्रास्ट्रक्चर को विकास की रीढ़ बताने की सोच, इस बजट में स्पष्ट रूप से झलकती है।

टेक्नोलॉजी और इलेक्ट्रॉनिक्स

बजट में इलेक्ट्रॉनिक्स, डिजिटल तकनीक और मैन्युफैक्चरिंग पर दिया गया जोर मध्यप्रदेश के लिए दूरगामी असर वाला है। विशेष रूप से भोपाल जैसे शहर, जहां उच्च शिक्षा और मानव संसाधन की मजबूत उपस्थिति है, इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स क्लस्टर और तकनीक आधारित उद्योगों के विस्तार से भोपाल की पहचान केवल प्रशासनिक केंद्र तक सीमित नहीं रहेगी। यह शहर आने वाले समय में टेक्नोलॉजी और नवाचार का केंद्र बन सकता है, जिससे युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर मिलेंगे।

कृषि राज्य से शहरी अर्थव्यवस्था की ओर संतुलित कदम

मध्यप्रदेश की ताकत उसकी कृषि है और बजट 2026-27 इस ताकत को शहरी अर्थव्यवस्था से जोड़ने की दिशा में कदम बढ़ाता है। तकनीक आधारित कृषि, रिसर्च और वैल्यू एडिशन पर जोर देकर यह सुनिश्चित किया गया है कि किसान और शहर दोनों एक-दूसरे से लाभान्वित हों।

शहरों के आसपास एग्री-प्रोसेसिंग, कोल्ड स्टोरेज और लॉजिस्टिक सुविधाओं का विकास ग्रामीण और शहरी अर्थव्यवस्था के बीच मजबूत सेतु का काम करेगा। इससे रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे और आर्थिक गतिविधियों का दायरा बढ़ेगा।

राज्यों और केंद्र के समन्वय से शहरी भविष्य

बजट 2026-27 में यह स्पष्ट झलक मिलती है कि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर शहरी विकास को नई दिशा देना चाहती हैं,इसलिए उम्मीद की जानी चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रीय विकास दृष्टि और मुख्यमंत्री मोहन यादव की राज्य केंद्रित प्राथमिकताएं जब एक साथ आगे बढ़ेगीं , तो उसका असर नीति से लेकर जमीन तक दिखाई देगा ।

डबल इंजन सरकार का लाभ तभी पूरी तरह सामने आता है, जब योजनाएं शहरों की सड़कों, उद्योगों और रोजगार के अवसरों में बदलती हैं। इस बजट ने उस रास्ते को साफ किया है।

केंद्रीय बजट 2026-27 मध्यप्रदेश के लिए एक ऐसे दौर की शुरूआत का संकेत देता है, जहां शहर विकास के बोझ नहीं, बल्कि विकास के वाहक होंगे। भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर जैसे शहर अब केवल राज्य की पहचान नहीं, बल्कि आर्थिक ताकत बनते दिखाई देते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की नीतियां और मुख्यमंत्री मोहन यादव की राज्य स्तरीय सक्रियता यदि इसी तालमेल के साथ आगे बढ़ती रहीं, तो मध्यप्रदेश का ग्रामीण और शहरी परिदृश्य आने वाले वर्षों में पूरी तरह बदला हुआ नजर आ सकता है। जहां निवेश, रोजगार और बेहतर जीवन गुणवत्ता एक साथ आगे बढ़ते दिखाई देगें और तब मध्यप्रदेश एक मांगने वाले नहीं बल्कि देने वाले राज्य के रुप में दिखाई देगा।

यह लेखक के निजी विचार हैं।

# नारी देह, नारी अधिकार: माहवारी पर सुप्रीम कोर्ट की दृष्टि

**(ललित गर्ग)**

भारत के सामाजिक विकास की यात्रा में महिलाओं की स्थिति हमेशा एक निर्णायक कसौटी रही है। किसी भी राष्ट्र की प्रगति केवल आर्थिक आँकड़ों या बुनियादी ढाँचे से नहीं मापी जाती, बल्कि इस बात से आँकी जाती है कि वह अपने समाज के आधे हिस्से-महिलाओं को कितना सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर देता है। इसी सन्दर्भ में सुप्रीम कोर्ट ने 30 जनवरी 2026 को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए मासिक धर्म स्वास्थ्य को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार घोषित किया है। कोर्ट ने देश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में छात्राओं को मुफ्त और सुरक्षित बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। मासिक धर्म स्वच्छता को गरिमा और स्वास्थ्य के साथ जीने के मौलिक अधिकार का हिस्सा माना गया है। स्कूलों में साफ-सुथरे शौचालय और पानी की उचित व्यवस्था अनिवार्य है। इस निर्णय का उद्देश्य पीरियड्स के कारण लड़कियों की पढ़ाई में होने वाली बाधा को रोकना और उन्हें शर्मिंदगी से बचाना है। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला महिलाओं और विशेषकर स्कूली लड़कियों की माहवारी से जुड़ी समस्या पर दिया गया ऐतिहासिक निर्णय, एक सशक्त और दूरदर्शी कदम है। कर्नाटक सरकार ने सरकारी और प्राइवेट क्षेत्र की महिला कर्मचारियों के लिए 12 दिन का सवेतन पीरियड लीव नीति को भी मंजूरी दी है। यह फैसला स्कूलों में मासिक धर्म प्रबंधन की कमी को दूर करने और छात्राओं के सम्मानजनक शिक्षा के अधिकार की सुरक्षा के लिए एक बड़ा कदम है। स्कूलों में अनिवार्य रूप से सेनेटरी पैड उपलब्ध कराने का निर्देश केवल एक प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना को झकझोरने वाला संदेश है कि अब माहवारी जैसे विषय को चुप्पी, लज्जा और अज्ञान के अंधेरे में नहीं छोड़ा जा सकता।

विडंबना यह है कि जिस माहवारी को प्रकृति ने जीवन-चक्र का अनिवार्य और स्वस्थ हिस्सा बनाया है, उसे हमारे समाज ने सदियों से अपवित्रता, अशुद्धता और वर्जना से जोड़ दिया। परिणामस्वरूप, करोड़ों महिलाएँ और किशोरियाँ न केवल शारीरिक कष्ट झेलती हैं, बल्कि मानसिक पीड़ा, हीनभावना और सामाजिक बहिष्कार का भी सामना करती हैं। आज भी भारत के अनेक हिस्सों में माहवारी के दौरान लड़कियों को रसोई, पूजा, स्कूल और सामाजिक गतिविधियों से दूर रखा जाता है। यह व्यवहार केवल परंपरा नहीं, बल्कि स्त्री की गरिमा और



अधिकारों का प्रत्यक्ष हनन है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी कि ह्लमाहवारी स्वच्छता की कमी महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुँचाती हैह्व इस पूरे विमर्श को एक नई संवैधानिक दृष्टि देती है। संविधान द्वारा प्रदत्त जीवन और गरिमा के अधिकार को यदि वास्तविक अर्थों में लागू करना है, तो महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देनी ही होगी। स्कूलों में सेनेटरी पैड की अनिवार्य व्यवस्था इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि कई अध्ययन बताते हैं कि स्वच्छता सुविधाओं के अभाव में बड़ी संख्या में लड़कियाँ किशोरावस्था में ही पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो जाती हैं। यह केवल शिक्षा का नुकसान नहीं, बल्कि पूरे समाज की बौद्धिक और नैतिक पूंजी की क्षति है।

न्यायालय ने शिक्षा को एक ह्लमल्टीप्लायर राइटह्व बताया जो अन्य मानवाधिकारों के उपयोग की कुंजी है। न्यायालय ने इस निर्णय को केवल आदर्शों की घोषणा तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे जमीन पर उतारने के लिए स्पष्ट और व्यावहारिक निर्देश दिए। कक्षा 6 से 12 तक की सभी छात्राओं को मुफ्त, उच्च गुणवत्ता वाले ऑक्सो-बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया। इन पैड्स का एएसटीएम डी-6954 जैसे अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होना अनिवार्य किया गया, ताकि स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ पर्यावरण संरक्षण भी सुनिश्चित हो सके। साथ ही, पैड्स की सहज, सुरक्षित और गोपनीय उपलब्धता के लिए स्कूलों में वेंडिंग मशीन या नामित अधिकारी की व्यवस्था तय की गई, जिससे छात्राओं की झिझक और असहजता पूरी तरह दूर की जा सके। इसके साथ ही स्कूलों में ह्लमासिक धर्म स्वास्थ्य प्रबंधन कॉर्नरह्व स्थापित करने का आदेश दिया गया, जहाँ अतिरिक्त यूनिफॉर्म, स्पेयर इनरवियर, डिस्पोजेबल बैग और आवश्यक स्वच्छता सामग्री उपलब्ध होगी। दिव्यांग छात्राओं के लिए व्हीलचेयर-अनुकूल शौचालय और सहायक उपकरण जैसी विशेष सुविधाएँ अनिवार्य की गईं। निजी स्कूलों द्वारा निदेर्शों की अवहेलना पर मान्यता रद्द करने का प्रावधान रखकर जवाबदेही को मजबूत किया गया, ताकि यह फैसला केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि हर छात्रा के जीवन में वास्तविक बदलाव ला सके।

माहवारी स्वच्छता केवल पैड उपलब्ध कराने तक सीमित विषय नहीं है। इसके साथ जुड़ा है स्वच्छ शौचालय, साफ पानी, कचरा निस्तारण की व्यवस्था और सबसे महत्वपूर्णकृसही जानकारी। आज भी अनेक लड़कियाँ पहली माहवारी के समय भय, भ्रम और अपराधबोध से घिर जाती हैं क्योंकि उन्हें पहले से कोई वैज्ञानिक और संवेदनशील जानकारी नहीं दी जाती। स्कूलों में यदि स्वास्थ्य शिक्षा को गंभीरता से लागू किया जाए और माहवारी को एक सामान्य जैविक प्रक्रिया के रूप में समझाया जाए, तो यह डर और संकोच स्वतः समाप्त हो सकता है। यह भी सच है कि माहवारी को लेकर समाज में फैली चुप्पी पुरुषों की भूमिका को भी प्रश्नों के घेरे में लाती है। जब तक पुरुष-चाहे वे पिता हों, शिक्षक हों, प्रशासक हों या नीति-निमार्ता, इस विषय को केवल ह्लमहिलाओं का मामलाह्व मानकर किनारे करते रहेंगे, तब तक वास्तविक बदलाव संभव नहीं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं कि उन्होंने समाज और खासकर पुरुषों को संवेदनशील बनने का अवसर दिया है। जागरूकता का अर्थ केवल महिलाओं को सशक्त बनाना नहीं, बल्कि पुरुषों को सहृदय और जिम्मेदार बनाना भी है।

ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में माहवारी से जुड़ी चुनौतियाँ और भी गंभीर हैं। वहाँ आज भी कपड़े, राख या अस्वच्छ साधनों का उपयोग आम है, जिससे संक्रमण और दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। सरकारी योजनाएँ और गैर-सरकारी प्रयास मौजूद हैं, परंतु उनकी पहुँच और प्रभावशीलता अभी भी सीमित है। सुप्रीम कोर्ट का निर्णय यदि ईमानदारी से लागू होता है, तो यह नीति और जमीन के बीच की खाई को पाटने में सहायक हो सकता है। यह भी विचारणीय है कि माहवारी स्वच्छता को केवल कल्याणकारी योजना न मानकर महिला अधिकारों के व्यापक ढाँचे में देखा जाए।

यह लेखक के निजी विचार हैं।

# सत्ता पाने की लालसा और कलयुगी रिश्ते

**(संजय गोस्वामी)**

यह दुनिया में लोग अपने अपने पद, पैसा और सत्ता या धन के लिए लालायित रहते हैं अभी दो दिन पहले ही महाराष्ट्र के उप मुख्य मंत्री स्व अजीत पवार जी का विमान क्रैश हुआ और मौत हो गईं शायद वे सत्ता में नहीं रहते तो प्राइवेट जेट नहीं मिलता और जान बच सकती लेकिन तुरंत ही शनिवार 31 जनवरी 26 की शाम को अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार ने लोकभवन में उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली. सुनेत्रा पवार का उपमुख्यमंत्री बनना पहले से तय नहीं था, पति अजित की प्लेन क्रैश में निधन के बाद ऐसी राजनीतिक हालत बने लेकिन सच में ऐ पता हमें नहीं होता की सत्ता बड़ा है या हमारा विचार, ईश्वर को पहचाना जरूरी है यदि बनना ही था तो कम से कम उनका क्रिया क्रम कराकर बाद में भी निर्णय लिया जा सकता था इसलिए ऐ केवल एक उदाहरण नहीं है कई ऐसी घटना है कि पति के मरते ही पत्नी उसकी जायदाद पर काबू कर करने की कोशिश करती है इसलिए आपका अपना भगवान राम के सिवा कोई नहीं है समय बर्बाद ना करो उसी में लीन हो जाना सबकुछ मिलेगा क्योंकि शांति से बढ़कर कुछ नहीं है अच्छी बातचीत एक स्वस्थ रिश्ते का मूलभूत हिस्सा है। जब आप अपने साथी के साथ सकारात्मक भावनात्मक जुड़ाव महसूस करते हैं, तो आप सुरक्षित और खुश महसूस करते हैं। जब लोग अच्छी तरह से संवाद करना बंद कर देते हैं, तो उनके बीच संबंध भी खराब हो जाते हैं, और बदलाव या तनाव के समय यह दूरी और भी बढ़ जाती है।

इस सृष्टि का निर्माण निराकार सुप्त ऊर्जा से हुआ है जिसको कि हम श्याम कह सकते हैं मतलब अंधकार पूर्ण ऊर्जा है लेकिन इसमें किसी साधक को प्रकाश भी दिखाई देता है समस्त ब्रह्मांड का मालिक केवल परमपिता परमेश्वर भगवान राम ही है जिसका कोई रंग नहीं है रंगहीन है ईश्वर जैसे पानी जिसमें कोई रंग नहीं होता है लेकिन यदि उसमें एक छोटा सा कीड़ा पड़ जाता है तो स्पष्ट दिखाई देता है वैसे ही श्वेत प्रकाश जिसमें कोई रंग नहीं है लेकिन किसी प्रिज्म से गुजरता है तो सात रंगों से विभक्त हो जाता है जिसे विब्जीओर वायलेट, इंडिगो, ब्लू, ग्रीन, येलो, ऑरेंज, रेड) विज़िबल लाइट स्पेक्ट्रम के रंगों को दिखाता है, जिन्हें बढ़ती वेवलेंथ के हिसाब से छोटे (वायलेटः 380-450 एनएम) से लेकर लंबे (रेडः 620-750 एनएम) क्रम में रखा गया है, जिसमें हर रंग की एक खास नैनोमीटर (एनएम) रेंज होती है, जो इंद्रधनुष और रंग देखने की क्षमता को समझाने में मदद करती है। गुलाबी, बैंगनी, हरा, लाल पीला, यानी जो भी रंग है उसमें पारदर्शिता नहीं है अतः रंग माया है और जिसमें कोई रंग नहीं है वो पारदर्शी है जिसमें हर कुछ दीखता है जैसे शीशा पारदर्शी है इस कारण मनुष्य रंगों के चक्कर में भटकता रहता है कोई गोरा दीखता है कोई काला और गोरा को सुन्दर पाकर बहुत खुश होता है और पत्नी बनाकर माया के जाल में भटकता रहता है लेकिन उसके विचारों पर ध्यान नहीं देता विचार महत्वपूर्ण है रंग नहीं क्योंकि उसका एक दिन नष्ट होना तय है और जब शरीर का नाश होता है तो मानव निश्चित ही एक योनि से दूसरे योनि में भटकता रहता है मानव योनि में कुछ विशेष लोगों जो राम भक्त होते हैं उन्हें शक्तियां प्रदान कर देता है जो आम जनमानस को मार्गदर्शन करते हैं और आवश्यकता पड़ने पर प्रभु राम के द्वारा प्रदत शक्ति से उसका कल्याण करते हैं।

गुरु तत्व वास्तव में ईश्वर ही तत्व है जब तक में गुरु और ईश्वर को एक नहीं मानना सीखोगे तब तक में तुम ना गुरु को पहचान पाओगे और ना ही ईश्वर को पहचान पाओगे। भगवान राम को ईश्वर मानने का अर्थ यह हो जाता है कि तुम उस राम की शक्ति के माध्यम से ही ईश्वर के पास पहुंचोगे। बिना राम की भक्ति और समर्पण के कोई भी शक्ति तुम्हारी सहायता नहीं कर सकती। इसको क्वांटम फिजिक्स से समझो जो डिस्टोर्टेड एनर्जी है क्वांटम फील्ड जो बिगड़ चुकी है उसके अंदर जब तक में सिंक्रोनाइजेशन नहीं होगा कोहरेंस नहीं होगा तब तक में और शक्ति बढ़ेगी नहीं और जब बढ़ेगी नहीं तो तुम्हारा कल्याण क्या होगा। इस कारण गुरु को समर्पण बहुत आवश्यक है और समय आने पर धीरे-धीरे गुरु शक्ति अपने को ईश्वरीय शक्ति में विलीन कर लेती है और एक अवस्था के बाद तुमको खुद श्रम करके आगे बढ़ना होता है वहां पर भगवान राम और भक्त अपनी साधना से उनके चरणों में पहुँचने का मार्ग पता हैं और सारे कष्ट से मुक्त होता है।

यह लेखक के निजी विचार हैं।

# केवल मनरेगा को नहीं बल्कि गरीब मजदूरों को कमजोर कर रही भाजपा: जितेंद्र बघेल

## मनरेगा को नहीं, गरीब मजदूरों को कमजोर कर रही भाजपा सरकार: जितेंद्र बघेल

**जुबैर खान/भेदी नजर**




**नूंह।** नूंह मनरेगा का नाम बदलने और उसमें कई तरह के बदलाव करने पर कांग्रेस मोदी सरकार के खिलाफ लगातार हमलावर है, पार्टी धरने प्रदर्शन कर रही है। गांवों में चौपाल के बाद अब कांग्रेस दूसरे चरण के तहत सिविल सोसायटी और मनरेगा मजदूरों के साथ धरना दे रही है, इसी कड़ी में सोमवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर नूंह के लघु सचिवालय में मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत कांग्रेसियों ने धरना दिया और रोष प्रदर्शन किया।

इस दौरान केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए मनरेगा बचाने के लिए बड़े स्तर पर आंदोलन करने का निर्णय लिया। धरना प्रदर्शन करने के बाद जिला उपायुक्त को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भी सौंपा।धरना प्रदर्शन में हरियाणा सह प्रभारी जितेंद्र बघेल, चौधरी आफताब अहमद विधायक नूंह, इंजीनियर मामन खान विधायक फिरोजपुर झिरका, जिला अध्यक्ष हाजी शहीदा खान पूर्व विधायक, पीसीसी सदस्य चौधरी महताब अहमद विशेष रूप से मौजूद रहे।हरियाणा सह प्रभारी जितेंद्र बघेल ने कहा कि भाजपा सरकार ने ना केवल जानबूझकर मनरेगा का नाम बदला है बल्कि इसका बजट घटाकर और भुगतान रोककर गरीब, दलित, पिछड़े और ग्रामीण मजदूरों को भुखमरी व पलायन की ओर धकेल दिया है। भाजपा सरकार की मजदूर-विरोधी नीतियों के कारण गरीबी और बेरोजगारी निरंतर बढ़ रही है।


बता दें कि कांग्रेस ने काम के अधिकार की रक्षा के लिए राष्ट्रव्यापी 'मनरेगा बचाओ संग्राम' अभियान शुरू किया। पार्टी का आरोप है कि केंद्र की भाजपा सरकार ने मनरेगा का नाम बदलकर 'वीबीजीआरएएमजी' कानून लागू किया है, जिससे काम के अधिकार की वैधानिक गारंटी समाप्त हो गई है।नूंह विधायक आफताब अहमद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार को महात्मा गांधी नरेगा के नाम से क्या आपत्ति है। इस दौरान हजारों कार्यकताओं की मौजूदगी में मजदूरों के अधिकारों की रक्षा का स्वर गूंजा। इसमें ग्रामीण भारत के रोजगार, मजदूरी और सम्मान की रक्षा के मुद्दे पर जबरदस्त जनसमर्थन देखने को मिला।सभा को संबोधित करते हुए विधायक आफताब अहमद ने केंद्र सरकार पर मनरेगा योजना से लगातार छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उद्योगपतियों और पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए इस योजना को कमजोर किया जा रहा है। विधायक आफताब अहमद ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने संसद में अपने बहुमत के बल पर देश के गरीबों के मुख्य आधार मनरेगा योजना को समाप्त कर उन्हें रोजी-रोटी के लिए बेसहारा कर दिया है। केंद्र की इस जनविरोधी निर्णय के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने पूरे प्रदेश में 'मनरेगा बचाओ संग्राम' जन आंदोलन शुरू किया है।

आफताब अहमद ने यह भी बताया कि मनरेगा के बजट में कटौती, कार्य दिवसों में कमी और मजदूरी भुगतान में देरी के कारण ग्रामीण मजदूरों की आजीविका पर संकट आ गया है।विधायक आफताब अहमद का कहना था कि वीबी ग्रामजी एक्ट सीधे तौर पर देश के गरीब मजदूर के जीवन यापन पर प्रहार है। नए एक्ट से ग्रामीणों को तो कोई फायदा नहीं होगा, लेकिन चंद उद्योगपतियों और फैक्ट्री मालिकों को इसका फायदा होगा, उन्हें सस्ते मजदूर मिल जाएंगे, सरकार केवल मनरेगा को नहीं बल्कि गरीबों को ही धराशाही करना चाहती है।

# बजट में युवाओं के लिए खुले अवसरों के द्वार, मेवात में आएगी रोजगार की नई लहर : तारीफ हुसैन

## बजट से मेवात में रोजगार की नई उम्मीद, युवाओं को मिलेगा घर के पास काम: तारीफ हुसैन

**जुबैर खान/भेदी नजर**



**नूंह।** नूंह भाजपा आलदूका मंडल के महामंत्री चौधरी तारीफ हुसैन ने हरियाणा सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट की सराहना करते हुए इसे युवाओं, किसानों और महिलाओं के लिए उम्मीदों और विकास का बजट बताया है। उन्होंने कहा कि बजट में घोषित योजनाएं मेवात जैसे पिछड़े क्षेत्रों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलेंगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार व स्वरोजगार को मजबूती देंगी।

टरटए और स्थानीय उद्योगों को मिलेगी संजीवनी चौधरी तारीफ हुसैन ने कहा कि छोटे एवं मध्यम उद्योगों के लिए घोषित 10,000 करोड़ के रटए ग्रोथ फंड से मेवात के स्थानीय कारीगरों, दस्तकारों और उद्यमियों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस फंड से कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध होगा, साथ ही तकनीकी उन्नयन से स्थानीय उत्पादों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी। 10 नए कटळ व घर के पास मिलेगा रोजगार बजट में हरियाणा में 10 नए इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप विकसित करने के प्रस्ताव का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि इससे मेवात क्षेत्र में हजारों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

अब युवाओं को नौकरी की तलाश में बड़े शहरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा और वे अपने क्षेत्र में ही सम्मानजनक रोजगार पा सकेंगे। चौधरी तारीफ हुसैन ने बताया कि बजट में कौशल विकास और सामाजिक सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी गई है। प्रमुख योजनाएं इस प्रकार हैं, अटल टिंकरिंग लैब्स व क्षेत्रीय कौशल केंद्रों का विस्तार, जिससे युवा नई तकनीकों में दक्ष बनेंगे। डिजिटल कृषि मिशन, जो किसानों की आय बढ़ाने और खेती को आधुनिक बनाने में सहायक सिद्ध होगा। लखपति दीदी योजना, जिसके माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त कर आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। विकसित भारत के संकल्प को साकार करता बजट चौधरी तारीफ हुसैन ने कहा,यह बजट विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला है। मेवात के युवाओं के हुनर को अब सही मंच, प्रशिक्षण और आर्थिक सहयोग मिलेगा, जिससे क्षेत्र में विकास की नई कहानी लिखी जाएगी।

## विकास कार्यों के लिए नहीं रहने दी जाएगी कोई कमी: अनिल यादव



**दयावान कोसली, भेदी नज़र, रेवाड़ी।** कोसली के विधायक अनिल यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश उन्नति के मार्ग पर अग्रसर है। सबका साथ सबका विकास की नीति से कोसली विधानसभा क्षेत्र में भी समान विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। विधायक अनिल यादव अपने रेवाड़ी कार्यालय में आयोजित किए गए समाधान शिविर में हलका वासियों की शिकायतें सुन रहे थे। उन्होंने कहा कि कोसली विधानसभा क्षेत्र की जन शिकायतों का निवारण करने के लिए वे जिला प्रशासन और चंडीगढ़ उच्चाधिकारियों के लगातार संपर्क में रहते हैं। समस्त हलका को अपना परिवार मानते हुए वे अधिक से अधिक समय जनता के बीच रहना पसंद करते हैं। जिससे कि लोगों को उनसे किसी प्रकार की दूरी महसूस ना हो। आज के समाधान शिविर में पचास से अधिक शिकायतों की सुनवाई की गई, जिनका निपटारा करवाने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इस अवसर पर कोसली हलका के अनेक मौजिज व्यक्ति व पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## कनीना नपा को डी-प्लान के तहत मिली छह विकास कार्यों को मिली मंजूरी



**विजय शर्मा, भेदी नज़र, कनीना।** कनीना नगर पालिका क्षेत्र में जिला योजना के तहत छह विकास कार्यों को मंजूरी दी गई है। जिन पर शीघ्र ही कार्य शुरू होने की संभावना है। इस बारे में नगरपालिका कनीना की चेयरपर्सन डॉ रिम्पी लोढ़ा ने बताया कि वार्ड नम्बर एक की चौपाल में टीन शेड का कार्य करवाया जाएगा। इसी प्रकार होली वाला जोहड पर वाकिंग टेक, वार्ड आठ में स्थित अनुसूचित जाति चैपाल की मरम्मत, वार्ड 10 में स्थित शहीद अशोक कुमार पार्क का जीर्णोद्धार कार्य, वार्ड 4 में चंदा मामा ट्यूबेल पार्क का जीर्णोद्धार तथा वार्ड छह में दो वाटर कूलर स्थापित किए जाएगें।

## आपसी रंजिश में 50 वर्षीय व्यक्ति को बेरहमी से पीटा, अस्पताल में दम तोड़ा



**विजय शर्मा, भेदी नज़र, कनीना।** कनीना उपमंडल के गांव झाड़ली में रविवार रात्रि करीब साढ़े आठ बजे पुरानी रंजिश को लेकर एक गुट के सदस्यों ने दूसरे गुट के एक व्यक्ति पर रास्ता सरेआम पर हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया जिसने पीजीआईएमएस रोहतक में उपचार के दौरान दम तोड दिया। जहां सोमवार को पुलिस की ओर से शव का पीजीआईएमएस रोहतक में पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। सोमवार सुबह कनीना के डीएसपी दिनेश कुमार, थाना इंचार्ज निरीक्षक देवेंद्र सिंह सहित पुलिस के विशेष दस्ते एवं सीन ऑफ क्राइम टीम ने मौका निरीक्षण कर छानबीन की। उन्होंने कहा कि परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। उसके आधार पर केस दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मृतक की पहचान अनिल कुमार, उर्फ बिल्लू 50 वर्ष के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने उस समय घटना को अंजाम दिया जब अनिल कुमार गांव में ही आयोजित एक कुआं पूजन के दावत समारोह में हिस्सा लेने गया था। जिसकी पीट-पीटकर कर बुरी हालत कर दी। घायल को उप नागरिक अस्पताल कनीना में दाखिल कराया गया जहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार कर उसे पीजीआईएमएस रोहतक रेफर कर दिया। जहां पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर कनीना सदर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। और तत्काल जांच कार्रवाई में जुट गई।

# बाल विवाह मुक्ति रथ को तुषार सैनी ने हरी झंडी देकर किया रवाना

**प्रमोद कौशिक, छाया अमित, भेदी नज़र**




**कुरुक्षेत्र।** मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार तुषार सैनी और जिला नगर आयुक्त अमन कुमार ने एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बाल विवाह मुक्ति रथ को हरी झंडी देकर रवाना किया। इस अवसर पर डा. भानु गौड़ संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी, सहायक अमित पांचाल, एमडीडी ऑफ इंडिया की जिला संयोजक रितु रानी सह संयोजक रामलाल सिरसल, स्पोर्ट पर्सन अंजू, सीएसडब्लू शीतल सैनी और अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार तुषार सैनी, जिला नगर आयुक्त अमन कुमार, प्रशासनिक अधिकारियों एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने बाल विवाह मुक्त भारत के संकल्प के तहत हस्ताक्षर (साइन) किए और समाज से बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री मीडिया सलाहकार ने इस जन जागरूकता अभियान में विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, महाविद्यालयों के विद्यार्थी, प्रशासनिक अधिकारी, मीडिया प्रतिनिधि, आईटीआई के छात्र, सामाजिक संगठनों के सदस्य तथा कुरुक्षेत्र जिले के लगभग सभी प्रमुख व महत्वपूर्ण नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

जिला नगर आयुक्त अमन कुमार ने कहा कि निरंतर जन जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से बाल विवाह उन्मूलन हेतु प्रभावी कार्य किया जा रहा है, जिसमें जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, शैक्षणिक संस्थानों एवं समाज के सभी वर्गों का सराहनीय सहयोग प्राप्त होता रहेगा।

## जमीनी विवाद में हुई मारपीट में घायल की शिकायत पर दो महिलाओं सहित चार नामजद

**विजय शर्मा, भेदी नज़र**

**कनीना।** कनीना-महेंद्रगढ़ मार्ग स्थित गांव गुढा में जमीनी विवाद को लेकर हुए झगडे में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की शिकायत पर पुलिस ने दो महिलाओं सहित चार व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीडित सज्जन सिंह उर्फ अनिल ने कनीना सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह बीते नवंबर माह में कनीना कोर्ट जा रहा था तो रास्ते में उसके साझे के प्लाट में निर्माण कार्य किया जा रहा था।

उन्होंने वहां जाकर साझेदार से निर्माण कार्य न करने की बात कही तो आरोपियों ने पिस्टल निकाल कर भय दिखाया। उसके बाद पीडित एक लाख रुपए लेकर लेनदेन का हिसाब करने के लिए वह बाइक पर सवार होकर जा रहा तो मास्टर संतोष ने धक्का देकर गिरा दिया। इस दौरान हर्ष व मास्टर संतोष उसे घसीट कर खुदाई की हुई नींव के पास लेकर गए और पटक दिया। जहां उसके साथ हर्ष, संतोष तथा मनोज व रेवती ने भी उसके साथ मारपीट की। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर छुडाने आई उसकी पत्नी सरला से भी मारपीट की। उसकी पत्नी ने 112 नम्बर डायल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस की इआरवी ने मौके पर पहुंचकर घायल को उपचार के लिए उप नागरिक अस्पताल कनीना में दाखिल करवाया।

जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार कर उसे पीजीआईएमएस रोहतक रेफर कर दिया। ग्रामीण शेरसिंह व उसकी पत्नी ने उसे पीजीआईएमएस रोहतक दाखिल कराया जहां उसकी हालत में सुधार हुआ। कनीना सदर थाना इंचार्ज निरीक्षक देवेंद्र सिंह ने कहा कि मारपीट में घायल हुए सज्जन सिंह उर्फ अनिल की शिकायत पर मारपीट के आरोपियों मास्टर संतोष कुमार, हर्ष, रेंवती देवी व मनोज कुमारी के विरूद्ध बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है।

## बैठक में निगमायुक्त को दी घर-घर उठान की जानकारी

**गुरुग्राम, (वेब वार्ता)।** निगमायुक्त एवं डीएमसी प्रदीप दहिया की अध्यक्षता में निगम कार्यालय में समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिले के सभी नगर निकायों में चल रहे स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, ड्रेनेज और शहरी विकास कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि गुरुग्राम में डोर-टू-डोर कलेक्शन और एमएसडब्ल्यू परिवहन का कार्य विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से संचालित है। वर्तमान में यह व्यवस्था गैप अरेंजमेंट के रूप में चल रही है, जबकि पांच वर्षीय दीर्घकालिक टेंडर प्रक्रिया स्वीकृत होकर निविदा चरण में है।

## एक्स सर्विसमैन की बैठक में हुई संगठन के विस्तार की चर्चा



**विजय शर्मा, भेदी नज़र**

**कनीना।** एक्स सर्विसमैन संगठन कनीना के सदस्यों की बैठक नेताजी मेमोरियल क्लब कनीना में हुई। जिसकी अध्यक्षता कप्तान भरपुर सिंह ने की। बैठक में संगठन के विस्तार एवं जन कल्याण के कार्यों को लेकर विचार-विमर्श हुआ। संगठन को मजबूत बनाने के लिए चार सदस्यीय दो टीमों का गठन किया गया। जिसमें कैप्टन दीनदयाल व सूबेदार वीरेंद्र तथा सूबेदार मेजर राजेश कुमार व कैप्टन देशराज को शामिल किया गया।

ये टीमें कनीना क्षेत्र में घर-घर जाकर एक्स सर्विसमैन से संपर्क करेंगे और उनको इस संगठन से जोड़ने का कार्य करेगें। इस मौके पर कैप्टन अशोक कुमार,सूबेदार मेजर लक्ष्मीनारायण, सूबेदार मेजर मनोज कुमार, सूबेदार कृष्ण कुमार, सूबेदार रणबीर सिंह, सूबेदार मेजर राजेश कुमार उपस्थित थे।

## महादेव गौशाला की नई कार्यकारिणी ने संभाला कार्यभार गौसंवर्धन का लिया संकल्प : अशोक रोशा

**प्रमोद कौशिक, भेदी नज़र**




**कुरुक्षेत्र।** धर्मनगरी कुरुक्षेत्र स्थित महादेव गौशाला के प्रांगण में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें गौशाला की नवनियुक्त प्रधान सतीश शर्मा व कार्यकारिणी ने विधिवत रूप से अपना दायित्व ग्रहण किया। इस गौशाला को जिले की सबसे आधुनिक गौशाला बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

नवनियुक्त अध्यक्ष, सचिव और अन्य पदाधिकारियों ने गौवंश की रक्षा और गौशाला के विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करने की शपथ ली। समारोह के दौरान वक्ताओं ने गौशाला में सौर ऊर्जा प्लांट, आधुनिक शेड और उत्तम चारे की व्यवस्था करने पर बल दिया। उल्लेखनीय है कि हरियाणा सरकार गौशालाओं के विकास और गौ कल्याण के लिए निरंतर अनुदान और सहायता प्रदान कर रही है।

पूर्व कार्यकारिणी के सदस्यों को उनके सराहनीय कार्यों के लिए स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित इंजीनियर सी पी गुप्ता ने कहा कि गौसेवा ही परम धर्म है और नई टीम से युवाओं को इस मुहिम से जोड़ने का आह्वान किया।

समारोह के समापन पर पूर्व प्रधान सुरेन्द्र गोयल ने गौशाला कार्यकारिणी व सभी दानदाताओं और गौभक्तों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सुरजीत राणा, वी के सिंगला, बृजमोहन जिंदल, सी पी गुप्ता, सतपाल गुप्ता, रोशन मित्तल, रंजना शर्मा, गुरबख्श सिंह, नवीन गोयल, भूषण गोयल, अश्विनी शर्मा उपस्थित रहे।

## बोर्ड परीक्षा : विद्यार्थियों की फाइनल लिस्ट जारी करने के निर्देश

**गुरुग्राम, (वेब वार्ता)।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने मार्च 2026 में होने वाली सेकेंडरी एवं सीनियर सेकेंडरी (शैक्षणिक) वार्षिक परीक्षाओं को लेकर निर्देश जारी किए हैं। बोर्ड की ओर से जारी प्रेस नोट के अनुसार गुरुग्राम सहित प्रदेश के सभी राजकीय, मान्यता प्राप्त विद्यालयों के परीक्षार्थियों की फाइनल लिस्ट जारी की जाएगी। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि सेकेंडरी और सीनियर सेकेंडरी परीक्षा मार्च-2026 के लिए ऑनलाइन शुल्क जमा करने की प्रक्रिया 1 जनवरी से 7 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई थी। इसके बाद 31 जनवरी तक छात्र विवरण में ऑनलाइन संशोधन का अवसर दिया गया था। संशोधन अवधि समाप्त होने के बाद अब सभी विद्यालयों को फाइनल लिस्ट जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

# 35वीं राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप में डॉ. कृष्ण श्योकंद का प्रेरणादायी संबोधन

**प्रमोद कौशिक, भेदी नज़र**



**कुरुक्षेत्र।** धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में 31 जनवरी से आयोजित 35वीं सब जूनियर राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप (बालक एवं बालिका वर्ग) पूरे देश के युवा खिलाड़ियों के लिए खेल, अनुशासन और संस्कारों का सशक्त संदेश दे रही है।

इसी क्रम में अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला, कुरुक्षेत्र के प्रधान डॉ. कृष्ण श्योकंद ने केशव पार्क खेल मैदान में पहुँचकर प्रतियोगिता में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। डॉ. कृष्ण श्योकंद ने देश के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए उन्हें खेल को खेल भावना से खेलने, अनुशासन में रहने और नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी केवल जीत के लिए नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, भाईचारे और राष्ट्र गौरव के उद्देश्य से खेल मैदान में उतरें। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने खिलाड़ियों से आह्वान किया कि वे अपने माता-पिता, गुरुजनों, प्रदेश और देश का नाम रोशन करने का संकल्प लेकर खेलें। डॉ. श्योकंद ने कहा कि खेलों के माध्यम से युवा पीढ़ी देश की सबसे बड़ी शक्ति बन सकती है प्रधान डॉ. कृष्ण श्योकंद ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जो खिलाड़ी देश या प्रदेश का नाम रोशन करने की क्षमता रखता है, वह संसाधनों या सुविधाओं के अभाव में कभी पीछे नहीं रहेगा। ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला, कुरुक्षेत्र एवं स्वतंत्र समूह सेवा समिति तन-मन-धन से सहयोग के लिए सदैव तत्पर है।

उन्होंने यह भी घोषणा की कि कोई भी खिलाड़ी, कोच, टीम मैनेजर, पदाधिकारी अथवा अभिभावक यदि कुरुक्षेत्र आता है, तो वह बिना किसी संकोच के अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला में ठहर सकता है। संस्था की ओर से रहने व खाने की संपूर्ण व्यवस्था पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर डॉ. कृष्ण श्योकंद ने खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं हरियाणा स्पोर्ट्स खो-खो एसोसिएशन द्वारा दिए गए मान-सम्मान के लिए सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

वहीं फेडरेशन के पदाधिकारियों ने भी अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र द्वारा खिलाड़ियों के ठहरने, भोजन एवं अन्य सुविधाओं की उत्कृष्ट व्यवस्था के लिए संस्था की समस्त कार्यकारिणी का धन्यवाद किया कार्यक्रम के दौरान डॉ. कृष्ण श्योकंद ने दिल्ली और दमन-दीप के बीच खेले जाने वाले मुकाबले में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया, टॉस करवाकर औपचारिक रूप से मैच का शुभारंभ कराया। खिलाड़ियों ने भी प्रधान के स्नेहपूर्ण व्यवहार और प्रेरक शब्दों से उत्साहित होकर उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया। यह आयोजन न केवल एक खेल प्रतियोगिता है, बल्कि युवा पीढ़ी को सही दिशा देने वाला सामाजिक और सांस्कृतिक संदेश भी दे रहा है, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही है।

## सच्चे शिष्यों हेतु ओंकार दीक्षा मुख्य है : समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया

**संजीव कुमारी, भेदी नज़र**

थानेसर, ( ) 2 फरवरी : श्री दुर्गा देवी मंदिर पिपली, कुरुक्षेत्र के पीठाधीश और समर्थगुरु धारा हिमाचल के जोनल कोऑर्डिनेटर आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि हिसार में आयोजित त्रिदिवसीय सिद्धार्थ ध्यान योग कार्यक्रम 30,31जनवरी और 1 फरवरी 2026 तक हुआ है।

सिद्धार्थ ध्यान योग में 2121 से ज्यादा जुड़े साधकों ने उमंग और उत्साह के साथ ध्यान,योग ,कीर्तन और सत्संग का आनंद लिया और आध्यात्मिक पथ पर चलने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ।

आचार्य कुलदीप, आचार्य अनुपम,आचार्य गगन,आचार्य जितेंद्र और आचार्या मां साक्षी जी ने साधकों के कल्याण हेतु सुंदर सत्र लिए है।

समर्थगुरू धारा हरियाणा के संयोजक आचार्य सुभाष और टीम ने इस कार्यक्रम हेतु बहुत सुंदर व्यवस्था की थी। समर्थगुरु धाम मुरथल,सोनीपत के संस्थापक समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया जी ने इस कार्यक्रम में साधकों को ओंकार दीक्षा प्रदान की गई।

समर्थगुरु धाम, मुरथल आश्रम में सुंदर आध्यात्मिक वातावरण है जिसका नेतृत्व समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया जी करते हैं। 'परमगुरु ओशो को संपूर्णता से समझने के लिए पृथ्वी के बैकुंठ अध्यात्म की यूनिवर्सिटी समर्थगुरु धारा, मुरथल , हरियाणा में में सभी सच्चे प्यासे साधकों का हार्दिक स्वागत है।

आदरणीय समर्थगुरू जी अपने प्रवचनों में बताते है कि मानो मत स्वयं जानो। स्वयं का अनुभव बहुत आवश्यक है। प्रथम तल के कार्यक्रम सिद्धार्थ ध्यान योग में समर्थगुरू सिद्धार्थ औलिया जी की कृपा से प्रसाद स्वरूप सभी शिष्यों को ओंकार दीक्षा प्रदान की जाती है। जिससे आध्यात्मिक पथ प्रारंभ होता है।

## राज्य स्तरीय पशुधन प्रदर्शनी 6 से 8 फरवरी तक कुरुक्षेत्र में : डॉ. मनीष डबास

**झज्जर, (वेब वार्ता)।** कुरुक्षेत्र स्थित कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड मेला ग्राउंड में 6 से 8 फरवरी तक 3 दिवसीय 41वीं राज्य स्तरीय पशुधन प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में प्रदेश भर से लगभग 1500 उन्नत नस्ल के पशु विभिन्न श्रेणियों में भाग लेंगे। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य उत्तम नस्ल के पशुओं का प्रदर्शन कर नस्ल सुधार के लिए पशुपालकों को प्रेरित करना तथा दूध उत्पादन में वृद्धि कर किसानों की आय बढ़ाना है। यह जानकारी पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग के उपनिदेशक डॉ. मनीष डबास ने दी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में विभाग के सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं ताकि वे अपने-अपने क्षेत्रों में पशुपालकों से संपर्क कर आयोजन की तैयारियों में सक्रिय रूप से जुट सकें। उन्होंने पशुपालकों से आग्रह किया कि वे अपने उत्तम नस्ल के पशुओं का विवरण संबंधित पशु चिकित्सा संस्थान को समय रहते उपलब्ध कराएं तथा पशु प्रवेश याचिका पूर्ण करना सुनिश्चित करें। डॉ. मनीष डबास ने बताया कि प्रदर्शनी में मुर्राह भैंस, देशी नस्ल की गायें जैसे हरियाणा, साहीवाल, गिर, थारपारकर, राठी व बेलाही, क्रॉस ब्रीड गाय, घोड़े व गधे, ऊंट, भेड़ (नाली नस्ल, हिसार डेल नस्ल), बकरी एवं गौशाला पशु भाग लेंगे। प्रदर्शनी के दौरान चयनित सर्वश्रेष्ठ पशुओं को नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पशु मालिकों को प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए अपने साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, कैंसिल चैक तथा परिवार पहचान पत्र (पीपीपी आईडी) अनिवार्य रूप से लाने होंगे। उपनिदेशक ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि पशुपालन विभाग झज्जर द्वारा जिला के पशुपालकों को प्रदर्शनी स्थल तक ले जाने एवं वापस लाने के लिए प्रतिदिन 10 बसों की विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने जिला के सभी पशुपालकों से इस राज्य स्तरीय पशुधन प्रदर्शनी में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

## एआई एनेस्थीसिया में निभा सकता है महत्वपूर्ण भूमिका : डॉ. एच के अग्रवाल

**रोहतक, (वेब वार्ता)।** पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय इंडियन सोसाइटी ऑफ एनेस्थीसियोलिजिस्ट नार्थ जोन (आईएसएसीओएन) कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन शनिवार को दर्द निवारण केंद्र में लंबे समय तक दर्द रहने वाले मरीजों के इलाज को लेकर वर्कशॉप आयोजित की गई। इसमें प्रदेश के अलावा छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, दिल्ली के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इससे पूर्व पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में चल रही इस 3 दिवसीय आईएसएसीओएन कॉन्फ्रेंस का शनिवार को कुलपति डॉ. एच के अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित करके व वंदे मातरम गीत के साथ औपचारिक रूप से शुभारंभ किया। कॉन्फ्रेंस में शामिल प्रतिभागियों को सिखाया गया कि जिन मरीजों को लंबे समय तक दर्द रहता है, उनका इलाज किस तरह किया जाए। इस अवसर पर कुलपति डॉ. एच के अग्रवाल, निदेशक डॉ. एस के सिंघल, कुलसचिव डॉ. रूप सिंह, डीन डॉ. अशोक चौहान समेत अन्य ने एक सोविनियर भी लॉन्च किया गया। आईजेए आईएसए रिसर्च मॉड्यूल का भी अनावरण किया गया। सुरक्षा स्कीम फॉर आईएसए सदस्यों के लिए 10 लाख का बीमा फ्री में किया गया। पंचकूला स्टेट ब्रांच की भी ऑनलाइन शुरुआत की गई। कुलपति डॉ. एच के अग्रवाल ने कहा कि खुशी है कि इतने अच्छे टॉपिक पर इंस्टीट्यूट में यह कॉन्फ्रेंस हो रही है। एनेस्थीसिया विभाग बहुत महत्वपूर्ण विभाग होता है। अस्पताल में और पेरिऑपरेटिव मैनेजमेंट में मदद करता है। एनेस्थीसियोलॉजी में एआई बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। कुलपति ने कहा कि आज सभी का यहां ज्ञान बढ़ेगा। हम स्वास्थ्य देखभाल उपचार प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस कॉन्फ्रेंस में डॉ. एस के सिंघल और डॉ. सुशीला तक्षक की टीम बधाई की पात्र है। निदेशक डॉ. एस के सिंघल ने कहा कि पूरे विभाग ने काफी सहयोग किया है। पहले दिन 10 वर्कशॉप्स का आयोजन किया गया, जिसमें देश-विदेश की जानी-मानी फैकल्टी ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि यह प्लेटफॉर्म अपने रिसर्च को दिखाने के लिए बहुत ही अच्छा है। न्होंने बताया कि कॉन्फ्रेंस में 200 पेपर प्रस्तुत किए गए, जिसे स्टूडेंट्स के साथ फैकल्टी ने भी प्रस्तुत किया। आज अलग-अलग जगह लेक्चर किए गए। 600 डेलीगेट्स का रजिस्ट्रेशन किसी भी जोनल कॉन्फ्रेंस में होना रिकॉर्ड है। आईएसएसीओएन के नेशनल प्रेसिडेंट डॉ. नवीन मल्होत्रा ने कहा कि उनके अपने कॉलेज में इस कॉन्फ्रेंस में शामिल होकर खुशी हुई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा अपनी आवभगत के लिए जाना जाता है। डॉ. सुशीला तक्षक ने कार्यक्रम के अंत में सभी का धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि एनेस्थीसिया डिपार्टमेंट की प्राथमिकता मरीजों की सेफ्टी रहता है। इस कॉन्फ्रेंस में देश-विदेश के कई जाने-माने डॉक्टरों ने हिस्सा लिया और अपने अनुभव सांझा किए। कॉन्फ्रेंस के दौरान कई सत्र आयोजित किए गए, जिसमें एनेस्थीसियोलॉजी से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। कॉन्फ्रेंस के आयोजकों ने बताया कि इस तरह के आयोजन से एनेस्थीसियोलॉजी के क्षेत्र में नई तकनीकों और उपचारों के बारे में जानकारी मिलती है, जिससे मरीजों को बेहतर उपचार प्रदान किया जा सकता है। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. रूप सिंह, डीन डॉ. अशोक चौहान, डीन अकादमिक अफेयर्स डॉ. एम जी वशिष्ठ, डॉ. सविता सिंघल, डॉ. सुशीला तक्षक, डॉ. प्रशांत कुमार, डॉ. टीना, डॉ. कीर्ति, डॉ. राजमाला, डॉ. जतिन, डॉ. अंजु, डॉ. प्रियंका, डॉ. रेणु, डॉ. संजय जौहर सहित सैंकड़ों चिकित्सक उपस्थित रहे।

## बैठक में निगमायुक्त को दी घर-घर उठान की जानकारी

**गुरुग्राम, (वेब वार्ता)।** निगमायुक्त एवं डीएमसी प्रदीप दहिया की अध्यक्षता में निगम कार्यालय में समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिले के सभी नगर निकायों में चल रहे स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, ड्रेनेज और शहरी विकास कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि गुरुग्राम में डोर-टू-डोर कलेक्शन और एमएसडब्ल्यू परिवहन का कार्य विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से संचालित है। वर्तमान में यह व्यवस्था गैप अरेंजमेंट के रूप में चल रही है, जबकि पांच वर्षीय दीर्घकालिक टेंडर प्रक्रिया स्वीकृत होकर निविदा चरण में है। सोहना में पांच वर्ष की अवधि के लिए एजेंसी चयन प्रक्रिया पूरी कर एलओआई जारी किया जा चुका है। पटौदी में स्टॉप-गैप व्यवस्था लागू है, जबकि फर्रुखनगर में पूर्व स्वीकृत एजेंसी के माध्यम से कार्य सुचारू रूप से जारी है। बैठक में सड़कों की मशीनी सफाई और झाड़ू कार्य, कचरा प्रसंस्करण संयंत्रों की प्रगति, लीगेसी वेस्ट निस्तारण, लावारिस पशु एवं कुत्तों के प्रबंधन पर विशेष फोकस, मानसून से पहले नालों की सफाई, शहरी सड़कों की जीआईएस मैपिंग व मुख्यमंत्री व बजट घोषणाओं की स्थिति आदि पर चर्चा की गई।

## बोर्ड परीक्षा : विद्यार्थियों की फाइनल लिस्ट जारी करने के निर्देश

**गुरुग्राम, (वेब वार्ता)।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने मार्च 2026 में होने वाली सेकेंडरी एवं सीनियर सेकेंडरी (शैक्षणिक) वार्षिक परीक्षाओं को लेकर निर्देश जारी किए हैं। बोर्ड की ओर से जारी प्रेस नोट के अनुसार गुरुग्राम सहित प्रदेश के सभी राजकीय, मान्यता प्राप्त विद्यालयों के परीक्षार्थियों की फाइनल लिस्ट जारी की जाएगी। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि सेकेंडरी और सीनियर सेकेंडरी परीक्षा मार्च-2026 के लिए ऑनलाइन शुल्क जमा करने की प्रक्रिया 1 जनवरी से 7 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई थी। इसके बाद 31 जनवरी तक छात्र विवरण में ऑनलाइन संशोधन का अवसर दिया गया था। संशोधन अवधि समाप्त होने के बाद अब सभी विद्यालयों को फाइनल लिस्ट जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। बोर्ड के अनुसार, विद्यार्थियों की फाइनल कट लिस्ट 29 जनवरी 2026 से विद्यालयों की लॉगिन आईडी पर जारी की जा रही है। विद्यालय मुखिया इस लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से कट लिस्ट डाउनलोड कर सकते हैं। कट लिस्ट में दर्ज विवरण जैसे नाम, पिता-माता का नाम, फोटो, हस्ताक्षर, जेंडर, जन्म तिथि, आधार नंबर, विषय एवं विषय का माध्यम सहित अन्य जानकारियों की जांच अनिवार्य होगी। यदि कट लिस्ट में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है तो उसे 9 फरवरी 2026 तक कार्य दिवसों में कार्यालय समय के दौरान 300 रुपये प्रति शुल्क के साथ संशोधित कराया जा सकता है। बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि निर्धारित तिथि के बाद किसी भी प्रकार के संशोधन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा और किसी भी त्रुटि की पूरी जिम्मेदारी संबंधित विद्यालय की होगी।

# सरकार की दूरगामी सोच और नीतियों पर आधारित बजट, विपक्ष में दूर दृष्टि का अभाव : कृष्ण बेदी

## किसान की समृद्धि से देश की समृद्धि संभव : कृष्ण बेदी

**भेदी नज़र, पंचकूला**



भाजपा मुख्यालय पंचकमल में प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि हर चुनौतियों का सामना करते हुए आज देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आग बढ़ रही है। उन्होंने कहा, 2014 के बाद दुनियाभर में भारी उतार चढाव देखने को मिला, जिसमे कोरोना माहमारी, वैश्विक स्तर पर आर्थिक मंदी, तमाम देशो के मध्य दीर्घकालिक युद्ध, अमेरिका की टैरिफ नीति इत्यादि, इन सबके बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व ने हिन्दुस्तान की अर्थव्यवस्था को कभी भी कमजोर नहीं पड़ने दिया।

कृष्ण बेदी ने वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की तारीफ करते हुए कहा कि 2026 का बजट सरकार की दूरगामी सोच और नीतियों का परिणाम है। इस बजट से परिवारों की क्रय शक्ति बढ़ेगी, रोजगार के अवसर सृजन होंगे, नई तकनीक को बढ़ावा मिलेगा। एक प्रश्न के जवाब में कृष्ण बेदी ने कांग्रेस पर तीखा हमले करते हुए कहा कि कांग्रेस शासन में दूरदृष्टि का आभाव था।

कांग्रेस अपने वोट बैंक को खुश करने और त्वरित वाहवाही लूटने के मकसद से बजट प्रस्तुत करती रही है। उन्होंने कहा, मुख्य विपक्षी पार्टी होने की नाते कांग्रेस को सरकार की अच्छी नीतियों का स्वागत करना चाहिए, बजाय इसके कांग्रेस सिर्फ और सिर्फ नकारात्मक और विरोध की राजनीती कर रही है जो स्वस्थ लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है। कृष्ण बेदी ने कहा, किसानो के लिए कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए बजट में पर्याप्त प्रावधान किये गए है।

उन्होंने कहा, किसान की समृद्धि से ही देश की समृद्धि संभव है। आत्मनिर्भरता को ध्रुव तारा मानते हुए देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बजट में अनेकों प्रावधान किये गए। एमएसएमई सेक्टर, रक्षा अनुसंधान, पर्यटन, टेक्नोलॉजी, इंफ्रास्ट्रक्चर, नागरिक सुरक्षा, महिला सम्मान सहित अन्य तमाम सेक्टर को इस बजट से लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा, सरकार की प्राथमिकता देश की अर्थव्यवस्था की गति को तीव्र करते हुए सतत बनाये रखने की है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी के भाजपा मुख्यालय पहुंचने पर जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। प्रेसवार्ता में पूर्व नगर महापौर कुलभूषण गोयल, प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, वरिष्ठ नेता श्याम लाल बंसल, सीए पंकज गुप्ता, जिला महामंत्री जय कौशिक और जिला मीडिया इंचार्ज के. चन्दन मौजूद रहे।

## पुलिस अकादमी मधुबन में महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशिक्षण हुआ आरम्भ



**भेदी नजर, सुरेन्द्र पांचाल, घरौंडा।** हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन के डॉ एस राधाकृष्णन सम्मेलन कक्ष में महिला सुरक्षा विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आरम्भ हुआ। कार्यशाला का आरंभ राष्ट्रीय गान से किया गया। पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश की विभिन्न ईकाइयों से प्रशिक्षण पर आए राजपत्रित व अराजपत्रित पद के 20 पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। अकादमी की निदेशक श्रीमती कला रामचंद्रन द्वारा श्रीमती गीतिका उप पुलिस अधीक्षक अकादमी को इस कोर्स का कोर्स निदेशक नियुक्त किया गया।

कोर्स निदेशक गीतिका उप पुलिस अधीक्षक अकादमी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को सुरक्षित रखना पुलिस के प्राथमिक कार्यों में से एक है। किसी भी समाज की प्रगति महिला की सुरक्षा पर आधारित है। समाज में सुरक्षित वातावरण महिलाओं की प्रगति और उनमें आत्मविश्वास का संचार करता है। हम उन्हें सुरक्षित वातावरण देकर सशक्त बनने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। अकादमी का प्रयास भी है कि आप सभी को महिलाओं से संबंधित कानून के बारे में गहनता से जानकारी दी जाए। इसी क्रम में आपको महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों व अन्य कानूनों के बारे में जानकारी दी जाएगी। सभी प्रतिभागियों से अपेक्षा की जाती है कि वे इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में निरंतर रुचि बनाए रखें ताकि प्रशिक्षण का अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके।

## सड़क सुरक्षा माह के तहत यातायात पुलिस ने वाहनों पर लगाई रिफ्लेक्टिव टेप

**रोहतक, (वेब वार्ता)।**

सड़क सुरक्षा माह के तहत यातायात पुलिस द्वारा वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाई जा रही है। यातायात पश्चिम प्रभारी इंस्पेक्टर जसबीर व स.उप.नि. राजेश ने ट्रैक्टर-ट्रॉली पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाई गई। इस दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों बारे बताया गया। ट्रैफिक प्रभारी पश्चिम इंस्पेक्टर जसबीर सिंह ने बताया कि सर्दी/कोहरे के मौसम में एहतियात उपायों से आप स्वयं ही नहीं बल्कि दूसरे को भी सुरक्षित रख सकते हैं।

कोहरे व धुंध के चलते सड़कों पर दृश्यता कम रहेगी। ऐसे में सड़कों पर वाहन का प्रयोग करते समय अधिक सावधानी बरतनी होती है। उन्होंने कहा कि धुंध के दौरान यात्रा करते समय वाहन चालक लो-बीम हेड लाइट का इस्तेमाल करें क्योंकि धुंध के दौरान हाई-बीम हेड लाईट कारगर नहीं होती है। इंडिकेटरस को भी ऑन रखें ताकि दूसरे वाहन को भी आपके वाहन का पता चल सके।

यदि कोहरे के कारण दृश्यता न्यूनतम हो जाती है तो ऐसी स्थिति में फॉग लाइट को उपयोग अवश्य करें। दृश्यता बेहद खराब होने की स्थिति में वाहन चालक सड़क पर पेंट की गई लाइन को गाइड के रूप में उपयोग करते हुए वाहन चलाएं। इंस्पेक्टर जसबीर सिंह ने कहा कि ड्राइव करते समय जरूरी है कि आपका पूरा ध्यान सड़क पर हो। धुंध के दौरान गाडियों की गति सीमा नियंत्रित रखने व मोबाइल फोन तथा म्यूजिक सिस्टम का उपयोग करने से बचे। रोहतक पुलिस द्वारा वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाई जा रही है, जो धुंध व कोहरे के मौसम में कारगर साबित होती है।

## सुपर स्पीड खो-खो प्रतियोगिता के लिए जिले की टीम ने शुरू की तैयारी

**गुरुग्राम, (वेब वार्ता)।** जिले में सुपर स्पीड खो-खो प्रतियोगिता के लिए स्थानीय टीम ने जोर-शोर से तैयारी शुरू कर दी हैं। यह प्रतियोगिता छह फरवरी से आयोजित होगी, जिसमें जिले की टीम राज्य स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन करने के इरादे से कड़ी मेहनत करने में जुटी हुई हैं। टीम के प्रशिक्षक राजेंद्र ने बताया कि खिलाड़ी रोजाना अभ्यास कर रहे हैं और तकनीकी कौशल पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रतियोगिता में सुपर स्पीड फॉर्मेट के तहत तेज गति वाली खो-खो मैच खेले जाएंगे, जो खिलाड़ियों की फुर्ती और रणनीति का इम्तिहान लेंगे। राहुल कुमार ने कहा कि टीम के खिलाड़ी रोजाना सुबह-शाम अभ्यास कर रहे हैं, ट्रॉफी तो जिले में ही आएगी। नेहा यादव ने बताया कि यह खो-खो साधारण खो-खो के मुताबिक अलग होती है।

# युवाओं व महिलाओं को बेहतर कल प्रदान करने वाला है बजट

## केंद्रीय बजट 2026-27 पर नसीम अहमद का बयान गरीब-किसान-युवा और इंफ्रास्ट्रक्चर पर मजबूत फोकस

**जुबैर खान/भेदी नजर**





**नूंह।** फिरोजपुर झिरका विधानसभा से पूर्व विधायक चौधरी नसीम अहमद व नगर पालिका के चेयरमैन मनीष जैन ने केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा रविवार को पेश किए गए बजट को देश के समग्र विकास, गरीब-मध्यम वर्ग, किसानों, युवाओं, महिलाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर पर मजबूत फोकस वाला बजट बताया है।

उन्होंने कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का बजट नहीं है बल्कि भारत के उज्ज्वल भविष्य का रोडमैप है वर्ष 2026-27 का बजट गांव और गरीब की, कृषि और किसान की तस्वीर तथा तकदीर बदलने वाला बजट है। आर्थिक मजबूती, समावेशी विकास और हर वर्ग के लिए अवसर सृजित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में यह बजट देश को प्रगति, उन्नति एवं लोककल्याण के नए युग की ओर अग्रसर करने वाला सिद्ध होगा। यह बजट आत्मनिर्भर भारत, युवा सशक्तिकरण, महिला सम्मान, किसान व गरीब कल्याण एवं आधारभूत संरचना के विस्तार को नई गति प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि बजट गरीब, किसानों को बल, युवाओं व महिलाओं को बेहतर कल प्रदान करने वाला है।

## पुलिस लाइन में कराया सूर्य नमस्कार 240 पुलिसकर्मियों ने लिया हिस्सा

**चुघ, भेदी नजर**



**पानीपत।** पुलिस लाइन में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रातःकालीन समय में किया गया। स्वास्थ्य, अनुशासन और मानसिक सुढ़ता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुलिसकर्मियों द्वारा सूर्य नमस्कार का सामूहिक अभ्यास किया। इस दौरान डीएसपी मुख्यालय सतीश वत्स व डीएसपी यातायात सुरेश कुमार सैनी ने भी जवानों के साथ मिलकर सूर्य नमस्कार के 12 आसनों का अभ्यास किया।

आयुष विभाग के योग प्रशिक्षकों ने सूर्य नमस्कार के विभिन्न चरणों का अभ्यास कराया और इसके शारीरिक और मानसिक लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। 240 पुलिसकर्मियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लेकर सूर्य नमस्कार का सामूहिक अभ्यास किया।

डीएसपी मुख्यालय सतीश वत्स ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि सूर्य नमस्कार न केवल शरीर को सुदृढ़ बनाता है, बल्कि तनाव को कम करने, एकाग्रता बढ़ाने और मानसिक संतुलन बनाए रखने में भी अत्यंत सहायक है। सूर्य नमस्कार तन और मन दोनों के लिए फायदेमंद है। नियमित योग, व्यायाम और अनुशासित जीवनशैली से पुलिसबल की कार्यक्षमता एवं सकारात्मक सोच में वृद्धि होती है।

उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों ने भविष्य में भी इस प्रकार की स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियों को निरंतर जारी रखने की संकल्प लिया।

इस मौके पर लाइन ऑफिसर इंस्पेक्टर सत्यवान, भलाई शाखा में तैनात एएसआई जयभगवान व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## अपने आत्मविश्वास और मेहनत के बल पर विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त कर सकते हैं सफलता : प्रदीप डागर

**रोहतक, (वेब वार्ता)।**

टाईम्स इंटरनेशनल स्कूल, किसरेंटी में भव्य, प्रेरणादायक एवं सांस्कृतिक वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्टेट ट्रांसपोर्ट हरियाणा के कमिश्नर आईएएस प्रदीप डागर एवं बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के ला डिपार्टमेंट के डीन मनीष दलाल कार्यक्रम में विशेष अतिथि के तौर पर उपस्थित थे।

स्टेट ट्रांसपोर्ट हरियाणा के कमिश्नर प्रदीप डागर ने विद्यार्थियों से अपने जीवन के विभिन्न अनुभवों को सांझा किए और कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल की आवाज हैं, जो अपने आत्मविश्वास और मेहनत के बल पर विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से कहा कि लक्ष्य प्राप्ति का केवल एक ही सूत्र दृढ़ निश्चय एवं निरंतर प्रयास करना है। वार्षिक उत्सव के इस अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों द्वारा दी गई विभिन्न मनमोहक सांस्कृतिक एवं देशप्रेम से भरपूर गतिविधियों को कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने खूब सराहा। कमिश्नर प्रदीप डागर ने कहा कि आपके विद्यालय के वार्षिक समारोह में उपस्थित होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

ऐसे आयोजन यहाँ के जीवंत और गतिशील शिक्षण वातावरण का प्रमाण हैं। मैंने ऊजार्वान प्रस्तुतियों और प्रतिभा के उल्लेखनीय प्रदर्शन को देखा है, जो सर्वांगीण विकास के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि सफलता समर्पण और लगन से ही मिलती है। विद्यालय में बिताए अपने समय का सदुपयोग करें और विकास के हर अवसर का लाभ उठाएं। आज की प्रस्तुति में जिन शिक्षकों और कर्मचारियों का समर्पण स्पष्ट रूप से दिखाई देता है, उनके प्रति मेरी हार्दिक कृतज्ञता।

## चालान करने के दौरान यातायात पुलिसकर्मी लगाए बॉडी वॉर्न कैमरा

**गुरुग्राम, (वेब वार्ता)।** ताऊ देवीलाल स्टेडियम में सोमवार को यातायात पुलिस की जनरल परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस उपायुक्त यातायात डॉ. राजेश मोहन ने सभी यातायात पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया है कि वे चालान के दौरान बॉडी वॉर्न कैमरे अनिवार्य रूप से लगाएं। इससे यातायात पुलिस की कार्रवाई में पारदर्शिता बनी रहेगी। पुलिस उपायुक्त ने निर्देश दिया है कि यातायात नियमों के उल्लंघन पर जीरो टॉलरेंस पॉलिसी के तहत बिना किसी ढिलाई के सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि कानून का पालन सुनिश्चित करना यातायात पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी जोनल अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने क्षेत्रों में यातायात जाम की स्थिति किसी भी हाल में उत्पन्न न होने दें और भीड़भाड़ वाले मार्गों, चौराहों एवं प्रमुख सड़कों पर निरंतर निगरानी रखें।

## ठंड से फसलों में रोग का खतरा, किसानों को सतर्क रहने की दी सलाह

**गुरुग्राम, (वेब वार्ता)।** जिला कृषि और किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. अनिल तंवर ने शीतलहर और पाले के बढ़ते प्रकोप को लेकर जिले के किसानों को सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान मौसम में अत्यधिक ठंड और नमी के कारण फसलों में काली रतुआ, सफेद रतुआ, लेट ब्लाइट, झुलसा रोग सहित अन्य फंगस जनित बीमारियां तेजी से फैल रही हैं, जिससे फसलों के अंकुरण, वृद्धि, पुष्पण, दाना भराव, उपज और भंडारण क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। डॉ. तंवर ने बताया कि शीतलहर का असर विशेष रूप से गेहूं, सरसों और दलहनी फसलों पर अधिक देखा जा रहा है। लगातार कम तापमान से पौधों की बढ़वार रुक जाती है और उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है, जिससे उत्पादन में गिरावट आती है। उन्होंने कहा कि समय रहते वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन कर नुकसान से बचा जा सकता है।

# बाल विवाह मुक्ति रथ को मिल रहा है व्यापक समर्थन

**चुघ, भेदी नजर**




**पानीपत।** जिला में बाल विवाह के खिलाफ 100 दिवसीय अभियान के तहत जस्ट राइटस फार चिल्ड्रन संगठन की सहयोगी संस्था एमडीडी ऑफ इण्डिया द्वारा बाल विवाह मुक्ति रथ चलाया जा रह है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी के विशेष सहयोग के साथ इस मुक्ति रथ को आमजन का भरपूर समर्थन मिल रहा है। बाल विवाह मुक्ति रथ को लेकर गांवों में लोगों की तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

पानीपत शहर की मेयर कोमल सैनी ने भी बाल विवाह के खिलाफ हस्ताक्षर कर इस अभियान के अपना समर्थन दिया। उन्होंने नगर निगम कार्यालय में इस बाल विवाह मुक्ति रथ का स्वागत किया और कहा कि पानीपत को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए संस्था और सरकार की यह मुहिम बेहद सराहनीय है और हम सबको मिलकर इस मुहिम को आम जन तक पहुंचाना चाहिए।

ऊझा गांव के सरपंच नरेश कुमार ने कहा कि बाल विवाह के खिलाफ यह बहुत अच्छा अभियान है। हमारी कोशिश होगी कि गांव में कोई भी बाल विवाह न होने पाए। बाल विवाह मुक्ति रथ किला थाना पानीपत, वार्ड 13 की कालोनियों, रेलवे स्टेशन, महावीर आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ऊझा, रिसालू, डाडोला गांव तथा मंदिर और गुरुद्वारों में लोगों को जगरूक किया और बाल विवाह के खलाफ हस्ताक्षर अभियान में शामिल किया तथा बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई।

इस रथ के साथ एमडीडी ऑफ इण्डिया संस्था के जिला समन्वयक संजय कुमार, सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता पायल और दीपिका, विक्टिम असिस्टेंट कॉर्डिनेटर अजय की टीम चल रही है।

## 225 बेड का आयुर्वेद चिकित्सालय बनेगा मानवता की सेवा का मंदिर: कृष्ण बेदी

**झज्जर, (वेब वार्ता)।**

हरियाणा सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने रविवार को गांव माजरा दूबलधन स्थित तपोभूमि जटेला धाम स्वामी नितानंद जी महाराज के आश्रम में आयोजित पूर्णिमा महोत्सव एवं सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री बेदी ने उपस्थित जनों को पूर्णिमा दिवस तथा संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज के प्रकाशोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वामी नितानंद जी का यह धाम अध्यात्मिक चेतना से जोड़ता है।

जटेला धाम की यह पवित्र तपोभूमि संतों के आशीर्वाद से अध्यात्मिक केंद्र के रूप में पहचान स्थापित कर रही है। उन्होंने कहा कि जब संत मार्गदर्शन करते हैं तो समाज सही दिशा में चलता है और कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं रहता। स्वामी नितानंद जी महाराज जैसे महान संतों की बदौलत ही मजबूत भारत हमें मिला है। उन्होंने कहा कि स्वामी नितानंद



महाराज जी के जीवन मूल्यों को धारण करते हुए समाज के हर वर्ग को आगे आना चाहिए। स्वामी नितानंद मिशन फाऊंडेशन समाज में फैली बुराईयों को दूर करने के मिशन में निरंतर कार्य कर रहा है। मानवता की सेवा का आश्रम बनेगा चिकित्सा संस्थान कैबिनेट मंत्री ने कहा कि स्वामी नितानंद मिशन फाऊंडेशन के सान्निध्य में बन रहा यह 225 बेड का आयुर्वेद चिकित्सालय मानवता की सेवा का एक मंदिर है। इस संस्थान के बनने के बाद क्षेत्र के लोगों को चिकित्सा सुविधा मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित होने वाले इस संस्थान से झज्जर ही नहीं बल्कि साथ लगते क्षेत्रों को भी स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। हमारी सरकार निरंतर स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार कर रही है।

# संजय नगर बनता जा रहा राजनीति का अखाड़ा

## ध्वस्तीकरण की जद में आये लोगों के साथ सहानुभूति दिखाने की होड

मानव, भेदी नज़र



**मथुरा।** संजय नगर राजनीति का अखाडा बनता जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में प्रशासन को यहां ढाई सैकडा से अधिक अवैध अतिक्रमणों पर कार्यवाही करनी है। कार्यवाही के लिए पुलिसबल मिलने का इंतजार किया जा रहा है।

रविवार को कांग्रेसियों ने सजयं नगर में लोगों से मुलाकात की और आंदोलन कीर चेतावनी दी। सोमवार को अखिल भारतीय समता फाऊंडेशन ने प्रदर्शन किया। जनपद मथुरा के पदाधिकारी ने संजय नगर थाना कोतवाली मथुरा क्षेत्र मथुरा स्केप के किनारे खुद की मेहनत की कमाई एवं केंद्र व राज्य सरकार की आवास योजनाओं के सहयोग से आशियाना बनाकर वर्षों से रह रहे हजारों लोगों के पक्ष में जिला प्रशासन नगर निगम प्रशासन एवं राजस्व विभाग सिंचाई विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया इस मौके पर अध्यक्ष लुकेश कुमार राही ने कहा की प्रशासनिक अधिकारी भेदभाव पूर्ण रवैया अपनाकर पूंजी पतियों भूमाफिया को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से सुप्रीम कोर्ट की आड़ में बिना वैकल्पिक आवासों की व्यवस्था किये लोगों को बेघर करने पर तुले हैं।

प्रदर्शन के दौरान मथुरा एस्केप मूल स्वरूप से छेड़छाड़ कर के जेनर्म योजना के तहत पांवच फिट का नाला बनाने वाले षड्यंत्रकारी अधिकारी कर्मचारियों की जांच कर कार्रवाई हो साथ ही मथुरा रजिस्ट्री ऑफिस के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई हो। डूडा अधिकारियों जिन्होंने संजय नगर में धन आवंटन कराकर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माण कराया उनके खिलाफ कार्रवाई हो। प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति देने वाले नगर निगमअधिकारियों पर कार्रवाई हो। साथ ही सिंचाई विभाग के अधिकारियों जिन्होंने मथुरा एस्केप के स्वरूप के साथ छेड़छाड़ नहर से नाला बनाने की स्वीकृति देने वालों पर कार्रवाई हो की मांग की गई।

प्रदर्शन के दौरान लुकेश कुमार राही, सागर सिंह, सुमित कुमार चौधरी, चित्र सेन मौर्य, सुनील कुमार पटवारी, हरि ओम , भीकम सिंह, भाजपा नेता सिद्धांत भाटिया, भीम आर्मी मंडल अध्यक्ष हेमेंद्र कुमार, कुमार गंगाराम दिवाकर, पूर्व प्रधान जितेंद्र दिवाकर, रामवीर सिंह यादव, अजय कुमार, गौरव कुमार हिमांशु गिरधारी लाल शर्मा की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# श्रोतमुनि आश्रम में प्रारंभ हुआ नेत्र चिकित्सा शिविर



मानव, भेदी नज़र

**मथुरा।** गुरु गंगेश्वर भूरामल निःशुल्क चिकित्सा सेवा संस्थान के तत्वाधान में गांधी मार्ग स्थित श्रोतमुनि निवास पर त्रिदिवसीय विशाल निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का शुभारंभ रविवार को संतो द्वारा किया गया। स्वामी विवेकानंद महाराज ने कहा कि नेत्र भगवान की सबसे अनुपम देन है।

जिसके माध्यम से हम भगवान के सुंदर संसार को देख पाते हैं। किसी को नेत्र ज्योति प्रदान करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। महंत स्वामी अद्वैतमुनि महाराज ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा के लिए समाज के सभी वर्गों को आगे आना चाहिए न।

असहाय व निर्धनों की नेत्र चिकित्सा का कार्य भगवान की आराधना की समान है। स्वामी परमानंद ने बताया कि शिविर में काला पानी, नाखूना, मोतियाबिंद आदि का निःशुल्क ऑपरेशन कर लैंस प्रत्यारोपित किए जाएंगे। रोगी की दवाई, चश्मा, भोजन के साथ रहने की व्यवस्था भी मुफ्त होगी। इस अवसर पर स्वामी अनिलानंद, स्वामी श्यामानंद, डॉ एस के भटनागर, डॉ धीरज छापड़िया, डॉ पंकज, डॉ रोहित, डॉ कन्हैया, प्रदीप, विनोद, प्रकाश निरचंदानी, सुनील गौतम, हरिओम, मोहित शर्मा, अमित तिवारी, राहुल शर्मा, शैलेंद्र तिवारी, अखिलेश वशिष्ठ आदि उपस्थित रहे।

# मथुरा में धूमधाम से मनाई गई संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती

**मानव, भेदी नज़र, मथुरा।** माघ पूर्णिमा को मथुरा जनपद में विभिन्न संगठनों के लोगों द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 649 वीं जयंती पर मथुरा शहर में एक भव्य शोभा यात्रा बड़ी धूमधाम से पुलिस प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकाली गई विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी डॉ आंबेडकर सामाजिक अधिकार मंच के तत्वाधान में आयोजित बोधिसत्व संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती पर पुष्पांजलि एवं शोभायात्रा कार्यक्रम बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया सुबह से ही महिलाएं और बच्चे एवं सामाजिक लोग रविदास जी की प्रतिमा पर पूजा पाठ करते रहे जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में पधारे लोकदल नेता डॉ अशोक अग्रवाल व कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर व मथुरा वृंदावन नगर निगम वार्ड नंबर 47 पार्षद प्रतिनिधि तिलक वीर चौधरी ने शोभायात्रा का संयुक्त रुप से आरती व पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का शुभारंभ किया कार्यक्रम के संयोजक ब्रजलाल, लोकेश कुमार राही, जितेन्द्र सिंह के द्वारा सभी लोगों से अपील की गई कि संत रविदास जी के बताए हुए मार्ग पर चलकर ही आप अपने जीवन का भला कर सकते हैं इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथियों ने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को केवल संत रविदास जी के बताए हुए मार्ग पर चलकर ही खत्म किया जा सकता है और उपस्थित सभी जनों से अपील की कि अपने बच्चों को शिक्षा अवश्य ग्रहण कराएं तभी संत शिरोमणि गुरु रविदास जी को सच्ची पुष्पांजलि होगी।

# दो विभागों के बीच अटका कॉलोनी का विकास

**मानव, भेदी नज़र, मथुरा।** मथुरा जनपद के नगर निगम मथुरा वृंदावन क्षेत्र के अंतर्गत जमुना पार स्थित .कृष्ण धाम कॉलोनी जिसमें सैकड़ो परिवार निवास करते हैं। यह कॉलोनी मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण से अप्रूव्ड है। जिस समय कॉलोनी को विकसित किया गया था तभी कॉलोनाइजर द्वारा नाली और खड़ंजा का निर्माण कराया गया था। लगातार कई दशक बीत जाने के बाद रोड और नाली खरंजा की स्थिति अत्यंत खराब हो गई है। अब ठीक से चलने लायक नहीं रह गई है। इस संबंध में स्थानीय एक दर्जन लोगों ने हस्ताक्षरित प्रार्थना पत्र महान नगर के महापौर और नगर आयुक्त को दिया है। जिसमें कॉलोनी में विकास कार्य कराए जाने की मांग की है। क्षेत्रीय विधायक पूरन प्रकाश ने भी नगर आयुक्त को पत्र लिखकर स्थानीय कॉलोनी वासियों की समस्त समस्या का समाधान करने का आग्रह किया है। इस संबंध में नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कॉलोनी को कॉलोनाइजर द्वारा नगर निगम को हस्तांतरित नहीं कराया गया है। ऐसी स्थिति में नगर निगम से नाली खरंजा बिजली पानी समस्या का समाधान होना संभव नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है समय रहते नगर निगम या जिला प्रशासन ने कॉलोनी वासियों नारकीय जीवन से मुक्ति नहीं दिलाई गई तो स्थानीय लोग आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

# ब्रह्मकुमारियों के हर हर महादेव के नाद से महाशिवरात्रि पर्व का हुआ शुभारम्भ

**मानव, भेदी नज़र, मथुरा।** परमपिता परमात्मा शिव के दिव्य अवतरण का महाशिवरात्रि पर्व ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा लक्ष्मी नगर सेवा केंद्र पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के साथ शुरू हुआ। 15 दिन चलने वाले इस आयोजन में रिफाइनरी नगर, लक्ष्मी नगर , अकबरपुर और बलदेव छेत्र में जनसम्पर्क और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से जनमानस को बुराईओं और व्यसनों से दूर रहने तथा ईश्वरीय ज्ञान द्वारा अपने जीवन को दिव्य बनाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। सेवा केंद्र प्रभारी राजयोगिनी बीके कृष्णा दीदी ने बताया कि इस कलयुगीरात्रि का तम हरने और सतयुगी सृष्टि का सृजन करने हेतु सभी आत्माओं के पिता परमपिता शिव विगत 90 वर्षो से ब्रह्मा तन का आधार लेकर राजयोग का ज्ञान दे रहे है । शिव के अन्य नाम नील कंठ और अमरनाथ भी है। स्थानीय विधायक प्रतिनिधि तरुण प्रकाश ने संस्था के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू शिविर की मधुर स्मृतियों को साझा किया ।जिला कमांडेंट डॉ. शैलेंद्र प्रताप सिंह ने संस्था द्वारा किए जा रहे समाज उत्थान के प्रयासों की मुक्त कंठ से भूरि-भूरि सराहना की। इस आयोजन में माउंट हिल एकेडमी की डायरेक्टर बरखा वर्मा, गुंजन वर्मा, मथुरा रिफाइनरी के अधिकारी गण ,सुदूर ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या मे भाई बहनों ने सहभागिता की ।

# डीएवी इंटर कॉलेज में विराट हिंदू सम्मेलन

**मानव, भेदी नज़र, मथुरा।** द्वारिकेश नगर स्थित डीएवी इंटर कॉलेज परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मार्गदर्शन में दयानंद हिंदू सम्मेलन समिति द्वारा एक विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में हिंदू मातृशक्ति, नवयुवक एवं समाज के प्रबुद्ध नागरिकों ने सहभागिता कर सामाजिक एकता और समरसता का संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि जातिगत भेदभाव हिंदू समाज को कमजोर करने वाला सबसे बड़ा कारण है। जब तक समाज संगठित, समरस और भेदभाव-मुक्त नहीं होगा, तब तक राष्ट्र निर्माण का लक्ष्य पूर्ण नहीं हो सकता। वक्ताओं ने सभी वर्गों से आपसी भेदभाव त्यागकर एकजुट होने और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने का आह्वान किया। सम्मेलन में उपस्थित हिंदू मातृशक्ति एवं नवयुवकों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे समाज में समानता, भाईचारे और एकता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य करेंगे। कार्यक्रम के दौरान एक रहोगे, नेक रहोगे के उद्घोष से पूरा परिसर गूंज उठा और वातावरण हिंदू एकता के नारों से ओत-प्रोत हो गया। सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े वक्ताओं सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए हिंदू समाज को एक सूत्र में बांधने पर बल दिया। कार्यक्रम का समापन हिंदू एकता जिंदाबाद और सनातन संस्कृति अमर रहे जैसे गगनभेदी नारों के साथ हुआ। कार्यक्रम का कुशल संचालन योगेश आवा ने किया। प्रमुख रूप से क्षमा नंद महाराज, रमेश चंद्र आर्य, छैला बिहारी (विभाग कार्यवाह), कलम लता आर्य, रमेश अग्रवाल, रामकुमार, पवन, मुरारी लाल, अवधेश, ललित अग्रवाल, श्याम शर्मा, राजीव अग्रवाल, बनवारी लाल अग्रवाल, नरेंद्र गोला, रूप किशोर, मोहन शाह, पुष्पेंद्र सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# यूजीसी एक्ट के विरोध में सवर्ण समाज का प्रदर्शन

मानव, भेदी नज़र





**मथुरा।** सरकार द्वारा लाए गए यूजीसी एक्ट के विरोध में सवर्ण समाज के तमाम संगठनों द्वारा बिल का विरोध किया गया। मथुरा के कृष्णा नगर से सवर्ण समाज के हजारों कार्यकताओं द्वारा यूजीसी एक्ट के विरोध में मार्च निकाला गया।

विरोध प्रदर्शन को रोकने के लिए भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर मौजूद रहा लेकिन सवर्ण समाज के हजारों लोगों की भीड़ बिल के खिलाफ नारे लगाते हुए आगे बढ़ती रही। भारी संख्या में भीड़ के प्रदर्शन की वजह से यातायात व्यवस्था भी चरमरा गई। मथुरा के तमाम थानों का फोर्स मौके पर पहुंच गया और प्रदर्शन को रोकने की कोशिश में जुट गया। विरोध प्रदर्शन में करणी सेना,क्षत्रिय समाज, राजपूत समाज, अखिल भारतीय क्षत्रिय सभा,ब्राह्मण महासभा आदि तमाम संगठन के लोगों ने हिस्सा लिया। पुलिस प्रशासन द्वारा विरोध प्रदर्शन को कृष्णा नगर में ही रोक लिया गया और सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा प्रदर्शनकारियों से ज्ञापन लेकर उन्हें आश्वासन देकर धरना प्रदर्शन को शांत कर दिया गया। प्रदर्शन में करणी सेना के प्रदेश सचिव कन्हैया ठाकुर एडवोकेट, अंतर्राष्ट्रीय कलाकार डॉक्टर दिनेश शर्मा जिला अध्यक्ष करणी सेना कान्हा ठाकुर गोवर्धन, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जिला अध्यक्ष सुजान सिंह तरकर, डॉक्टर नवल सिंह सिसोदिया संरक्षक अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, ठाकुर सियाराम प्रधान क्षत्रिय महासभा, जिला महामंत्री देवेंद्र सिंह सिसोदिया युवा नगर अध्यक्ष मथुरा, योगेंद्र सिंह युवा जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा , ठाकुर दिनेश सिंह भाटी युवा क्षत्रिय महासभा, कप्तान सिंह विधानसभा अध्यक्ष छाता अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, नरेश ठाकुर जिला संगठन मंत्री करणी सेना, ठाकुर हरिओम सिंह विधानसभा अध्यक्ष करणी सेना, महावीर प्रधान, सोनू ठाकुर, मनु पंडित गोवर्धन, गणेश गोस्वामी हरदेव मंदिर, श्याम ठाकुर गोवर्धन, कान्हा ठाकुर, रवि जसावत, करण ठाकुर, बांके पांडे गोवर्धन हेमंत कौशिक गोवर्धन आदि मौजूद रहे।

# एसआईआर को लेकर सपाइयों ने किया कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

## फॉर्म-7 के जरिए वोटों में हेराफेरी का लगाया गंभीर आरोप

मानव, भेदी नज़र



**मथुरा।** समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने सोमवार को एसआईआर को लेकर प्रदर्शन किया और एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में फार्म 7 के जरिये वोटों में हेराफेरी का आरोप लगाया है। पार्षद व पूर्व जिला अध्यक्ष, समाजवादी युवजन सभा मुन्ना मलिक के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर एडीएम एफआर पंकज कुमार को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि ज्ञापन में इस बात के साक्ष्य भी दिये गये हैं। मुन्ना मलिक ने कहाकि मथुरा की बलदेव विधानसभा के गांव ओल समेत कई क्षेत्रों में सैकड़ों फॉर्म-7 बीएलओ को उपलब्ध कराए गए हैं। एक ही व्यक्ति द्वारा एक ही जाति और धर्म विशेष के लोगों के नाम कटवाने के लिए प्रशासन पर अनैतिक दबाव बनाया जा रहा है। यह सीधे तौर पर वोट की डकैती है जिसे समाजवादी बर्दाश्त नहीं करेंगे। पूर्व जिला अध्यक्ष, मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड राघवेंद्र प्रताप ने कहा कि मथुरा में लोकतंत्र की हत्या का बड़ा षड्यंत्र रचा गया है। अज्ञात लोगों के जरिए फर्जी हस्ताक्षर कर थोक में फॉर्म भरे जा रहे हैं। हमने एडीएम एफआर पंकज कुमार से मांग की है कि इन फर्जी फॉर्मों को तुरंत निरस्त कर दोषियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए।

पूर्व जिला अध्यक्ष, समाजवादी लोहिया वाहिनी पवन चौधरी ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि चुनाव आयोग के नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। बिना भौतिक सत्यापन के किसी का नाम काटना असंवैधानिक है। सत्ता के दबाव में विपक्षी विचारधारा वाले मतदाताओं को निशाना बनाना बंद होना चाहिए। महानगर अध्यक्ष, मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड इमरान अब्बास ने कहा कि चोरी छिपे और दुबककर वोट काटने का यह खेल अब जनता के सामने आ चुका है। हमने पूरी घटना और साक्ष्यों से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को भी अवगत करा दिया है।

# कोयल फाटक पर अंडर पास बनने से लोग खुश

## व्यस्त मार्ग पर आवागमन की दुश्वारियां होगी कम

मानव, भेदी नज़र

**मथुरा।** राया कस्बे में कोयल रेलवे फाटक संख्या 343-सी पर रेलवे द्वारा अंडरपास निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इससे लोगों में खुशी है, इससे पहले कटरा बाजार रेलवे फाटक को बंद करने के निर्णय को वापस लिय जाने पर कस्बावासियों ने मिठाई बांटी थी।

इस अंडरपास के बनने से लोगों को आवागमन में राहत मिलेगी। अंडर पास पर काम चल रहा है जिससे लोगों को कुछपरेशानी का भी सामना करना पड़ रहा है। सुरक्षा कारणों से फाटक से आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया गया है, जिससे मांट रोड पर लगातार जाम की स्थिति बनी हुई है। राया से अलीगढ़ और हाथरस की ओर जाने वाले वाहनों को वैकल्पिक मार्गोंकृसादाबाद, बलदेव मार्ग और बरेली बाईपाससे डायवर्ट किया जा रहा है। इसी तरह, अलीगढ़ और हाथरस से आने वाले वाहन भी बरेली बाईपास के रास्ते भेजे जा रहे हैं। इन मार्गों की दूरी अधिक होने से वाहन चालकों को अतिरिक्त समय और ईंधन खर्च करना पड़ रहा है। कस्बे और आसपास के क्षेत्र के लोग मजबूरी में संकरे रास्तों और कॉलोनियों से गुजर रहे हैं, जिससे मांट रोड पर दोनों दिशाओं में लंबी कतारें लग रही हैं। स्कूली वाहन, एंबुलेंस और दैनिक आवागमन करने वाले लोग इस जाम से खासे परेशान हैं। स्थानीय लोग सुझाव दे रहे हैं कि पर्याप्त पुलिस बल और स्पष्ट डायवर्जन व्यवस्था की जाती, तो परेशानी कुछ हद तक कम हो सकती थी। प्रशासन का कहना है कि अंडरपास निर्माण पूरा होने के बाद यातायात पहले से अधिक सुगम होगा।

# छत्रपति शिवाजी महाराज हिंदू सम्मेलन समिति ने आयोजित किया हिंदू सम्मेलन

## वन्दे मातरम् जय श्रीराम के नारों से गुंजायमान हुई गोपाल घाटी

मानव, भेदी नज़र



**मथुरा।** व्यक्ति, व्यक्ति में राष्ट्र चेतना का भाव जागृत करने के उद्देश्य को लेकर,निरंतर समाज के मध्य कार्य कर रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और समग्र हिंदू समाज के कार्यकर्ताओं ने माघ पूर्णिमा पर मथुरा महानगर के छत्ताबाजार गोपाल गली स्थित गोपाल घाटी पर शिवाजी बस्ती हिंदू सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान राम की छवि के समक्ष, पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन परम् पूज्य विष्णु स्वामी मतानुयायी गोपाल वैष्णव पीठाधीश्वर यदुनंदन लाला बाबा महाराज, भागवत भास्कर आचार्य अनमोल महाराज धाम वृंदावन, अम्बिका प्रसाद ब्रज प्रांत कुटुम्ब प्रबोधन प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, राष्ट्र सेविका समिति की डा.भारती चौधरी , संस्कृत भारती अध्यक्ष वरिष्ठ हिन्दू नेता आचार्य ब्रजेन्द्र नागर द्वारा किया गया। हिंदू सम्मेलन में, सनातन संस्कृति की मान,मयार्दा, संस्कृति, संस्कार और परम्पराओं को संरक्षित, संवर्धित करने और अपने घर परिवार समाज के मध्य अपने दैनिक जीवन में सांस्कृतिक परंपराओं को आत्मसात करते हुए अपनी सनातन संस्कृति को कैसे जीवंत रखा जाए और भारत माता की एकता अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने एवं भारत माता को परम-वैभव पर ले जाने जैसे विषयों पर वक्ताओं द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोपाल वैष्णव पीठाधीश्वर यदुनंदन, लाला बाबा महाराज द्वारा की गई, मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कुटुम्ब प्रबोधन ब्रज प्रांत प्रमुख अम्बिका प्रसाद जी रहे,मातृ शक्ति के रूप में राष्ट्र सेविका समिति की पूर्व बौद्धिक प्रमुख डा. भारती चौधरी जी का उद्बोधन रहा, हिंदू सम्मेलन की भूमिका संस्कृत भारती मथुरा जिला अध्यक्ष आचार्य ब्रजेंद्र नागर द्वारा रखी गई।

# धधकती होलिका के अंगारों से निकलेगा संजू पंडा, पंडा एक माह के लिए तप पर बैठा

## फालेन के होलिका दहन में पंडा को मानते हैं भक्त प्रहलाद का स्वरूप

मानव, भेदी नज़र





**मथुरा।** धधकती होलिका से निकलने के लिए प्रहलाद नगरी फालैन में संजू पंडा विधिवत पूजा अर्चना के बाद तप पर बैठ गए। कठोर नियमों का पालन करते हुए एक माह तक वह घर नहीं जाएंगे। मंदिर पर रहकर अन्न का त्याग कर तप करेंगे।

होलिका वाले दिन लग्न के अनुसार मोनू धधकती होलिका से होकर गुजरेंगे। भक्त प्रहलाद के होलिका से बच निकलने के चमत्कार को साकार करने के लिए प्रहलाद नगरी फालैन में तैयारियां शुरू हो गई हैं। संजू पंडा ने ग्रामीणों के साथ परिक्रमा कर प्रहलाद कुंड पर मंदिर के समीप होलिका स्थल और होलिका की पूजा की। ग्रामीणों ने प्रहलाद महाराज के जयघोष के साथ गुलाल उड़ाया। मेला आचार्य पंडित भगवान सहाय ने होलिका स्थल पर ग्राम प्रधान कैलाश सुपानियां सहित ग्रामीणों के साथ पूजन कराया और होलिका रखवाई। पंडा को प्रह्लाद की माला सौंपकर दोबारा तप के नियम समझाए। इसी के साथ संजू पंडा दूसरी बार धधकते अंगारों से निकलने के लिए तप पर बैठ गए।

मेला आचार्य भगवान सहाय पंडित ने बताया कि एक माह तक पंडा ब्रह्मचर्य का पालन करेंगे और घर नहीं जाएंगे। चार मार्च को अलसुबह होलिका के धधकते अंगारों से होकर निकलेंगे। इस परंपरागत कारनामे को देखने के लिए दूर- दराज से श्रद्धालु यहां जुटते हैं।

### यह होते हैं तप के नियम

ग्रामीण चरणसिंह ने बताया कि दूसरी बार संजू पंडा एक माह तक कठोर तप पर बैठेंगे। तप के नियम का पालन पंडा को करना होगा। पंडा एक माह तक घर नहीं जाएंगे। ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए अन्न का त्याग कर केवल फलाहार पर ही रहेंगे। सुबह शाम को तप और साधना करेंगे। एक माह तक धरती पर ही शयन करेंगे।

### पंडा को मानते हैं भक्त प्रहालद का स्वरूप

धधकते अंगारों से निकलने वाले पंडा को प्रहलादजी का स्वरूप माना जाता है। पूजा से पूर्व वह मंदिर में रखी प्राचीन प्रहलादजी के नाम की माला को ग्रहण करते हैं। उसी से पूजा-अर्चना करते हैं। पंडा को प्रहलादजी महाराज का स्वरूप माना जाता है। वह धधकती होलिका के अंगारों से सकुशल बच निकलने का कारनामा भक्ति के दम पर करते हैं।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय के वार्षिकोत्सव में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

## छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करके अतिथि दर्शकों की जमकर लूटी वाहवाही

विद्यालय की वार्षिक पत्रिका भविष्य का सारथी का किया विमोचन

मानव, भेदी नज़र





**मथुरा।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, लोहवन के वार्षिकोत्सव में विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम छात्राओं ने प्रस्तुत करके समां बाध दिया। छात्राओं की प्रस्तुतियों को देशकर सभी अतिथि व दर्शक दांतों तले अगुलियां दबाने लगे। इस अवसर पर विद्यालय की वार्षिक पत्रिका का अतिथियों ने विमोचन किया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ की गई।

विद्यालय के एसपीसी बैंड के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि एडीआईओएस यशपाल सिंह , अवादा फाउंडेशन की निदेशक ऋतु पटवारी और विशिष्ट अतिथि विधायक बलदेव के प्रतिनिधी तरुण प्रकाश और अनुज प्रकाश का प्रधानाचार्य द्वारा स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया। इस अवसर पर बांके बिहारी, विद्या भारती के अध्यक्ष हरीशंकर ,किसान इंटर कॉलेज सौंखखेड़ा के चंद्रभान ,आशीष, जीजीआईसी अड़ींग प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा, बीनेश संगवाल, शिक्षा कायाकल्प से हरिओम शर्मा, गोवर्धन दास गुप्ता, जिला समनव्यक श्याम सुंदर शर्मा का पटका पहनाकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विधायक प्रतिनिधि तरुण प्रकाश और अनुज प्रकाश ने पुरस्कार देकर छात्र छात्राओं को सम्मानित किया।

इसके बाद प्रधानाचार्य कविता सक्सैना द्वारा वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। विद्यालय की वार्षिक पत्रिका भविष्य का सारथी का अतिथियों के कर कमलों द्वारा विमोचन किया। एडीआईओएस यशपाल सिंह ने छात्रों को जीवन में अनुशासन, समय पालन और धैर्य का पालन करने हेतु प्रेरित किया।

## सैर-सपाटा

# करसोग घाटी में आनंद भोग

संतोष उत्सुक

हरे नीले भूरे मटमैले, बर्फ ओढे पहाडी स्थलों में गजब आकर्षण है कि आवारगी के मतवाले हर मौसम में वहां पहुंचे रहते हैं। कुछ दिन-रात यहां बिता, नया उत्साह व चेहरों पर रौनक बटोरकर लौट, फिर से जुट जाते हैं पुरानी व्यस्त दिनचर्या में, जहां से वे आते हैं। यह विकास की माया है कि चंद गिने-चुने पर्यटक स्थलों पर हर बरस भीड जमा होती है मगर अनेक दिलकश जगहें बिना पर्यटकों के उदास रहती हैं क्योंकि वहां विकास की माया नहीं है। आमतौर पर पर्यटकों को कुल्लू, मनाली, शिमला, चैल, धर्मशाला का ही पता है। हालांकि प्रकृति ने हिमालयी आंगन में अनगिनत जगहें ऐसी रची हैं जहां दिलकश खूबसूरती का अंबार लगा है मगर सूचना व विकास के अभाव में पर्यटक वहां तक पहुंच नहीं पाते।

सुविधाओं के मामले में पर्यटक लकीर के फकीर हैं। उन्हें हर जगह हर तरह की सुविधाएं चाहिये। सही सोचा जाये तो कुदरत ने हमें अनेक अनमोल व अद्वितीय सुविधाएं दी हैं। इनके बिना हमारा काम नहीं चल सकता। दूसरे इन सुविधाओं का विकल्प भी नहीं है। इसलिये भौतिक आराम को थोडे समय के लिये भूलकर प्रकृति के आंगन में सहज जीवन के निर्मल आनंद का सौम्य उत्सव मनाना ही चाहिये। प्रकृति प्रांगण में मुफ्त उपलब्ध, अलौकिक आनंद का रसपान कराती आज तनाव, दबाव व घोर कंपीटीशन में खुद फंसे आदमी के लिये इन जरूरी सुविधाओं की लम्बी लिस्ट है।

चप्पे चप्पे में फैली प्रदूषण मुक्त नयनाभिराम हरियाली, आंखों को ठण्डक की तरलता पहुंचाते नीले खुले आसमान में अठखेलियां करते मेघदूत, देवदार, कैल, चीड की नथुनों को सुगंधित कर देने वाली शीतल बयार, जडी-बूटियों के सानिध्य से बहकर आते अनगिनत मीठे जल स्रोत, बारिश के बाद निखरी अनगिनत शेड्स की खुशनुमा मादकता बिखेरती गुलाबी शामें, जंगली फूलों की अनूठी विरली गंध में माधुर्य घोलता पक्षियों की चहचाहट से भरपूर संगीतमय सुंदर पर्यावरण, सादगी व लोक संस्कृति को सम्प्रेषित करते पहाड के सीधे-सादे लोग।

यहां का सबकुछ सहज है। आइये, जीवन से बिजनेस, मोबाइल, अंधी प्रतियोगिता व चैनल टीवी को तिलांजलि देकर करसोग घाटी चलते हैं जहां प्रकृति



की अनछुई उन्मुक्त सुन्दरता आपको कायल करने को आतुर है। कुदरत की बेटी करसोग जाने के लिये शिमला से 100 किलोमीटर का फासला है। मण्डी या सुन्दरनगर से भी जा सकते हैं। यहां से घीडी या फिर चैल चैक होकर रोहांडा पहुंचते हैं। यहां पहुंचते पहुंचते सेब, नाशपाती, चीड, कैल, देवदार व अन्य वृक्ष लुभाने लगते हैं। सडक पर ज्यादा वाहन नहीं मिलते इसलिये यात्रा का मजा बरकरार रहता है। प्रकृति अपना सबकुछ सीधे सीधे सम्प्रेषित करती है। यह हम पर निर्भर है कि कितना आत्मसात करते हैं। जेब में नोट से ज्यादा वक्त हो तो कई जगहों पर रुककर उन्मुक्त प्रकृति के अधीन निकट होने का ज्यादा लुत्फ ले सकते हैं।

रोहांडा से पहले झुंगी में फोरेस्ट रेस्ट हाउस है और रोहांडा में भी। रोहांडा से निकलते हुए प्राकृतिक दृश्य ऐसे होते जाते हैं मानो नयनाभिराम पोस्टर हों। लम्बे-लम्बे कद्दावर वृक्ष, सीढीनुमा खेतों के रंग-बिरंगे बिछौने, मनभावन नीले खुले आसमान के नीचे यहां से वहां तक फैली खूबसूरत पर्वत श्रंखलाएं-कैमरा यहां अपनी जिम्मेदारी खूब निभाता है। कितनी ही जगह गाडी रोककर हम पैदल चल पडते हैं। पहिये बुरे लगने लगते हैं। मन और शरीर चाहता है इन वादियों में उड जायें, कूद जायें हरियाली की गोद में। कम्प्यूटरी जीवन से अनभिज्ञ पहाडी बचपन देखकर लगता है यहां कुछ नहीं बदला। बच्चे, लिंगड (स्थानीय पौष्टिक स्वादिष्ट सब्जी) बेचते मिलते हैं।

रास्ते में चैकी नामक जगह पर पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस है। यहां से आगे पांगणा नामक आकर्षक जगह है, जहां कुदरत और रस घोलती है, आंखों को आराम मिलता है मन को चैन। यहां भी पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस है। स्थानीय लोगों की जीवन शैली अति भौतिकता का मोह छोडने, कम सुविधाओं में जीने, सादगी की ओर प्रेरित करती है। चाहें तो पांगणा से तीन किलोमीटर पीछे कैंची मोड से बरखोट होते हुए करसोग जा सकते हैं या फिर पांगणा से दो किलोमीटर आगे लाजवाब चिंडी पहुंच सकते हैं। यहां पीडब्ल्यूडी का बढिया रेस्ट हाउस व हिमाचल पर्यटन निगम का सुन्दर होटल ममलेश्वर है। चिंडी उन विरले स्थानों में से एक है जहां चीड, कैल व देवदार के वृक्ष एक साथ हैं। यह जगह सृष्टि ने अनूठी ख्वाबगाह की तरह बसाई है। यहां पहुंचकर यात्रा की थकान रफूचक्कर हो जाती है। चिंडी से बरखोट होते हुए तेरह किलोमीटर दूर सिनारली के फोरेस्ट रेस्ट हाउस में भी रुक सकते हैं। करसोग यहां से मात्र तीन किलोमीटर है।

कुदरत के गहन सानिध्य में जाना हो तो 1830 मीटर (6010 फीट) पर स्थित करसोग से 25 किलोमीटर दूर माहुनाग पहुंचकर वहां स्थित फारेस्ट रेस्ट हाउस में ठहरकर असीम उन्मुक्त अविस्मरणीय लम्हों को अपने अनुभवों के खजाने में जमा कर सकते हैं। इस अहसास को अधिक निजी बनाना हो तो कोटली व टांडा के फारेस्ट रेस्ट हाउस में ठहरा जा सकता है। यह स्थल करसोग से 22 व 30 किलोमीटर के फासले पर हैं। समस्त करसोग घाटी स्वादिष्ट सेब, नाशपाती, लिंगड, राजमा, मक्की, उडद आदि के लिये प्रसिद्ध है। वन्य जीवन प्रेमी पर्यटकों के लिये भी यहां कम आकर्षण नहीं और ट्रेकिंग के चहेते कितने ही रूट पकड सकते हैं।

इस क्षेत्र में स्थित प्राचीन मन्दिरों में पारम्परिक भवन निर्माण, लोक संस्कृति व आस्था के सशक्त दर्शन होते हैं। करसोग जैसे अनछुए क्षेत्रों में जाकर, जहां विशेषकर आने वाली पीढी को उनकी किताबों में वर्णित प्राकृतिक सुन्दरता के साक्षात दर्शन होते हैं, कुछ समय इकट्ठे रहकर, कम होते जा रहे आपसी स्नेह व प्रेम में बेहद जरूरी बढोतरी की जा सकती है।

शरीर नव ऊर्जा ग्रहण करता है। ऐसी जगहों पर एकाग्रता व आत्मिक शक्ति का उदय होता है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि व्यक्ति को स्वचिंतन करते हुए अपने आप से कई बार मिलने का विरला अवसर मिलता है। जागरुक पर्यावरण प्रेमी हमेशा खबरदार करते रहते हैं उन क्षेत्रों के बारे में जहां कम विकास व प्रचार के अभाव में प्रकृति को नोचा नहीं गया। बात सही भी है हमें ऐसी जगह समझदार पर्यटक चाहिये जो आनन्द तो उठायें मगर कूडा न फेंके, ऐतिहासिक स्थलों को नुकसान न पहुंचाये, प्रकृति को बरकरार रखे। कम प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों पर जाकर एक सीधा फायदा होता है खर्च कम होना। इस बहाने नई जगह घुमक्कडी भी हो जाती है और मित्र परिचितों को प्रेरित करने के लिये नये अनुभव हमें प्राप्त होते हैं।

# कूल सीजन का हॉट स्टाइल



## नारी संसार

**सर्दी** अपने शबाब पर है, इसलिए यह मौसम फैशन के अंदाज से बेहद हॉट होता है, परंतु ऐसे बहुत से युवा हैं जो इस मौसम में लगभग एक जैसे कपड़े पहन कर इसे बोर बना देते हैं। सर्दी से बचने के लिए वे एक ही जैकेट या कोट को इस्तेमाल करते हैं और स्टाइल मानो उनसे कहीं छूट जाता है। इसके लिए जरूरी है कि आप कुछ छोटी-छोटी बातों से अपना अंदाज बदल लें। मफलर, स्कार्फ या शॉल मैच्योर नहीं बल्कि आपको स्टाइलिश लुक भी दे सकते हैं। बस इन्हें अलग अंदाज में कैरी करने के स्टाइल सीख लें, क्योंकि कभी आऊटडेटिड मानी जाने वाली ये चीजें एक बार फिर से फैशन में लौट आई हैं...

**स्कार्फ से प्रोफैशनल लुकः-** स्कार्फ अब स्वयं को ठंड से बचाने के लिए नहीं पहना जाता, बल्कि स्टाइलिश लुक के लिए इसका इस्तेमाल किया जाता है। कहीं घूमने जाना है या फिर प्रोफैशनल गैटअप के लिए स्कार्फ इस सीजन में बैस्ट ऑप्शन माना जाता है। यही कारण है कि हर दिन बदलते फैशन में स्कार्फ ने अपनी एक खास जगह बना ली है, क्योंकि यह हर ड्रैस के साथ खूबसूरत लगता है। देखा जाए तो कैजुअल और प्रोफैशनल वियर दोनों के साथ यह परफैक्ट लुक देता है, इसीलिए कॉलेज गोइंग गर्ल्ज से लेकर वर्किंग गर्ल्ज को भी इस स्टाइल ने आकर्षित किया है।

**मफलरः-** बॉलीवुड में शाहिद कपूर से लेकर रणबीर कपूर तक ने अपनी फिल्मों में खूबसूरत अंदाज में मफलर पहना तो युवाओं ने भी इसे अपना लिया। इनकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह आपकी ड्रैस को नोटिसेबल फ्लेयर देते हुए काफी स्टाइलिश दिखते हैं। यही नहीं, ज्यादा सर्दी में ये आपके कानों और गर्दन को भी ठंड से बचाते हैं। आप अपनी पसंद के फैब्रिक्स, कलर्स और पैटर्न्स का मफलर चुन सकते हैं। इसे आप पुलोवर या कार्डिगन के साथ ही नहीं, बल्कि कोट, टी-शर्ट एवं जैकेट के साथ भी पहन सकते हैं।

इस बात का ध्यान रखें कि मफलर आऊटफिट के साथ कंट्रास्ट में हो या फिर लाइनिंग और चैक में हो तो ज्यादा हॉट लुक देगा। यदि ब्लैक ड्रैस पहन रही हैं तो उसके साथ रैड, पिंक या अन्य कलर का मफलर यूज करें। यूं तो आप इसे दोनों साइड सेम लैंथ पर पहन सकती हैं, जो काफी कॉमन स्टाइल होने के बावजूद अच्छा लगता है। इसके अलावा आप इसे क्रॉस करके टाई की तरह भी ट्राई कर सकती हैं। मफलर में एक गांठ लगा कर भी आप इसे खूबसूरत लुक दे सकती हैं तथा लांग मफलर को आप गले में दो बार लपेट कर भी पहन सकती हैं।

**युवकों को भी भायाः-** स्कार्फ का स्टाइल युवतियों को ही नहीं, बल्कि युवकों को भी भाने लगा है। वे इसे जींस और टी-शर्ट के साथ पहनने लगे हैं, परंतु प्रोफैशनल लुक के हिसाब से यह परफैक्ट नहीं माना जा सकता। युवकों को मफलर के कलर का चुनाव करते समय ज्यादा अलर्ट रहने की जरूरत है। उन्हें अपनी ड्रैस के साथ मैच करके ही स्कार्फ का चयन करना चाहिए।

**कलर मैचिंग ध्यान सेः-** भले ही आप इसे मिसमैच का दौर मानें, परंतु डिजाइनर्स के अनुसार गुड लुकिंग के लिए सारा खेल मिसमैचिंग में मैचिंग का है, क्योंकि इसके लिए भी उसी कलर का चयन किया जाता है, जो एक-दूसरे के बिल्कुल अपोजिट होते हुए भी बेमेल न लगते हुए आपको गुड लुक दे। इसलिए स्कार्फ भी ड्रैस के कलर के अनुसार ही चुनें। यदि कुछ समझ न आए तो आप ब्लैक कलर का स्कार्फ भी यूज कर सकती हैं, क्योंकि यह जहां हर कलर की ड्रैस के साथ चलेगा, वहीं यह आपको परफैक्ट लुक भी देगा। इसके अलावा आप व्हाइट और रैड स्कार्फ को भी बिंदास अंदाज में यूज कर सकती हैं।

# सच्ची प्रशंसा पाने का सही तरीका



**लोगों** के हाथों अपनी प्रसन्नता-अप्रसन्नता बेच नहीं देनी चाहिए। कोई प्रशंसा करे तो हम प्रसन्न हों और निंदा करने लगे तो दुखी हो चलें। यह तो पूरी पराधीनता हुई। हमें इस संबंध में पूर्णतया अपने ही ऊपर निर्भर रहना चाहिए और निष्पक्ष होकर अपनी समीक्षा आप करने की हिम्मत इकट्ठी करनी चाहिए। निंदा से दुःख लगता हो तो अपनी नजर में अपने कामों को ऐसे घटिया स्तर का साबित न होने दें। जिसकी निंदा करनी पड़े। यदि प्रशंसा चाहते हैं तो अपने कार्यों को प्रशंसनीय बनाएं।

सच्ची प्रशंसा पाने का सही तरीका एक ही है की अपने को दिन-दिन सुधारते चले जाएं और भावना तथा क्रिया की दृष्टि से उस स्तर पर जा पहुंचे जिस पर पहुंचने में आत्मसंतोष प्राप्त होता है और आतंरिक उल्लास प्रस्फुटित होता है। अपनी दृष्टि में अपना प्रशंसित होना सारे संसार के मुंह से गाई जाने वाली प्रशंसा की अपेक्षा कहीं बेहतर है।

जीवन की यात्रा के दौरान यदि व्यक्ति को प्रशंसा मिलती है तो उसका अपने कार्य के प्रति उत्साह बढ़ जाता है और वे अधिक ऊर्जा से अपने कर्तव्य का निर्वाह करता है। निंदा जहां होती है, खुशी वहां से पलायन कर जाती है। जिनका स्वभाव है निंदा करना, वे किसी भी परिस्थिति में निंदा प्रवृत्ति का त्याग नहीं कर सकते हैं इसलिए समझदार इंसान वही है जो ऐसे लोगों द्वारा की गई विपरीत टिप्पणियों की उपेक्षा कर अपने काम में मस्त रहता है।



# ऐसे पता करें कहीं हैक तो नहीं हुआ आपका जीमेल खाता

**हाल** में ही याहू मेल इस्तेमाल करने वाले कुछ लोगों के यूजरनेम और पासवर्ड हैक हो गए हैं। पिछले दो महीने में याहू की ई-मेल सेवा में सेंधमारी की यह दूसरी घटना है। किसी का मेल अकाउंट के हैक होने की खबर नई नहीं है। ऐसे में हर किसी के लिए यह जानना जरूरी है कि अपने ई-मेल खाते को सेफ कैसे रखा जाए। दुनिया में ईमेल के लिए गूगल का जीमेल सबसे ज्यादा यूज किया जाता है। जीमेल पर विश्व में लगभग 500 मिलियन से ज्यादा यूजर्स हैं जो डेली 100 बिलियन ईमेल करते हैं।



अगर आप भी जीमेल यूज करते हैं तो आपको यह पता होना चाहिए कि उसे कैसे सुरक्षित रखा जा सकता है। अकाउंट की सुरक्षा के लिए उपाय तो अलग बात हैं लेकिन आप को कैसे पता चलेगा कि किसी और ने आपका अकाउंट हैक कर लिया है। आइए आपको बताते हैं एक आसान तरीका जिससे जिससे आपको पता चल जाएगा कि कहीं आपका अकाउंट कोई और तो नहीं यूज कर रहा। गूगल ने जीमेल में कुछ ऐसे टूल्स दिए है जिनकी सहायता से आप अपने अकाउंट को लॉक कर सकते हैं। यह आपको बताएगा किस समय, किस ब्राउजर और किस आईपी एड्रेस से आपको जीमेल अकाउंट को खोला गया है। इस तरह आप अपने अकाउंट को सेफ रख सकते हैं।

▸▸ सबसे पहले अपना जीमेल अकाउंट खोलें, स्क्राल डाउन करें और सबसे नीचे की तरफ आफको डिटेल्स का एक आइकन दिखाई देगा।

▸▸ डिटेल्स पर क्लिक क्लिक करेंगे तो एक पॉप अप विंडो खुलेगी जिस पर ह्यएक्टीविटी ईफोरमेशनह्न दिखेगी। इस में आपको बताया जाएगा कि आपके अकाउंट को किस लोकेशन से, किस समय और कितने समय तक यूज किया गया है। साथ ही ब्राउजर और प्च पता भी दिखेगा। आप अपने ऑफिस और घर के आईपी से मिलाकर देखा सकते हैं कि कहीं और से आपका अकाउंट यूज तो नहीं हुआ।

▸▸ एक्टीविटी ईफोरमेशन विंडो में आपको एक और विकल्प मिलेगा जिसमें लिखा होगा कि 'साईन आउट ऑल अदर सेशन' (अगर आपका जीमेल कहीं और भी खुला है तो उसे लॉग आउट करें)। इसे यूज करके आप सभी डिवाइस से आप तुरंत ही लॉग आउट हो जाएंगे।

▸▸ इस तरह से आपको पता चल जाएगा कि आपका अकाउंट कोई और व्यक्ति भी यूज कर रहा है। अगर ऐसा है तो तुरंत अपना पासवर्ड बदल लें।

## बालपन

# टिफिन में हो कुछ हट कर

**ब्रेकफास्ट** के समय स्कूल जाने की टैंशन... तो शाम को डिनर के लिए बच्चों के पीछे-पीछे खाने की प्लेट लेकर भागना... और सबसे ज्यादा प्रॉब्लम होती है जब बच्चे स्कूल में लंच नहीं करते और अक्सर टिफिन वैसे ही घर वापस ले आते हैं। अब बच्चों को एनर्जी मिलेगी भी तो कैसे जैसी बातों की चिंता में मांओं को समझ में ही नहीं आता कि आखिर बच्चों को किस तरह खाना खाने के लिए प्रेरित किया जाए क्योंकि घर पर तो वे फिर भी कुछ न कुछ खिला ही देती हैं परंतु स्कूल के टिफिन का क्या किया जाए। इसके लिए जरूरी है कि खाने को उनकी पसंद का बना दिया जाए ताकि उनकी खाने से दोस्ती हो जाए।

**लाएं नयापनः-** यदि देखा जाए तो बच्चे बाहर का खाना बड़ी रुचि से खाते हैं परंतु घर के खाने को देख कर ही उन्हें बोरियत होती है इसलिए खाने के प्रति बच्चों में रुचि जगाने के लिए उनके खाने विशेषतः- उनकी टिफिन रैसिपीज में थोड़ी नवीनता लाएं ताकि बच्चे को उसके



पसंदीदा खाने के लिए लंच ब्रेक का इंतजार रहे।

**जंक फूड जैसा हो टेस्टीः-** बच्चों को दाल, सब्जी और रोटी से ज्यादा जंक फूड खाना बेहद पसंद होता है। वह बाहर ऐसी चीजें खाना ज्यादा प्रैफर करते हैं यही कारण है कि पौष्टिक आहार की कमी उनके संपूर्ण विकास पर भी असर डालती है। बच्चे किसी भी तरीके से खाएं इस कारण ज्यादातर मांएं उनके लंच बॉक्स में ऐसा फूड रख देती हैं, जिसमें सैचुरेटेड फैट, नमक और चीनी की मात्रा ज्यादा होती है। यही कारण है कि उनमें चॉकलेट, जैम और जैली जैसी चीजें भी शामिल रहती हैं। इन सबके अलावा आप उनके टिफिन में अंकुरित दालें, पौष्टिक सलाद, हरी सब्जी-रोटी, फल आदि को अलग-अलग अंदाज में रखें। उन्हें खाने को प्रेरित करने से ही वे दिन भर अलर्ट तथा एनर्जी से भरपूर रहेंगे।


**टिफिन ऐसे करें तैयारः-** हर रोज टिफिन में सैंडविच या परांठा रख देने से बच्चे के मन में उसके प्रति बोरियत होना भी जायज है क्योंकि हर दिन एक जैसा खाना खाना किसी के लिए भी संभव नहीं होता। यूं तो आजकल छोटे बच्चों के लिए स्कूल ही एक चार्ट बना देता है कि किस दिन उनके टिफिन में क्या हो। इससे वे हर दिन एक नई चीज अपने फ्रैंड्स के साथ शेयर करते हुए खाने का आनंद लेते हैं। **इसी प्रकार आप भी अपने फूड में विभिन्नता लाएं जिससे कि स्कूल के छः-** दिन उसे अलग-अलग पौष्टिक फूड मिले। सोमवार को आप उनके टिफिन में कभी स्टफ परांठा तो कभी डोसा एवं उत्पम इत्यादि रख सकती हैं। मंगलवार को उनके टिफिन में अंकुरित दाल या फ्रूट चाट इत्यादि परांठे के साथ थोड़े चटपटे अंदाज में बना कर पैक करें, जिससे वे स्वाद ही स्वाद में चट कर जाएं। बुधवार को आप उनके लंच बाक्स में हरी सब्जी-परांठा या फिर वैज सैंडविच रखें तथा वीरवार को चना-पूरी बना लें। शुक्रवार को दाल-चावल या पुलाव और शनिवार को आप उन्हें सिर्फ फ्रूट्स भी दे सकती हैं। इसके अलावा कभी दलिया तो कभी पोहे, कभी घर पर बना बर्गर एवं कटलेट इत्यादि उन्हें स्कूल के लिए दें। इस तरह बच्चों की पसंद को ध्यान में रखते हुए उन्हें पौष्टिक भोजन दिया जा सकता है। इसके अलावा खाने की सजावट पर भी पूरा ध्यान दें क्योंकि स्वादिष्ट होने के साथ-साथ वह देखने में भी आकर्षक होना चाहिए इसलिए अलग-अलग तरीकों से खाना बनाना ही नहीं बल्कि उसे सजाने का तरीका भी अलग-अलग होना चाहिए।

## कविता

### धड़ाम की सीख

डॉ० सत्यवान सौरभ

**हद से ऊपर जो उड़ने लगा,**
**उसे जमीन की याद कहाँ रहती है।**
**चमक जब आँखों पर चढ़ जाए,**
**तो सच की रोशनी धुंधली पड़ जाती है।**
**चांदी ने भी यही कहानी दोहराई,**
**ऊँचाई पर खुद को अमर समझ बैठी।**
**1.28 लाख की चोटी पर चढ़कर,**
**गिरने की आहट अनसुनी कर बैठी।**
**बाजार का भी अपना धर्म है,**
**यह न किसी का सगा होता है।**
**जो सीमा लाँघे, जो होश खोए,**
**वही सबसे पहले ठगा होता है।**
**उछाल में अकड़ जन्म लेती है,**
**और अकड़ में विवेक मर जाता है।**
**धड़ाम की आवाज तब आती है,**
**जब गुरूर अपने शिखर पर होता है।**
**चमक सिखाती है सबक यह—**
**हर ऊँचाई टिकने के काबिल नहीं होती।**



# बिहार सबसे तेजी से वृद्धि करने वाले राज्यों में प्रति व्यक्ति आय 76 हजार रु. हुईः वित्त मंत्री

पटना, (वेब वार्ता)।



बिहार के वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने सोमवार को कहा कि बिहार देश में सबसे तेज गति से विकास करने वाले राज्यों में शामिल हो गया है और राज्य की प्रति व्यक्ति आय बढ़कर 76 हजार रुपये हो गई है। विधानमंडल में बिहार आर्थिक समीक्षा प्रस्तुत करने के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यादव ने कहा कि वृद्धि दर के मामले में बिहार दूसरे स्थान पर है, जबकि तमिलनाडु पहले स्थान पर है।

उन्होंने कहा, बिहार की आर्थिक वृद्धि दर 13.1 प्रतिशत है, जो राष्ट्रीय दर 7.3 प्रतिशत से काफी अधिक है। यादव ने कहा, राज्य की प्रति व्यक्ति आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है, जो 69 हजार रुपये से बढ़कर 76 हजार रुपये हो गई है। सरकार का ध्यान औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन पर केंद्रित है। उन्होंने बताया कि राज्य की प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करने के उद्देश्य से पूर्व मुख्य सचिव नवीन कुमार की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है, जिसे छह माह के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। वित्त मंत्री ने कहा, आर्थिक नीति के तहत सरकार ने शुरूआती 10 वर्षों में बिजली और सड़क अवसंरचना के विकास पर विशेष ध्यान दिया। अब सरकार का जोर औद्योगिकीकरण और रोजगार सृजन पर है, ताकि राज्य के लोगों की आय में तेजी से वृद्धि हो सके।

वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में वित्त मंत्री ने कहा, 2024 25 के लिए नवीनतम त्वरित अनुमान के अनुसार बिहार का राज्य सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) स्थिर मूल्य (2011 12) पर 8.6 प्रतिशत और वर्तमान मूल्य पर 13.1 प्रतिशत की दर से बढ़ा है।

इस दौरान जीएसडीपी का आकार स्थिर मूल्य पर 5.31 लाख करोड़ रुपये और वर्तमान मूल्य पर 9.92 लाख करोड़ रुपये के करीब पहुंच गया है। यह वृद्धि दर राष्ट्रीय स्तर पर दर्ज सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर से अधिक रहने का अनुमान है। वित्त मंत्री के अनुसार, वर्ष 2024 25 में द्वितीयक क्षेत्र ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है, जहां इसकी वृद्धि दर स्थिर मूल्य पर 11.1 प्रतिशत और वर्तमान मूल्य पर 15.5 प्रतिशत रही।

वहीं तृतीयक क्षेत्र में स्थिर मूल्य पर 8.9 प्रतिशत और वर्तमान मूल्य पर 13.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। प्राथमिक क्षेत्र में भी स्थिर मूल्य पर 4.1 प्रतिशत और वर्तमान मूल्य पर 9.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2020 21 से 2024 25 के बीच राज्य की अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक बदलाव देखने को मिला है। इस अवधि में द्वितीयक क्षेत्र की हिस्सेदारी 21.1 प्रतिशत से बढ़कर 26.8 प्रतिशत हो गई, जिसका मुख्य कारण निर्माण और विनिर्माण क्षेत्रों का विस्तार है। वहीं प्राथमिक क्षेत्र की हिस्सेदारी 21.9 प्रतिशत से घटकर 18.3 प्रतिशत और तृतीयक क्षेत्र की हिस्सेदारी 57 प्रतिशत से घटकर 54.8 प्रतिशत रह गई। उन्होंने कहा कि यह बदलाव राज्य की अर्थव्यवस्था में बढ़ते विविधीकरण को दशार्ता है।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की जनवरी में कुल बिक्री 15 प्रतिशत बढ़कर 33,880 इकाई

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)। वाहन विनिर्माता कंपनी टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की जनवरी में कुल बिक्री 15 प्रतिशत बढ़कर 33,880 इकाई हो गई। जनवरी 2025 में यह 29,371 इकाई रही थी। मोटर वाहन कंपनी ने बयान में कहा कि घरेलू बिक्री जनवरी 2025 की 26,178 इकाई के मुकाबले 17 प्रतिशत बढ़कर पिछले महीने 30,630 इकाई हो गई। वहीं निर्यात भी दो प्रतिशत बढ़कर 3,250 इकाई रहा जो एक साल पहले इसी महीने 3,193 इकाई रहा था। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) के कार्यकारी उपाध्यक्ष (सेल्स-सर्विस-यूज्ड कार बिजनेस) सबरी मनोहर ने कहा, वर्ष 2026 की शुरुआत सकारात्मक और उत्साहजनक रही है। हमारे उत्पाद खंड की निरंतर मजबूती व गुणवत्ता के साथ ही सुरक्षा एवं स्थिरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता पर ग्राहकों के विश्वास से यह गति बनी हुई है।

## एयरबस को भारतीय संचालक से तीन हेलीकॉप्टर का मिला ठेका

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)। एयरबस को एक भारतीय संचालक से तीन हेलीकॉप्टर का ठेका मिला है। एयरबस ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि एयरबस कॉरपोरेट हेलीकॉप्टर्स को दिए गए ठेके में दो एसीएच160 और एक एच175 हेलीकॉप्टर शामिल हैं। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार यह संचालक पहले से एसीएच160 का ग्राहक है और भारत का पहला एच175 ग्राहक बनेगा। संचालक का नाम और सौदे से जुड़े वित्तीय विवरण कंपनी ने हालांकि साझा नहीं किए। कंपनी के अनुसार, एच175 हेलीकॉप्टर 16 सीट वाला होगा और इसकी आपूर्ति इसी साल की जाएगी। वहीं दो एसीएच160 हेलीकॉप्टर की आपूर्ति 2027 में की जाएगी। फिच ने 2026-27 में आर्थिक वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है।

## केंद्रीय बजट एमएसएमई और स्वदेशी पर आधारित वैश्विक प्रतिस्पर्धा का रोडमैप : खंडेलवाल

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)। चांदनी चौक से सांसद एवं कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने केंद्रीय बजट को उच्च आकांक्षाओं और दूरदर्शी सोच वाला दस्तावेज बताया है। उन्होंने केंद्रीय बजट को एमएसएमई और स्वदेशी पर आधारित वैश्विक प्रतिस्पर्धा का रोडमैप बताते हुए कहा कि यह बजट देश के घरेलू संसाधनों के बेहतर उपयोग के माध्यम से भारत को एक वैश्विक आर्थिक शक्ति बनाने के संकल्प को मजबूत करता है। खंडेलवाल ने सोमवार को नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि यह पहली बार है, जब सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को बजट के केंद्र में रखा गया है। उन्होंने केंद्रीय बजट को विकसित भारत 2047 के लिए एक साहसिक, विकासोन्मुख और व्यापार- अनुकूल रोडमैप बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट स्वदेशी और वैश्विक बाजारों के बीच यह तालमेल भारतीय उत्पादों को नए अंतरराष्ट्रीय बाजारों में आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा के साथ पहुंचने में मदद करेगा। कैट महामंत्री ने 10,000 करोड़ रुपये के एसएमई ग्रोथ फंड की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि इससे सरकार की यह मंशा साफ झलकती है कि वह एमएसएमई को देश की दीर्घकालिक विकास और निर्यात योजनाओं से जोड़ना चाहती है। उन्होंने कहा कि सरकार की यह योजना तीन मजबूत आधारों–इक्विटी सहयोग, बेहतर तरलता और पेशेवर मार्गदर्शन पर आधारित है, जो एमएसएमई को आगे बढ़ने में पूरी मदद करेगी। खंडेलवाल ने बताया कि इक्विटी सहयोग, कर्ज के विपरीत, उद्यमों को बिना तत्काल किस्तों के दबाव के तकनीक में निवेश, उत्पादन विस्तार और निर्यात बाजार तलाशने का अवसर देता है। खंडेलवाल ने यह भी कहा कि जब वैश्विक मांग अस्थिर है और वित्तीय लागत अधिक है, तब ऐसे कदम एमएसएमई के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने 2,000 करोड़ रुपये की आत्मनिर्भर भारत फंड में अतिरिक्त राशि से तेजी से बढ़ने वाले एमएसएमई बिना बैलेंस शीट दबाव के विस्तार कर सकेंगे। एमएसएमई के लिए पूंजी प्रवाह को तेज करने वाले सुधार को रेखांकित करते हुए खंडेलवाल ने पूंजी प्रवाह को तेज करने के लिए किए गए कई सुधारों का स्वागत किया। कॉरपोरेट मित्र योजना पर उन्होंने कहा कि यह योजना अनुपालन को आसान बनाकर व्यापारिक माहौल में बड़ा बदलाव लाएगी। इसके तहत पेशेवर संस्थान छोटे-छोटे प्रशिक्षण पाठ्यक्रम तैयार करेंगे, जिनसे टियर-2 और टियर-3 शहरों में प्रमाणित कॉरपोरेट मित्र तैयार होंगे ये प्रशिक्षित प्रोफेशनल्स एमएसएमई को कम लागत पर अनुपालन संबंधी सहायता देंगे, जिससे छोटे व्यवसायों का समय और खर्च दोनों कम होगा। एमएसएमई के लिए मजबूत वित्तीय समर्थन हेतु बजट प्रस्तावों को बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने एमएसएमई के लिए किए गए बजटीय प्रावधानों का स्वागत किया। कस्टम ड्यूटी में कमी का जिक्र करते हुए खंडेलवाल ने कच्चे माल पर कस्टम ड्यूटी में कटौती और युक्तिकरण की सराहना करते हुए कहा कि इससे उत्पादन लागत घटेगी, भारतीय उत्पाद अधिक प्रतिस्पर्धी बनेंगे और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि 5,98,520 करोड़ रुपये का लॉजिस्टिक क्षेत्र में आवंटन माल ढुलाई को तेज, सस्ता और प्रभावी बनाएगा। इसमें हरित माल गलियारे, तेज क्लीयरेंस और मैन्युफैक्चरिंग से जुड़े लॉजिस्टिक्स पर विशेष जोर दिया गया है।

## सराफा बाजार में सोने की कीमत में मामूली गिरावट

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज हाजिर सोना के भाव में सांकेतिक गिरावट दर्ज की गई है। सोने के भाव में आई कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,60,570 रुपये से लेकर 1,60,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,47,190 रुपये से लेकर 1,47,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,60,620 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,47,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,60,570 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,47,190 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,60,570 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,47,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोने के भाव में मामूली कमजोरी नजर आ रही है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों-बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,60,570 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 1,47,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## स्टॉक मार्केट में हन्ना जोसेफ हॉस्पिटल की कमजोर शुरुआत, नुकसान में आईपीओ निवेशक

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में काम करने वाली कंपनी हन्ना जोसेफ हॉस्पिटल के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में गिरावट के साथ एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 70 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 7.14 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 65 रुपये के स्तर पर ही हुई। लिस्टिंग के बाद बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये शेयर कुछ ही देर में टूट कर 61.75 रुपये के लोअर सर्किट लेवल पर आ गया। इसके थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे ये शेयर उछल कर 68.25 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। इस तरह पहले दिन के कारोबार में अपर सर्किट लगने के बावजूद कंपनी के आईपीओ निवेशक 2.50 प्रतिशत के नुकसान में थे। हन्ना जोसेफ हॉस्पिटल का 42 करोड़ रुपये का आईपीओ 22 से 28 जनवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.54 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 1.08 गुना सब्सक्राइब हुआ था। वहीं नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 1.98 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 1.62 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 60 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं।

## सात-आठ प्रतिशत की वृद्धि दर को कायम रखना सरकार की शीर्ष प्राथमिकताः सीतारमण

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि सात से आठ प्रतिशत की वृद्धि दर को कायम रखना सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है, क्योंकि इससे सभी नागरिकों को फायदा होता है और रोजगार के ज्यादा अवसर पैदा होते हैं। रविवार को आम बजट 2026-27 पेश करने के बाद देश के अलग-अलग हिस्सों के कॉलेज से आए विद्यार्थियों के साथ संवाद में सीतारमण ने कहा कि अगर आर्थिक वृद्धि की रफ्तार अच्छी होगी, तो इसका फायदा सभी नागरिकों तक पहुंचेगा। उन्होंने कहा, और इसीलिए आर्थिक वृद्धि हमारी पहली प्राथमिकता है। हमें इसे उस स्तर पर बनाए रखना है। दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहने के लिए हमें सात प्रतिशत, आठ प्रतिशत वृद्धि के स्तर पर रहने की जरूरत है। इसलिए मैं जो कुछ भी करूंगी, वह इस वृद्धि को बनाए रखने के लिए होगा। वित्त मंत्री ने कहा कि आर्थिक वृद्धि से नौकरियां पैदा होती हैं, ज्यादा लोग श्रमबल से जुड़ते हैं और उत्पादकता बढ़ती है। सीतारमण ने आगे कहा कि नियोक्ता महिलाओं की दक्षता और सटीकता से काम करने की प्रतिभा के कारण श्रमबल में उनके योगदान को तेजी से पहचान रहे हैं। अर्द्धकुशल भूमिकाओं में महिलाओं की बढ़ती संख्या से इसका पता चलता है। हालांकि, उन्होंने कहा कि निदेशक मंडल में महिलाओं के सीमित प्रतिनिधित्व को लेकर चिंता बनी हुई है, और ज्यादा महिलाओं को नेतृत्व के पदों पर आगे आने की जरूरत है ताकि फैसले लेने में उनकी भूमिका हो और वे दूसरों के लिए रोल मॉडल बन सकें। उन्होंने कहा कि प्रगति हुई है, लेकिन अभी और बहुत कुछ करने की जरूरत है। वित्त मंत्री ने छात्र-छात्राओं को बताया कि पिछले बजट के बाद से, सरकार ने ऑरेंज इकॉनमी (एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स क्षेत्र) के लिए लगातार नीतियां, वित्तपोषण और समर्थन सुनिश्चित किया है।

## बजट में सार्वजनिक पूंजीगत व्यय, बुनियादी ढांचे पर जोर से टायर उद्योग को मिलेगी मदद : एटीएमए

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।

ऑटोमोटिव टायर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (एटीएमए) ने सोमवार को कहा कि आम बजट 2026-27 में बुनियादी ढांचे पर खर्च बढ़ाने के सरकार के उपायों से भारतीय टायर उद्योग को लाभ होगा।

एटीएमए ने एक बयान में कहा कि टायर क्षेत्र परिवहन और बुनियादी ढांचे के पारिस्थितिकी तंत्र के प्रदर्शन से गहराई से जुड़ा हुआ है। सार्वजनिक पूंजीगत व्यय को बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ रुपये करना दीर्घकालिक मांग वृद्धि के लिए एक महत्वपूर्ण सकारात्मक संकेत है। बयान में आगे कहा गया कि पूंजीगत व्यय के अधिक आवंटन से देश भर में भविष्य के लिए तैयार बुनियादी ढांचे के निर्माण पर सरकार का निरंतर जोर का पता चलता है। विशेष रूप से सड़कों, रेल संपर्क, शहरी आवागमन नेटवर्क और लॉजिस्टिक गलियारे का विकास सभी वाहन श्रेणियों में टायर की मांग बढ़ाएगा।



एटीएमए के चेयरमैन अरुण मम्मेन ने कहा, टायर उद्योग की वृद्धि देश में बुनियादी ढांचे के विस्तार की गति से जुड़ी हुई है। सार्वजनिक पूंजीगत व्यय बढ़ाने पर सरकार का ध्यान यात्री और वाणिज्यिक दोनों वाहनों के टायरों की मांग को मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने आगे कहा कि समर्पित मालवहन गलियारे और बेहतर शहरी परिवहन पहल सहित परिवहन तंत्र में बढ़े हुए निवेश से वाहनों के उपयोग और बेड़े के विस्तार में मदद मिलेगी, जिससे देश भर के टायर निमार्ताओं को लाभ होगा। मम्मेन ने कहा कि टायर विनिर्माण क्षेत्र को प्रभावित करने वाले उलट शुल्क ढांचे का पुराना मुद्दा अभी भी अनसुलझा है और उम्मीद है कि मेक इन इंडिया पहल के व्यापक हित में सरकार इस पर विचार करेगी।

## मारुति सुजुकी इंडिया की जनवरी में कुल बिक्री 12 प्रतिशत बढ़कर 2,36,963 इकाई

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।

मारुति सुजुकी इंडिया की जनवरी में कुल बिक्री सालाना आधार पर 12 प्रतिशत बढ़कर 2,36,963 इकाई रही। कंपनी की पिछले साल इसी महीने में कुल बिक्री 2,12,251 इकाई रही थी। मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने सोमवार को बयान में कहा कि घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री 1,74,529 इकाई रही जो जनवरी 2025 की 1,73,599 इकाइयों की तुलना में मामूली बढ़त दशार्ती है।

ऑल्टो और एस-प्रेसो जैसी छोटी कारों की बिक्री जनवरी 2025 की 14,247 इकाइयों के मुकाबले बढ़कर 14,268 इकाई हो गई। बलेनो, डिजायर, इग्निस और स्विफ्ट जैसी कॉम्पैक्ट कार की बिक्री सालाना आधार पर 82,241




इकाइयों से घटकर 72,738 इकाई रह गई। ग्रैंड विटारा, ब्रेजा, अर्टिगा और एक्सएल6 जैसे यूटिलिटी वाहनों की बिक्री पिछले महीने बढ़कर 75,609 इकाई रही जो एक साल पहले इसी अवधि में 65,093 इकाई थी।

वैन ईको की बिक्री जनवरी में 11,914 इकाई रही, जो जनवरी 2025 में 11,250 इकाई थी। हल्के वाणिज्य वाहन सुपर कैरी की बिक्री घटकर 3,771 इकाई रह गई, जो पिछले साल जनवरी में 4,089 इकाई थी।

## अशोक लेलैंड की जनवरी में कुल बिक्री 27 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)। वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली कंपनी अशोक लेलैंड की कुल बिक्री जनवरी में 27 प्रतिशत बढ़कर 21,920 इकाई पर पहुंच गई। पिछले साल इसी महीने में कंपनी ने 17,213 वाहन बेचे थे। अशोक लेलैंड ने मंगलवार को बयान में कहा कि उसकी घरेलू बिक्री 31 प्रतिशत बढ़कर 20,079 इकाई रही, जबकि जनवरी, 2025 में यह 15,327 इकाई थी। कंपनी ने बताया कि घरेलू बाजार में मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 12,833 इकाई रही, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 9,864 इकाई थी। कंपनी ने कहा कि पिछले महीने घरेलू बाजार में हल्के वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 7,246 इकाई रही, जो एक साल पहले समान महीने में 5,463 इकाई रही थी।

## मारुति सुजुकी ने कमोडिटी की कीमतें बढ़ने से कारों के दाम में बढ़ोतरी के दिए संकेत

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)। देश की सबसे बड़ी कार विनिमार्ता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने सोमवार को बढ़ती जिंस (कमोडिटी) की लागत को देखते हुए अपने वाहनों की कीमतों में बढ़ोतरी के संकेत दिए हैं। पार्थो बनर्जी ने ऑनलाइन प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती के बाद बाजार में मांग मजबूत बनी हुई है। इसके बावजूद उत्पादन संबंधी बाधाओं के कारण कंपनी के पास फिलहाल 1.75 लाख वाहनों के लंबित ऑर्डर हैं। उन्होंने बताया कि केवल जनवरी में ही 2.78 लाख बुकिंग मिली है। कच्चे माल की लागत बढ़ने से निकट भविष्य में कीमतें बढ़ाने की संभावना से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि जिंस के मोर्चे पर कीमतें बढ़ रही हैं।

## वित्त वर्ष 2026-27 का बजट वैश्विक स्थिरता को लेकर प्रतिबद्धता दशार्ता है : फिच

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।

भारत का बजट सरकारी कर्ज में क्रमिक कमी के जरिये व्यापक आर्थिक स्थिरता बनाए रखने की निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ता है, जिसे वृद्धि संभावनाओं को मजबूत करने के लिए मजबूत पूंजीगत व्यय कार्यक्रम के साथ संतुलित किया गया है। फिच रेटिंग्स ने सोमवार को यह बात कही। बजट में हालांकि किसी बड़े पैमाने के सुधार की विशेष घोषणा नहीं की गई लेकिन फिच का मानना है कि उसे आगे और सुधारों की उम्मीद है खासकर विनियमन में ढील देने के एजेंडे पर।

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि मजबूत जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि भारत के कई संप्रभु ऋ ामानकों में सकारात्मक गति ला रही है और यदि यह बनी रहती है, तो शेष राजकोषीय चुनौतियों के बावजूद समय के साथ देश की ऋण खाके में सुधार हो सकता है। फिच ने कहा कि हालिया सुधारों की गति को आगे बढ़ाने से निजी निवेश में तेजी आने में मदद मिलेगी और भारत की संभावित वृद्धि को अधिक मजबूती मिलेगी। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि राजकोषीय समेकन बहुत सीमित रहने की संभावना है, क्योंकि वित्त वर्ष 2026-27 के लिए राजकोषीय घाटे का लक्ष्य जीडीपी का 4.3 प्रतिशत रखा गया है जो वित्त वर्ष 2025-26 के 4.4 प्रतिशत से थोड़ा कम है।

फिच ने कहा, समेकन की रफ्तार का धीमा होना हमारे इस आकलन के अनुरूप है कि जीडीपी वृद्धि से अधिक समझौता किए बिना घाटे में और कमी लाना कठिन होता जा रहा है। सरकार ने अधिक कड़े समेकन की बजाय पूंजीगत व्यय को 2026-27 की जीडीपी के 3.1 प्रतिशत पर अपेक्षाकृत स्थिर रखने का विकल्प चुना है।

## देश के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधि में जनवरी में मामूली सुधार हुआः पीएमआई

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।

देश की विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों में जनवरी में मामूली सुधार देखने को मिला। हालांकि नए ऑर्डर में तेजी से वृद्धि के बावजूद कारोबारी विश्वास साढ़े तीन साल के सबसे निचले स्तर पर आ गया है।

सोमवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) दिसंबर के दो साल के निचले स्तर 55 से बढ़कर जनवरी में 55.4 रहा। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर का अंक विस्तार जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन दशार्ता है। एचएसबीसी की मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) प्रांजुल भंडारी ने कहा, भारतीय विनिर्माण कंपनियों में



जनवरी में सुधार देखा गया, जिसका कारण नए ऑर्डर, उत्पादन एवं रोजगार में वृद्धि रही। कच्चे माल की लागत में मध्यम वृद्धि हुई जबकि ह्यै क्ट्री-गेट कीमतों में बढ़ोतरी की रफ्तार धीमी पड़ी जिससे विनिमार्ताओं के मुनाफे पर हल्का दबाव पड़ा। फैक्ट्री-गेट कीमत का मतलब वह कीमत है जिस पर कोई उत्पाद उसके विनिमार्ता के कारखाने या गोदाम से निकलता है। सर्वेक्षण में शामिल प्रतिभागियों ने कहा कि मांग में मजबूती, नए कारोबार में वृद्धि और प्रौद्योगिकी में निवेश ने उत्पादन को समर्थन दिया। कुल बिक्री को मुख्य रूप से घरेलू बाजार से गति मिली। हालांकि, निर्यात के नए ऑर्डर में भी वृद्धि हुई लेकिन उसकी रफ्तार अपेक्षाकृत कमजोर रही। जिन कंपनियों के निर्यात ऑर्डर बढ़े, उन्होंने एशिया, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूरोप और पश्चिम एशिया से अधिक मांग का हवाला दिया।

रोजगार के मोर्चे पर, वस्तु उत्पादक कंपनियों ने अतिरिक्त कर्मचारियों की नियुक्ति जारी रखी। हालांकि, रोजगार सृजन की गति मामूली रही जो पिछले तीन महीनों में सबसे तेज रही। इस बीच, जनवरी में कारोबारी भरोसा साढ़े तीन साल के निचले स्तर पर आ गया। केवल 15 प्रतिशत कंपनियों ने आने वाले एक साल में उत्पादन बढ़ने की उम्मीद जताई जबकि 83 प्रतिशत ने उत्पादन में कोई बदलाव नहीं होने का अनुमान लगाया।

## रुपया शुरूआती कारोबार में 37 पैसे चढ़कर 91.56 प्रति डॉलर पर

मुंबई, (वेब वार्ता)।

रुपया सोमवार को शुरूआती कारोबार में 37 पैसे चढ़कर 91.56 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट से घरेलू मुद्रा को बल मिला।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि रुपये के लिए बजट ने राहत नहीं, बल्कि आश्वासन दिया है। इसके अलावा सरकार की उच्च उधार योजना से निवेशकों की भावनाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने के आसार हैं। सरकार के अगले वित्त वर्ष 2026-27 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.3 प्रतिशत अनुमानित राजकोषीय घाटे को पूरा करने के लिए 17.2 लाख करोड़ रुपये उधार लेने का अनुमान है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 91.95 पर खुला। फिर थोड़ा मजबूत होकर 91.56 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 37 पैसे की



बढ़त दशार्ता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 92.02 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचा था। हालांकि अंत में 91.93 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.10 प्रतिशत की बढ़त के साथ 97.08 पर था। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 4.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 66.45 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) लंबे समय बाद रविवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने 588.34 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# जिंस की लागत में वृद्धि से कीमतों में बढ़ोतरी पर विचार किया जाएगा: मारुति सुजुकी

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।

देश की सबसे बड़ी कार विनिमार्ता मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने सोमवार को कहा कि कंपनी बढ़ती जिंस लागत के मद्देनजर अपने वाहनों की कीमतों में बढ़ोतरी पर विचार करेगी। उन्होंने साथ ही कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती के बाद बाजार में मांग मजबूत बनी हुई है।

बनर्जी ने ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में बताया कि उत्पादन संबंधी बाधाओं के कारण कंपनी के पास फिलहाल 1.75 लाख वाहनों के लंबित ऑर्डर हैं, जबकि केवल जनवरी में ही 2.78 लाख बुकिंग मिली है। उन्होंने कहा, जिंस के मोर्चे पर कीमतें बढ़ रही हैं। कीमती धातुओं में वृद्धि काफी ज्यादा है। भू-



राजनीतिक हालात को देखते हुए हम इस पर नजर बनाए हुए हैं।

आने वाले समय में कीमतों की समीक्षा जरूर करेंगे। कच्चे माल की लागत बढ़ने से निकट भविष्य में कीमतें बढ़ाने की संभावना से जुड़े सवाल पर उन्होंने यह बात कही। बनर्जी ने कहा, एक बाजार अग्रणी के तौर पर हमारा प्रयास हमेशा ग्राहकों पर लागत बढ़ोतरी का बोझ कम से कम रखने का रहा है। हमारी आपूर्ति श्रृंखला और उत्पादन दल इस बात पर गौर कर रहे हैं कि जिंस की वजह से बढ़ी लागत को हम कितनी हद तक खुद वहन कर सकते हैं। उन्होंने हालांकि कहा, एक सीमा के बाद अगर हम लागत बढ़ोतरी को समायोजित नहीं कर पाए, तो हमें इसका बोझ ग्राहकों पर डालना पड़ेगा। संभावित कीमत बढ़ोतरी के लिए कोई समय-सीमा बताए बिना बनर्जी ने कहा कि कंपनी ने जनवरी में उन ग्राहकों के लिए प्राइस प्रोटेक्शन स्कीम (कीमत सुरक्षाा योजना) शुरू की है, जिनकी बुकिंग के बावजूद आपूर्ति नहीं हो पाई। सितंबर 2025 में जीएसटी 2.0 लागू होने के बाद कंपनी ने एस-प्रेसो की कीमत में 1,29,600 रुपये तक, ऑल्टो के.10 में 1,07,600 रुपये तक, सेलेरियो में 94,100 रुपये और वैगन-आर में 79,600 रुपये तक की कटौती की थी। यात्री वाहन उद्योग के परिदृश्य पर पूछे गए सवाल पर बनर्जी ने कहा, ह्ल मोटर वाहन उद्योग फिर से छह से सात प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) पर लौट सकता है। हालांकि, मौजूदा समय में जिंस कीमतें काफी तेजी से बढ़ रही हैं, ऐसे में भू-राजनीतिक हालात को देखते हुए इंतजार करना होगा, तभी बेहतर अनुमान लगाया जा सकेगा।

उन्होंने कहा कि जीएसटी 2.0 सुधारों से मोटर वाहन उद्योग को जो बढ़ावा मिला है और केंद्रीय बजट 2026-27 में बुनियादी ढांचे में पूंजीगत व्यय बढ़ाने की घोषणा मोटर वाहन उद्योग के लिए काफी सहायक साबित होगी। जनवरी की बिक्री पर बनर्जी ने कहा कि कंपनी ने अब तक की सबसे अधिक मासिक कुल बिक्री 2,36,963 इकाई दर्ज की है। उन्होंने कहा, हमें 2.78 लाख से अधिक बुकिंग मिली जो सालाना आधार पर 25 प्रतिशत की वृद्धि है।

# शारदुल, जायसवाल की रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के लिए मुंबई टीम में वापसी

**मुंबई, (वेब वार्ता)।**

कप्तान शारदुल ठाकुर और भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को छह फरवरी से यहां कर्नाटक के खिलाफ होने वाले रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के लिए सोमवार को मुंबई की टीम में शामिल किया गया।

मुंबई की टीम चार जीत और तीन ड्रॉ से एलीट ग्रुप डी में शीर्ष पर रही जबकि कर्नाटक ने ग्रुप ए के अपने अंतिम लीग मैच में पंजाब पर रोमांचक जीत की बदौलत अंतिम आठ में जगह बनाई।








मुंबई और कर्नाटक के बीच क्वार्टर फाइनल छह से 10 फरवरी तक यहां एमसीए-बीकेसी मैदान पर खेला जाएगा क्योंकि वानखेड़े स्टेडियम सात फरवरी से शुरू हो रहे टी20 विश्व कप के मुकाबलों की मेजबानी करेगा।

रणजी ट्रॉफी के मौजूदा सत्र में जायसवाल दूसरी बार मुंबई के लिए खेलते हुए नजर आएंगे। इससे पूर्व वह राजस्थान के खिलाफ पहले दौर के मैच में खेले थे।

मुंबई क्रिकेट संघ और सीनियर चयन पैनल ने चयन के लिए भारत के इस सलामी बल्लेबाज के नाम पर विचार नहीं किया था क्योंकि वह रविवार को संपन्न हुए ग्रुप चरण के दूसरे दौर के मुकाबलों के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि करने में नाकाम रहे थे।

जायसवाल टी20 विश्व कप के लिए चुनी गई भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हैं।

इस बीच ठाकुर मुंबई के नियमित कप्तान सिद्धेश लाड की जगह टीम की अगुआई करेंगे जिन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी के दौरान उन्हें लगी चोट के बाद टीम की कप्तानी की थी।

**टीम इस प्रकार है:**

शारदुल ठाकुर, यशस्वी जायसवाल, मुशीर खान, सरफराज खान, सिद्धेश लाड, अखिल हेरवादकर, आकाश आनंद, हार्दिक तमोरे, साईराज पाटिल, शम्स मुलानी, तनुष कोटियान, तुषार देशपांडे, मोहित अवस्थी, ओंकार तरमाले, दिव्यांश सक्सेना और सूर्यांश शेडगे।

# टी20 विश्व कप के शुरूआती मुकाबलों में नहीं खेलेंगे हेजलवुड: चयनकर्ता डोडेमाइड

**सिडनी, (वेब वार्ता)।**

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड टी20 विश्व कप के शुरूआती चरण में टीम के साथ श्रीलंका की यात्रा नहीं करेंगे। राष्ट्रीय चयनकर्ता टोनी डोडेमाइड ने बताया कि हेजलवुड फिलहाल सिडनी में रहकर चोट से उबरने के बाद अपने रिटर्न-टू-प्ले कार्यक्रम को जारी रखेंगे।

हालांकि, नाथन एलिस, टिम डेविड और ग्लेन मैक्सवेल कोलंबो पहुंच चुके हैं और मंगलवार को ऑस्ट्रेलियाई टीम से जुड़ेंगे। डोडेमाइड के अनुसार, ये तीनों खिलाड़ी पाकिस्तान से आने वाली टीम के साथ शामिल होंगे। ऑस्ट्रेलिया अपने चार शुरूआती मुकाबले कोलंबो और पल्लेकेले में खेलेगा, जिसकी शुरूआत 11 फरवरी को आयरलैंड के खिलाफ होगी। टूनार्मेंट की शुरूआत 7 फरवरी से हो रही है।



डोडेमाइड ने कहा कि हेजलवुड शुरूआती चरण के दौरान सिडनी में ही रहेंगे ताकि वे परिचित माहौल में अपनी फिटनेस पर काम कर सकें। उन्होंने बताया कि सीन एबॉट को ट्रैवलिंग रिजर्व के तौर पर टीम में शामिल किया गया है।

डोडेमाइड ने कहा, नाथन, टिम और ग्लेन कोलंबो पहुंच चुके हैं और पाकिस्तान से हमारी टीम के पहुंचने पर हम उनसे जुड़ने को लेकर उत्साहित हैं।

जोश के मामले में हमें लगा कि उनके लिए घर पर रहकर रिहैबिलिटेशन जारी रखना ज्यादा व्यावहारिक और फायदेमंद रहेगा।

गौरतलब है कि हेजलवुड को लगातार अकिलीज चोट के कारण 2025झ26 एशेज सीरीज से भी बाहर होना पड़ा था।

# टी20 विश्व कप अभ्यास मैचों के लिए इंडिया-ए टीम घोषित

## आयुष बडोनी कप्तान; तिलक वर्मा की वापसी



**नई दिल्ली,(वेब वार्ता)।**

आगामी टी20 विश्व कप से पहले होने वाले अभ्यास मुकाबलों के लिए इंडिया-ए टीम की घोषणा कर दी गई है। आयुष बडोनी को टीम का कप्तान बनाया गया है, जबकि तिलक वर्मा चोट से उबरने के बाद टीम में लौटे हैं।

इंडिया-ए टीम पहला अभ्यास मैच सोमवार को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में अमेरिका (यूएसए) के खिलाफ खेलेगी। इसके बाद टीम शुक्रवार को बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में नामीबिया से भिड़ेगी।

पेट से जुड़ी समस्या के कारण सर्जरी कराने वाले तिलक वर्मा को बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ने खेलने की अनुमति दे दी है। वह अमेरिका के खिलाफ अभ्यास मैच में खेलेंगे और उसके बाद सीनियर टीम से जुड़ जाएंगे।

15 सदस्यीय इंडिया-ए टीम में कई आईपीएल खिलाड़ियों को शामिल किया गया है, जिनमें नमन धीर, विप्रज निगम और मयंक यादव प्रमुख हैं। हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ समाप्त टी20 सीरीज से बाहर रहे वॉशिंगटन सुंदर को एक बार फिर टीम में जगह नहीं मिली है। वह अभी चोट से उबर रहे हैं और जल्द ही फिटनेस टेस्ट से गुजरने की उम्मीद है।

इस बीच, रियान पराग कंधे की चोट से उबरने के बाद टीम में वापसी कर रहे हैं।

**इंडिया-ए टीम (अभ्यास मैच):**

आयुष बडोनी (कप्तान), नमन धीर, आशुतोष शर्मा, प्रियंश आर्य, एन. जगदीशन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, रियान पराग, मानव सुथार, अशोक शर्मा, उर्विल पटेल (विकेटकीपर), गुरजपनीत सिंह, विप्रज निगम, रवि बिश्नोई, खलील अहमद, मयंक यादव।

# इंग्लैंड ने श्रीलंका के खिलाफ वषार्बाधित दूसरा टी20 जीतकर श्रृंखला अपने नाम की

**पाल्लेकल, (वेब वार्ता)।**

टॉम बेंटोन के 33 गेंद में नाबाद 54 रन की मदद से इंग्लैंड ने श्रीलंका के खिलाफ वषार्बाधित दूसरा टी20 डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर छह विकेट से जीतकर श्रृंखला अपने नाम कर ली।

इंग्लैंड के पास तीन मैचों की श्रृंखला में 2.0 की विजयी बढत हो गई है। बेंटोन ने अपनी



पारी में तीन छक्के और चार चौके लगाये जिसके दम पर इंग्लैंड ने 17 ओवर में 168 रन के संशोधित लक्ष्य के जवाब में 16.4 ओवर में चार विकेट पर 173 रन बनाये। जोस बटलर ने 29 गेंद में 39 रन जोड़े।

इससे पहले श्रीलंका ने पांच विकेट पर 189 रन बनाये। पवन रत्नायके ने 22 गेंद में 40 रन की पारी खेली।

शुक्रवार को वषार्बाधित पहले मैच में श्रीलंका को 11 रन से पराजय का सामना करना पड़ा था। आखिरी टी20 मंगलवार को यहीं खेला जायेगा।

### भारतीय टीम के पास टी20 विश्वकप खिताब बरकारार रखने का अच्छा अवसर: हरभजन

**मुंबई,(वेब वार्ता)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि टी20 विश्वकप में मेजबान भारतीय टीम के पास खिताब बरकरार रखने का अच्छा अवसर है। हरभजन के अनुसार इस बार भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका व अफगानिस्तान की टीमें भी सेमीफाइल में पहुंचेंगी। हरभजन ने हालांकि दो बार की विजेता इंग्लैंड को 2026 इस बार खिताबी दावेदार नहीं माना है।

# भारत से मैच के बहिष्कार पर आईसीसी की सख्त चेतावनी

## पाकिस्तान की चयनात्मक भागीदारी पर उठे सवाल



**नई दिल्ली, (वेब वार्ता)।**

पुरुष टी20 विश्व कप 2026 में भारत के खिलाफ मुकाबले से अलग रहने के पाकिस्तान के फैसले पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कड़ा रुख अपनाया है। आईसीसी ने स्पष्ट कहा है कि किसी वैश्विक टूनार्मेंट में चयनात्मक भागीदारी खेल की निष्पक्षता और प्रतिस्पर्धी भावना के खिलाफ है तथा इसके दूरगामी प्रभाव पड़ सकते हैं।

यह प्रतिक्रिया उस बयान के बाद आई, जिसमें पाकिस्तान सरकार ने टीम को टूनार्मेंट खेलने की अनुमति तो दी, लेकिन 15 फरवरी को कोलंबो में होने वाले भारत-पाकिस्तान मैच में न उतरने की बात कही। हालांकि इस फैसले का आधिकारिक कारण नहीं बताया गया। आईसीसी ने कहा कि उसे अभी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से औपचारिक सूचना का इंतजार है।

परिषद ने अपने बयान में दोहराया कि उसके टूनार्मेंट समान शर्तों पर सभी टीमों की भागीदारी, निरंतरता और खेल भावना पर आधारित होते हैं। किसी एक मैच का बहिष्कार प्रतियोगिता की पवित्रता को प्रभावित करता है और इससे वैश्विक क्रिकेट ढांचे पर असर पड़ सकता है। आईसीसी ने उम्मीद जताई कि पीसीबी ऐसा समाधान तलाशेगा जो सभी हितधारकों के हितों की रक्षा करे।

भारत-पाकिस्तान मुकाबला आईसीसी आयोजनों का सबसे अधिक दर्शक जुटाने वाला और व्यावसायिक रूप से अहम मैच माना जाता है। इसी कारण दोनों टीमों को अक्सर एक ही समूह में रखा जाता रहा है।

नियमों के मुताबिक यदि पाकिस्तान यह मैच नहीं खेलता है तो उसे दो अंक गंवाने पड़ सकते हैं। साथ ही उसकी नेट रन रेट पर भी नकारात्मक असर पड़ेगा, क्योंकि फॉरफिट की स्थिति में पूरे 20 ओवर उसकी पारी में जोड़े जाते हैं।

### अभिषेक टी20 विश्कप में सबसे अधिक रन बनाएंगे: पोंटिंग

**सिडनी, (वेब वार्ता)।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने भारतीय टीम के युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह सात फरवरी से शुरू होने जा रहे टी20 विश्वकप में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बनेंगे। विश्वकप संयुक्त रु से भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। टूनार्मेंट में कई दिग्गज बल्लेबाजों के होते हुए भी पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान का मानना है कि अभिषेक रनों के मामले में सबसे आगे रहेंगे इस पूर्व कप्तान ने अभिषेक की प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह अच्छी लय में है और उसे घरेलू हालातों का लाभ मिलेगा।

# टी20 विश्व कप के शुरूआती चरण में टीम से नहीं जुड़ेंगे हेजलवुड: चयनकर्ता

**सिडनी, (वेब वार्ता)।**

आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चोट से उबरने के बाद श्रीलंका में टी20 विश्व कप के शुरूआती मैचों के लिये टीम के साथ नहीं जायेंगे।

राष्ट्रीय चयनकर्ता टोनी डोडेमेड ने सोमवार को यह जानकारी दी। नाथन हिल्स, टिम डेविड और ग्लेन मैक्सवेल कोलंबो पहुंच चुके हैं और मंगलवार को टीम से जुड़ेंगे।

आस्ट्रेलिया को प्रारंभिक दौर के चार मैच श्रीलंका में खेलने हैं। उसे पहला मैच 11 फरवरी को आयरलैंड से खेलना।




हेजलवुड टूनार्मेंट के शुरूआती दौर में सिडनी में रहेंगे। सीन एबोट यात्रा रिजर्व के तौर पर टीम के साथ जायेंगे।

हेजलवुड चोट के कारण 2025.26 एशेज श्रृंखला से भी बाहर रहे थे। डोडेमेड ने यह नहीं बताया कि हेजलवुड कब से खेल सकेंगे। आस्ट्रेलिया के प्रारंभिक दौर के मुकाबले 20 फरवरी को खत्म होंगे। टी20 विश्व कप भारत और श्रीलंका में सात फरवरी से आठ मार्च तक खेला जायेगा।

### भारत में मिले अनुभवों का लाभ टी20 विश्वकप में मिलेगा: सैंटनर

**तिरुवनंतपुरम, (वेब वार्ता)।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के कप्तान मिचेल सैंटनर ने कहा कि उनकी टीम का लक्ष्य टी20 विश्व कप में जीत के इरादे से उतरना होगा। इसके लिए उनकी टीम पांच मैचों की टी20 सीरीज में मिले अनुभवों का लाभ उठाएगी। सैंटनर के अनुसार उनकी टीम भारत में अपने पिछले अनुभवों और विभिन्न हालातोंसे तालमेल बिठाने की क्षमता के आधार पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने का प्रयास करेगी। कीवी टीम को विश्कप में अफगानिस्तान, यूएई, दक्षिण अफ्रीका और कनाडा के साथ ग्रुप बी में रखा गया है। वह ग्रुप चरण के तीन मैच चेन्नई में और एक मैच अहमदाबाद में खेलेगा। इनमें से उसके दो मैच सुबह 11 बजे शुरू होंगे, जबकि अन्य मैच दोपहर तीन बजे और शाम सात बजे शुरू होंगे।

# आईसीई और एपस्टीन फाइलें शीतकालीन ओलंपिक से ध्यान भटकाने वाली: आईओसी अध्यक्ष

**मिलान, (वेब वार्ता)।**

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की अध्यक्ष किर्स्टी कोवेंट्री ने कहा है कि अमेरिकी इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (आईसीई) और जेफ्री एपस्टीन से जुड़ी फाइलों को लेकर उठे मुद्दे आगामी मिलानो-कोर्टिना शीतकालीन ओलंपिक से ध्यान भटका रहे हैं, जो 'दुखद' है।

मिलान में रविवार को हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में आईओसी अधिकारियों से इन विषयों पर सवाल पूछे गए। कोवेंट्री ने शुरूआत में इन्हें आईओसी के दायरे से बाहर का विषय बताया, लेकिन जोर देने पर




उन्होंने माना कि ऐसी खबरें खेलों से फोकस हटाती हैं। कोवेंट्री ने कहा, इन खेलों से ध्यान भटकाने वाली कोई भी चीज दुखद है। लेकिन वर्षों के अनुभव से हमने सीखा है कि खेलों से पहले हमेशा कोई न कोई मुद्दा सुर्खियों में आ जाता है—चाहे वह जीका रहा हो या कोविड। मगर मुझे भरोसा इस बात से मिलता है कि जब उद्घाटन समारोह होगा और खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा शुरू करेंगे, तब दुनिया फिर से खेलों के जादू और भावना को याद करेगी।

शनिवार को मिलान में सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने शीतकालीन ओलंपिक के दौरान आईसीई एजेंटों की तैनाती के विरोध में प्रदर्शन किया। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि एजेंट सड़कों पर नहीं, बल्कि एक नियंत्रण कक्ष में तैनात रहेंगे।

इसी बीच, एपस्टीन से जुड़ी सरकारी फाइलों के हालिया खुलासे में वर्ष 2003 के कुछ ईमेल सामने आए हैं, जो लॉस एंजेलिस ओलंपिक आयोजन समिति के प्रमुख केसी वासरमैन और एपस्टीन की तत्कालीन साथी घिस्लेन मैक्सवेल के बीच बताए जा रहे हैं।

# अनाहत सिंह ने स्क्वैश ऑन फायर ओपन जीता पहला पीएसए ब्रॉन्ज-लेवल खिताब अपने नाम किया

**वॉशिंगटन, (वेब वार्ता)।**

भारत की उभरती स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को स्क्वैश ऑन फायर ओपन जीत लिया और अपने करियर का पहला पीएसए ब्रॉन्ज-लेवल खिताब अपने नाम किया।

विश्व रैंकिंग में 31वें स्थान पर काबिज अनाहत ने फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व नंबर 10 जॉर्जिना केनेडी (इंग्लैंड) को सीधे गेमों में 12-10, 11-5, 11-7 से हराया। यह मुकाबला महज 26 मिनट में समाप्त हुआ। यह अनाहत का पहला विश्व स्तरीय पीएसए खिताब है।




विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता अनाहत सिंह को हाल ही में पीएसए की ओर से वीमेंस चैलेंजर प्लेयर ऑफ द सीजन चुना गया था। इसके अलावा, उन्होंने वीमेंस यंग प्लेयर ऑफ द सीजन का खिताब भी संयुक्त रूप से जीता। पुरुष वर्ग के फाइनल में मोहम्मद एलशोरबागी ने ऑल-इंग्लैंड मुकाबले में डेक्लन जेम्स को 11-4, 11-6, 11-8 से हराकर अपना 52वां पीएसए टूर खिताब जीता।

# पीडब्ल्यूएल 2026: हरियाणा थंडर ने रोमांचक फाइनल में दिल्ली दंगल वॉरियर्स को हराया

**नोएडा, (वेब वार्ता)।**

हरियाणा थंडर रविवार को नोएडा इंडोर स्टेडियम में दिल्ली दंगल वॉरियर्स के खिलाफ फाइनल में आखिरी बाउट तक चले मैच के बाद प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) 2026 का चैंपियन बन गया।

आठ बाउट के बाद स्कोर 4-4 से बराबर था, नतीजा आखिरी महिलाओं की 62 किलोग्राम बाउट पर निर्भर था, जिसमें पेरिस ओलंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट इरीना कोलियाडेन्को ने दबाव में शानदार प्रदर्शन किया। उनकी शानदार टेक्निकल जीत ने हरियाणा थंडर को 5-4 से जीत




दिलाई और पीडब्ल्यूएल 2026 का खिताब दिलाया, जो लीग के इतिहास के सबसे नाटकीय फाइनल में से एक था।

हरियाणा थंडर पीडब्ल्यूएल 2026 ट्रॉफी के साथ 1.5 करोड़ रुपये की इनामी राशि घर ले जाएगा। रनर-अप, दिल्ली दंगल वॉरियर्स को 75 लाख रुपये मिलेंगे। व्यक्तिगत पुरस्कारों में, दिल्ली दंगल वॉरियर्स के तुरान बायरामोव ने 57 किलोग्राम पुरुष वर्ग में सभी 7 बाउट जीतकर और पीडब्ल्यूएल 2026 में कुल 59 अंक हासिल करके 2.5 लाख रुपये का 'प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट' खिताब जीता।

### यूपी वॉरियर्ज को पांच विकेट से हराकर दिल्ली कैपिटल्स एलिमिनेटर में पहुंची

**वडोदरा, (वेब वार्ता)।** मैरीजान कप्प (तीन विकेट), शिनेल हेनरी और श्री चारणी (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद लॉरा वुलफर्ट (47), जेमिमाह रॉड्रिग्स (नाबाद 34) और शेफाली वर्मा (29) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने रविवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के 20वें मुकाबले में यूपी वॉरियर्ज को आठ गेंदे शेष रहते पांच विकेट से हराकर एलिमिनेटर में जगह बना ली है। लगातार तीन सीजन फाइनल खेलने वाली मुंबई की टीम बाहर हो चुकी है। यूपी का सफर भी हार के साथ खत्म हुआ है। दिल्ली ने एलिमिनेटर में जगह बना ली है।

# भारत-पाक मैच के बहिष्कार पर पाकिस्तान को चेतावनी देकर आईसीसी ने सही किया: शुक्ला

**नयी दिल्ली,(वेब वार्ता)।**

बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने सोमवार को कहा कि टी20 विश्व कप में भारत के खिलाफ 15 फरवरी को कोलंबो में होने वाले मैच के बहिष्कार के गंभीर परिणाम की पाकिस्तान को चेतावनी देकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने सही किया।

पाकिस्तान के फैसले की जानकारी आधिकारिक सरकारी बयान के मार्फत मिली जिसे टूनार्मेंट से बांग्लादेश को बाहर किये जाने के राजनीतिक विरोध के रूप में देखा जा रहा है। आईसीसी ने सुरक्षा कारणों से बांग्लादेश के मैच




भारत से हटाकर श्रीलंका में कराने से इनकार किया था।

आईसीसी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेता दिया है कि इस मैच के बहिष्कार के गंभीर परिणाम हो सकते हैं और यह फैसला खेल के हित में नहीं है।

शुक्ला ने पत्रकारों से कहा, ह्यह्यआईसीसी ने इस मामले पर बड़ा बयान दे दिया है। इसमें खेल भावना की अहमियत को बताया गया है। हम आईसीसी से सहमत हैं। जब तक आईसीसी से बात नहीं हो जाती, बीसीसीआई कोई बयान नहीं देगा।

विवाद की शुरूआत बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को बीसीसीआई के निर्देश पर आईपीएल से बाहर करने के फैसले के बाद हुई। इसके बाद बांग्लादेश ने सुरक्षा कारणों से भारत आने से इनकार कर दिया।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा, ह्यह्ययह शर्मनाक है कि दोनों तरफ खेल का राजनीतिकरण हो रहा है। मुझे नहीं लगता कि मुस्ताफिजुर का कोलकाता में खेलने का करार रद्द किया जाना चाहिये था।

# आज से शुरू हिंदू कैलेंडर का आखिरी माह



**हिंदू** पंचांग के अनुसार सोमवार, 2 फरवरी 2026 से फाल्गुन (फागुन) महीने की शुरूआत हो चुकी है। हिंदू कैलेंडर में फाल्गुन को साल का अंतिम महीना है। यह महीना धार्मिक मान्यताओं के अनुसार परिवर्तन, शुद्धि, संयम और नए आरंभ का प्रतीक माना जाता है। आध्यात्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से यह महीना बेहद शुभ माना जाता है। फाल्गुन को आनंद और उत्सव का महीना कहा गया है। इस दौरान कई बड़े पर्व और धार्मिक आयोजन होते हैं, जो इसे खास बनाते हैं।

हिंदू धर्म में हर माह किसी न किसी देवी-देवता से जुड़ा होता है। फाल्गुन का महीना विशेष रूप से भगवान शिव और श्रीकृष्ण की उपासना के लिए जाना जाता है।

महाशिवरात्रि इसी महीने आती है, जो शिव भक्ति का सबसे बड़ा पर्व है।

फाल्गुन माह श्रीकृष्ण और राधारानी की लीलाओं से भी जुड़ा है।

वृंदावन, बरसाना और मथुरा में इस महीने फाग गीत, होली उत्सव और धार्मिक आयोजन होते हैं।

दान- फाल्गुन महीने में अन्न, वस्त्र, रंग और जरूरत की चीजों का दान करना शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इससे ग्रह दोष दूर होते हैं और पुण्य की प्राप्ति होती है।

सेवा भाव- गरीबों और जरूरतमंदों को भोजन कराएं। ब्राह्मणों और साधु-संतों की सेवा करें। सेवा करने से मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है।

नियमित पूजा-पाठ- रोज शिवलिंग का जल या दूध से अभिषेक करें। महामृत्युंजय मंत्र का जाप करें। श्रीकृष्ण की पूजा और नाम स्मरण करें।

सात्विक जीवनशैली- मांसाहार और नशे से दूरी बनाएं। नियमित स्नान, ध्यान और योग करें। संयम और शुद्ध आहार से आध्यात्मिक उन्नति होती है।

फाल्गुन सिर्फ उत्सव का नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और सकारात्मक बदलाव का महीना है। इस दौरान किए गए अच्छे कर्म जीवन में सुख, शांति और संतुलन लाते हैं।

# धन और ज्ञान मात्र संग्रह ही नहीं, सदुपयोग भी जरूरी है



**एक** गांव में धर्मदास नामक एक व्यक्ति रहता था। बातें तो बड़ी ही अच्छी-अच्छी करता था पर था एकदम कंजूस। कंजूस भी ऐसा वैसा नहीं बिल्कुल मक्खीचूस। चाय की बात तो छोड़ो, वह किसी को पानी तक के लिये नहीं पूछता था। साधु-संतों और भिखारियों को देखकर तो उसके प्राण ही सूख जाते थे कि कहीं कोई कुछ मांग न बैठे।

एक दिन उसके दरवाजे पर एक महात्मा आए और धर्मदास से सिर्फ एक रोटी मांगी। पहले तो धर्मदास ने महात्मा को कुछ भी देने से मना कर दिया लेकिन तब वह वहीं खड़ा रहा तो उसे आधी रोटी देने लगा। आधी रोटी देखकर महात्मा ने कहा कि अब तो मैं आधी रोटी नहीं, पेट भरकर खाना खाऊंगा। इस पर धर्मदास ने कहा कि अब वह कुछ नहीं देगा। महात्मा रातभर चुपचाप भूखा-प्यासा धर्मदास के दरवाजे पर खड़ा रहा।

सुबह जब धर्मदास ने महात्मा को अपने दरवाजे पर खड़ा देखा तो सोचा कि अगर मैंने इसे भरपेट खाना नहीं खिलाया और यह भूख-प्यास से यहीं पर मर गया तो मेरी बदनामी होगी। बिना कारण साधु की हत्या का दोष लगेगा। धर्मदास ने महात्मा से कहा कि बाबा तुम भी क्या याद करोगे, आओ पेट भरकर खाना खा लो।

महात्मा भी कोई ऐसा वैसा नहीं था। धर्मदास की बात सुनकर महात्मा ने कहा कि अब मुझे खाना नहीं खाना। मुझे तो एक कुआं खुदवा दो। लो अब कुआं कहां से बीच में आ गया धर्मदास ने साधु महाराज से कहा। धर्मदास ने कुंआ खुदवाने से साफ मना कर दिया। साधु महाराज अगले दिन फिर रातभर चुपचाप भूखा-प्यासा धर्मदास के दरवाजे पर खड़ा रहा।

अगले दिन सुबह भी जब धर्मदास ने साधु महात्मा को भूखा-प्यासा अपने दरवाजे पर ही खड़ा पाया तो सोचा कि अगर मैंने कुआं नहीं खुदवाया तो यह महात्मा इस बार जरूर भूखा-प्यासा मर जाएगा और मेरी बदनामी होगी। धर्मदास ने काफी सोच-विचार किया और महात्मा से कहा कि साधु बाबा, मैं तुम्हारे लिये एक कुआं खुदवा देता हूं और इससे आगे अब कुछ मत बोलना। नहीं, एक नहीं अब तो दो कुएं खुदवाने पड़ेंगे, महात्मा की फरमाइशें बढ़ती ही जा रही थी।

धर्मदास कंजूस जरूर था, बेवकूफ नहीं। उसने सोचा कि अगर मैंने दो कुएं खुदवाने से मना कर दिया तो यह चार कुएं खुदवाने की बात करने लगेगा इसलिए रामदयाल ने चुपचाप दो कुएं खुदवाने में ही अपनी भलाई समझीं। कुएं खुदकर तैयार हुए तो उनमें पानी भरने लगा।

जब कुओं में पानी भर गया तो महात्मा ने धर्मदास से कहा, दो कुओं में से एक कुआं में तुम्हे देता हूं और एक अपने पास रख लेता हूं। मैं कुछ दिनों के लिये कहीं जा रहा हूं लेकिन ध्यान रहे, मेरे कुओं में से तुम्हें एक बूंद पानी भी नहीं निकालना है। साथ ही अपने कुएं में से गांव वालों को रोज पानी निकालने देना है। मैं वापस आकर अपने कुएं से पानी पीकर प्यास बुझाऊंगा।

धर्मदास ने महात्मा वाले कुएं के मुंह पर एक मजबूत ढक्कर लगवा दिया। सब गांव वाले रोज धर्मदास वाले कुएं से पानी भरने लगे। लोग खूब पानी निकालते पर कुएं में पानी कम न होता। शुध्द-शीतल जल पाकर गांव वाले निहाल हो गये थे और महात्माजी का गुणगान करते न थकते थे। एक वर्ष के बाद महात्मा पुनः- उस गांव में आए और धर्मदास से बोले कि उसका कुआं खोल दिया जाए। धर्मदास ने कुएं का ढक्कन हटवा दिया। लोग यह देखकर हैरान रह गये कि कुएं में एक बूंद भी पानी नहीं था।

महात्मा ने कहा, कुएं से कितना भी पानी क्यों न निकाला जाए, वह कभी खत्म नहीं होता अपितु बढ़ता जाता है। कुएं का पानी न निकालने पर कुआं सूख जाता है, इसका स्पष्ट प्रमाण तुम्हारे सामने है। और यदि किसी कारण से कुएं का पानी न निकालने पर पानी नहीं भी सूखेगा तो वह सड़ अवश्य जायेगा और किसी काम में नहीं आयेगा।

महात्मा ने आगे कहा, कुएं के पानी की तरह ही धन-दौलत की भी तीन गतियां होती हैं उपयोग, नाश अथवा दुरुपयोग। धन-दौलत का जितना इस्तेमाल करोगे, वह उतना ही बढ़ता जाएगा। धन-दौलत का इस्तेमाल न करने पर कुएं के पानी की तरह ही सूख जायेगा, समाप्त हो जाएगा और अगर इसके बावजूद बचा रहा तो वह धन-दौलत निरर्थक पड़ा रहेगा। उसका उपयोग संभव नहीं रहेगा या अन्य कोई उसका दुरुपयोग कर सकता है। अतः- अर्जित धन-दौलत का समय रहते सदुपयोग करना अनिवार्य है।

# गलति से भी सोमवार के दिन न करें इन चीजों का सेवन



**सोमवार** का दिन भगवान शिव को समर्पित होता है। इस दिन खान-पान को लेकर कुछ खास नियमों का पालन करना बेहद जरूरी माना जाता है। मान्यता है कि सोमवार को सही आहार अपनाने से जीवन में सकारात्मकता बढ़ती है, जबकि गलत भोजन से बाधाएं उत्पन्न हो सकती हैं। धार्मिक विश्वासों के अनुसार, भगवान शिव की पसंद को ध्यान में रखकर भोजन करने से उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है। ये परंपराएं केवल आस्था से ही नहीं, बल्कि हमारे शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन से भी जुड़ी हुई हैं। आइए जानते हैं कि सोमवार को कौन-सी चीजें खाना शुभ माना जाता है और किन खाद्य पदार्थों से दूरी बनानी चाहिए।

1. सफेद रंग के खाद्य पदार्थ- सोमवार को दूध, दही, चावल, नारियल, मिश्री, खीर और सफेद मिठाइयों का सेवन शुभ माना जाता है। सफेद रंग शांति, पवित्रता और सौम्यता का प्रतीक है, जो भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है।

2. सात्विक और हल्का भोजन- इस दिन ताजे फल, हरी सब्जियां, सलाद और पौष्टिक आहार लेना उत्तम माना जाता है। ऐसा भोजन शरीर को हल्का रखता है और मन को शांत करता है।

3. गंगा जल से बना भोजन- धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, यदि संभव हो तो भोजन तैयार करते समय गंगा जल का प्रयोग करना शुभ फल देता है, क्योंकि इसे अत्यंत पवित्र माना गया है।

4. बेल पत्र और तुलसी- पूजा के पश्चात बेल पत्र और तुलसी के पत्तों का सेवन करना लाभकारी माना जाता है। यह धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होने के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए भी उपयोगी है।

1. नमक का कम सेवन-

सोमवार के व्रत में कई लोग नमक का त्याग करते हैं। मान्यता है कि इस दिन नमक न खाने या कम खाने से शिव कृपा बनी रहती है।

2. मांस और शराब- मांसाहार, मछली और शराब जैसी तामसिक चीजों से सोमवार को दूर रहना चाहिए। ये न केवल धार्मिक रूप से वर्जित मानी जाती हैं, बल्कि सेहत के लिए भी नुकसानदेह हैं।

3. लहसुन और प्याज- लहसुन-प्याज को तामसिक भोजन की श्रेणी में रखा जाता है, इसलिए सोमवार को इनका सेवन करने से बचने की सलाह दी जाती है।

4. अधिक तला-भुना खाना- ज्यादा तैलीय और मसालेदार भोजन इस दिन नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे शरीर में भारीपन और आलस्य बढ़ता है।

सोमवार को करें ये सरल उपाय

सुबह स्नान के बाद शिवलिंग पर दूध, दही, शहद और गंगा जल से अभिषेक करें।

'ॐ नमः शिवाय' मंत्र का 108 बार जाप करें।

जरूरतमंदों को सफेद वस्त्र, चावल या मिठाई का दान करें।

शाम के समय घर में दीपक जलाकर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करें।



**मेष राशि:-** आज का दिन आपके लिए खास रहने वाला है। आप अपने कर्म पर ध्यान देंगे और सकारात्मक बने रहेंगे। किसी भी समस्या का समाधान आपके कार्य कौशल से ही मिलेगा। दूसरों पर अत्यधिक निर्भर रहने से बचें, तभी आप बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे। आज अपनी पसंदीदा गतिविधियों को समय दें, इससे मानसिक शांति मिलेगी।



**वृष राशि:-** आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। जीवन सहज और आसान महसूस होगा। दूसरों से आगे बढ़ने की इच्छा आपके आत्मविश्वास और कार्यकुशलता में वृद्धि करेगी। बच्चों की उपलब्धियों से मन प्रसन्न रहेगा। शांतिपूर्ण तरीके से समस्याओं का समाधान निकालें। आप जो भी कार्य करेंगे, उसमें सफलता निश्चित है।



**मिथुन राशि:-** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। यदि आप नया व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं, तो आज का दिन बहुत शुभ है। प्रॉपर्टी के काम में भी लाभ की स्थिति बनी हुई है। आपको आधिकारिक कार्यों में सफलता मिलेगी और भविष्य के लिए नई योजनाएं बनेंगी। ईश्वर में विश्वास बढ़ेगा।




**कर्क राशि:-** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आपको परिस्थितियों को देखने का अपना नजरिया बदलने की जरूरत है। समस्याओं को सकारात्मकता के साथ हल करना बेहतर रहेगा। आपके स्वभाव में आ रहे बदलाव से परिवार के सदस्य प्रसन्न रहेंगे। अधूरे कामों को पूरा करने के लिए दिन अच्छा है।



**सिंह राशि:-** आज का दिन शानदार रहेगा। दांपत्य जीवन और पारिवारिक व्यवस्था में मधुरता व सामंजस्य बना रहेगा। युवा वर्ग व्यर्थ के कार्यों में समय नष्ट न करें। स्वास्थ्य और मनोबल को बेहतर बनाने के लिए समय निकालें। आज कार्यभार अधिक रह सकता है। कुछ ऐसे खर्च भी सामने आएंगे जो न चाहते हुए भी करने पड़ेंगे।



**कन्या राशि:-** आज का दिन बेहतर रहेगा। जीवनसाथी और परिजनों का सहयोग आपके आत्मविश्वास को बढ़ाएगा। आप सकारात्मक होकर अपने काम पर ध्यान दे पाएंगे। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से राहत मिलेगी। मेडिटेशन और आराम के लिए समय जरूर निकालें। अपनों की सलाह आपके बहुत काम आएगी।



**तुला राशि:-** आज का दिन आपके पक्ष में रहेगा। आर्थिक समस्याएं हल होंगी और रुका हुआ धन वापस मिल सकता है। आत्म-चिंतन करने से आपके दृष्टिकोण में सकारात्मक बदलाव आएगा। रिश्तेदारों से चल रही अनबन किसी की मध्यस्थता से दूर होगी। भूमि या वाहन से जुड़ा अदालती मामला आपके पक्ष में आ सकता है।



**वृश्चिक राशि:-** आज का दिन सुनहरा रहेगा। धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों की ओर आपका झुकाव बढ़ेगा। अपने लक्ष्य के प्रति एकाग्र रहें, सफलता अवश्य मिलेगी। युवाओं को किसी अनुभवी व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बुद्धि-विवेक से लिए गए निर्णय लाभप्रद रहेंगे। समाज में आपकी अलग पहचान बनेगी।



**धनु राशि:-** आज का दिन अच्छा रहने वाला है। विद्यार्थी और युवा अपनी सफलता को लेकर संशय न रखें और मेहनत जारी रखें। नया निवेश करने से पहले अच्छी तरह जांच-पड़ताल कर लें। घर के बुजुर्गों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान करें। निजी क्षेत्र में काम करने वालों को नई नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं।



**मकर राशि:-** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। दूसरों से उम्मीद करने के बजाय अपनी योग्यता पर विश्वास रखें। युवा वर्ग भावनाओं में बहकर निर्णय लेने से बचें। जीवन की गतिविधियों को व्यावहारिक तरीके से समझें। परिवार के साथ सुखद पल बिताएंगे। आप अपनी कला से लोगों को प्रभावित करेंगे।



**कुंभ राशि:-** आज का दिन नई उमंग से भरा रहेगा। नौकरी या व्यवसाय के सिलसिले में यात्रा के योग बन रहे हैं। आप उस कार्य में सफल होंगे जिसके लिए लंबे समय से प्रयास कर रहे थे। नौकरीपेशा लोगों को कार्यभार कम होने से राहत मिलेगी। विद्यार्थियों को पढ़ाई पर पूरा ध्यान देना होगा। दांपत्य जीवन में खुशियां आएंगी और अचानक धन लाभ से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।



**मीन राशि:-** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। किसी करीबी की सलाह फायदेमंद साबित होगी। यह समय आगे बढ़ने का है, सही दिशा में प्रयास करने से सफलता मिलेगी। सामाजिक कार्यों में रुचि बनी रहेगी। कुछ लोग ईर्ष्यावश आपकी आलोचना कर सकते हैं, उन पर ध्यान न दें। व्यवसाय की नई योजना शुरू करने का सही समय है।

# वर्षों बाद महाशिवरात्रि पर ये खास संयोग

## इन चीजों को चढ़ाने से शीघ्र प्रसन्न होंगे महादेव



**हर** साल महाशिवरात्रि फाल्गुन माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जाती हैं। यह पावन पर्व भगवान शिव की कृपा और माता पार्वती को प्रसन्न करने का सर्वश्रेष्ठ अवसर है। मान्यता है कि, यह तिथि प्रभु और देवी के दिव्य मिलन के रूप में पूजी जाती है। शास्त्रों के मुताबिक, इस दिन की गई पूजा-अर्चना, जप और व्रत से महादेव शीघ्र प्रसन्न होकर अपने भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। साथ ही कन्याओं की मनचाहा साथी पाने की इच्छा भी पूरी होती हैं। इस वर्ष महाशिवरात्रि 15 फरवरी 2026 को मनाई जाएगी। इस दिन ग्रहों की युति के साथ-साथ कई शक्तिशाली शुभ योगों का भी संयोग बना रहेगा। ऐसे में महादेव को केवल यह तीन चीजें चढ़ाने से शिव जी की कृपा प्राप्त हो सकती हैं। आइए इसके बारे में जानते हैं।

ज्योतिषियों के मुताबिक, इस साल फाल्गुन माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 15 फरवरी को शाम 5 बजकर 4 मिनट पर प्रारंभ होगी। इस तिथि का समापन 16 फरवरी को शाम 5 बजकर 34 मिनट पर होगा। ऐसे में महाशिवरात्रि 15 फरवरी 2026 को मनाई जाएगी।

महाशिवरात्रि के दिन सुबह 7 बजे से लेकर शाम 7 बजकर 48 मिनट तक सर्वार्थ सिद्धि योग बनेगा। इसके बाद उत्तराषाढा नक्षत्र शाम 7. 48 तक रहने वाला है। इसके बाद श्रवण नक्षत्र का शुभारंग होगा, जो अगले दिन 16 फरवरी को 8. 47 तक बना रहेगा। महाशिवरात्रि पर व्यतीपात योग पूरे दिन बना रहेगा। इस दिन निशिता काल रात 11 बजकर 52 मिनट से लेकर रात 12:42 तक रहेगा। हालांकि, दोपहर 12 बजकर 13 मिनट से 12:57 तक अभिजीत मुहूर्त रहने वाला है। अमृतकाल दोपहर 12:59 से 14:41 तक रहेगा।

धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, महाशिवरात्रि के शुभ दिन पर शिवलिंग की पूजा करें। इस दौरान प्रभु को 11 बेलपत्र चढ़ाएं। इस दौरान बेलपत्र का चिकना हिस्सा नीचे की ओर रखें। ऐसा करना शुभ होता है। इससे भगवान शिव शीघ्र ही प्रसन्न होते हैं।

शास्त्रों के मुताबिक, धतूरे के फल और भांग महादेव के प्रिय भोग में शामिल हैं। ऐसे में महाशिवरात्रि के अवसर पर आप यह अवश्य चढ़ाएं। इससे मानसिक शांति प्राप्त होती हैं।

भगवान शिव की पूजा में शमी के फूल का उपयोग करना अत्यंत शुभ और कल्याणकारी माना जाता है। इससे सभी तरह के दोष से राहत प्राप्त होती हैं। ऐसे में महाशिवरात्रि पर प्रभु को यह 7 फूल अर्पित करें। इससे सभी इच्छाएं पूर्ण होती हैं।



# ट्रम्प को ईरान के साथ समझौते की उम्मीद खामेनेई ने युद्ध के खिलाफ दी चेतावनी

**तेहरान/वाशिंगटन, (वेब वार्ता)।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथ 'समझौता होने की' उम्मीद जताई है, जबकि ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका कोई भी टकराव शुरू करता है तो वह क्षेत्रीय युद्ध में बदल सकता है। ट्रम्प ने फ्लोरिडा के पाम बीच पर अपने मार-आ-लागो आवास से कहा कि अमेरिका ने पश्चिमी एशिया में भले ही अपने युद्ध पोत तैनात किये हैं लेकिन वह इस समस्या का कूटनीतिक हल चाहता है।



ट्रम्प ने कहा, 'हमने वहां दुनिया के सबसे बड़े, सबसे ताकतवर युद्ध पोत तैनात किये हैं। उम्मीद है कि आने वाले दो दिनों में हम कोई समझौता कर लेंगे। अगर समझौता नहीं होता है तो हमें पता चल जायेगा कि वह सही थे या नहीं।' ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय में आया जब खामेनेई ने सोशल मीडिया एक्स पर जारी कई बयानों में अमेरिका को सैन्य कार्रवाई करने के खिलाफ चेतावनी दी थी। खामेनेई ने पोस्ट किया, 'अमेरिका को पता होना चाहिए कि अगर वे युद्ध शुरू करते हैं तो इस बार एक क्षेत्रीय युद्ध होगा। अमेरिकी कभी-कभी युद्ध की बात करते हैं और कहते हैं कि वे युद्ध पोतों और लड़ाकू विमानों के साथ आएंगे। यह कोई नयी बात नहीं है। ईरान ऐसी बातों से डरता नहीं। उन्हें ईरानियों को ऐसी चीजों से डराने की कोशिश नहीं करनी चाहिये।'

खामेनेई ने कहा कि ईरान संघर्ष नहीं चाहता लेकिन अगर जरूरत पड़ी तो ईंट का जवाब पत्थर से देगा। उन्होंने अमेरिका पर संसाधनों के लालच में ईरान पर दबाव बनाने का आरोप लगाया। खामेनेई ने कहा, हम लड़ाई शुरू करने वालों में नहीं हैं। हम किसी पर जुल्म नहीं करना चाहते। हम किसी देश पर हमला नहीं करना चाहते लेकिन अगर कोई हम पर हमला करता है या नुकसान पहुंचाता है तो उसे ईरान से करारा जवाब मिलेगा। उन्होंने ईरान में अमेरिका के हस्तक्षेप के इतिहास की आलोचना करते हुए कहा कि ईरान के कई आकर्षण केन्द्र हैं, जिनमें उसका तेल, उसके खनिज और उसकी भौगोलिक स्थिति दूसरे देशों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहा है।


अमेरिका इस देश पर वैसा ही कब्जा चाहता है, जैसा पहले था। अमेरिका 30 साल से ज्यादा तक ईरान में रहा। ईरान के संसाधन, तेल, राजनीति और सुरक्षा उनके हाथों में थी। अब उनकी पकड़ ढीली हो गयी है तो वह उसे वापस पहले जैसा करना चाहते हैं।

# पोलैंड में कड़ाके की ठंड से 50 से अधिक लोगों की मौत

**वॉरसॉ, (वेब वार्ता)।**

पोलैंड में कड़ाके की ठंड के कारण अब तक 50 से अधिक लोगों की मौत हो गयी है। आंतरिक मामलों और प्रशासन के उपमंत्री विस्लाव श्चेपान्स्की ने सोमवार को पत्रकारों को यह जानकारी दी।

श्चेपान्स्की ने कहा, कड़ाके की ठंड और शीतलहर अपने चरम पर है। ठंड से पीड़ितों के बारे में दुखद खबर है। अब तक 54 लोगों की मौत और 36 हाइपोथर्मिया (शरीर का अत्यधिक ठंडा हो जाना) के मामलों की जानकारी सामने आयी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि परित्यक्त इमारतों (जिन इमारतों में कोई नही रहता है) में रहने वाले लोग विशेष रूप से जोखिम में हैं।



उन्होंने कहा, 'एक बार फिर हम परित्यक्त इमारतों में रहने वाले सभी लोगों से अपील करते हैं कि वे अधिक तापमान वाले स्थानों पर चले जाएं और चेतावनी दी कि आने वाली रात इस सर्दी की सबसे ठंडी रात होगी।'

उपमंत्री ने सड़कों पर संभावित खतरों की ओर भी ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा, फिलहाल पोलैंड की सड़कें चलने योग्य हैं लेकिन मंगलवार से बुधवार की रात को लेकर हमें चिंता है, क्योंकि दक्षिणी वॉइवोडशिप्स में बूंदाबांदी हो सकती है। तापमान गिरने से सड़कों पर बर्फ जम सकती है, जिससे यात्रा– खासतौर पर स्कूल जाने वालों के लिए कठिन और खतरनाक हो सकती है।

उन्होंने विशेष रूप से लंबी दूरी की यात्रा करने वाले ड्राइवरों से पर्याप्त तैयारी करने की अपील की– जैसे गर्म कपड़े, गर्म पेय और पर्याप्त ईंधन साथ रखने को कहा। उन्होंने चेतावनी दी, 'खराब मौसम में वाहन रुक जाने पर हाइपोथर्मिया का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए उचित सुरक्षा बेहद जरूरी है। संकट प्रबंधन टीमें लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए हैं और सेवाएं जरूरतमंदों की मदद के लिए तैयार हैं।'

श्चेपान्स्की ने अत्यधिक ठंड के कारण तीन प्रांतों में स्कूल बंद करने की घोषणा की गई है।

## हेट स्पीच बिल को लागू होने से रोकने के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा : जी. परमेश्वर

**बेंगलुरु, (वेब वार्ता)।**

कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने सोमवार को कहा कि कर्नाटक हेट स्पीच और हेट क्राइम्स (प्रिवेंशन) बिल, 2025 को लागू करने की प्रक्रिया फिलहाल रोक दी गई है। उन्होंने बताया कि राज्यपाल ने इस विधेयक के 28 प्रावधानों पर सवाल उठाए हैं और इसे आगे की समीक्षा के लिए राष्ट्रपति के पास भेज दिया है।

गृह मंत्री ने मीडिया से बातचीत में कहा, यह बिल राष्ट्रपति को भेजा गया है, जिससे इसके लागू होने में देरी हो सके। अब देखते हैं आगे क्या होता है। अगर राष्ट्रपति इसकी समीक्षा कर इसे वापस भेजते हैं, तो हम जरूरी बदलाव करेंगे और फिर से इसे भेजेंगे।

गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मतलब यह नहीं है कि कोई भी कुछ भी कह दे, बिना यह सोचे कि उसका समाज पर क्या असर पड़ेगा। उन्होंने कहा, किसी समुदाय का अपमान करना और व्यक्तिगत हमले करना समाज में अशांति पैदा कर सकता है। कुछ जगहों पर भाषणों के बाद जो हालात बने,




हमने उन्हें देखा है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह हेट स्पीच बिल लाया गया है। क्या कोई भी कुछ भी कहकर समाज में तनाव फैला सकता है?

उन्होंने उद्योगपति सीजे रॉय के आत्महत्या मामले पर भी बयान दिया। परमेश्वर ने कहा कि इस मामले में अटकलों और अफवाहों को रोकने के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। उन्होंने कहा, एसआईटी की रिपोर्ट आने दीजिए। हमें देखना होगा कि इस पूरे मामले में किसकी क्या भूमिका रही।

केंद्रीय बजट 2026 पर प्रतिक्रिया देते हुए गृह मंत्री ने कहा कि लोगों को देश के विकास को लेकर इस बजट से काफी उम्मीदें थीं, लेकिन वे पूरी नहीं हो सकीं। उन्होंने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए इस बजट को उनके अब तक के नौ बजटों में सबसे कमजोर बजट बताया।

## ओडिशा की आदिवासी नेता और पूर्व कांग्रेस सांसद सुशीला तिरिया का निधन

**भुवनेश्वर, (वेब वार्ता)।** वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री और मयूरभंज से पूर्व सांसद सुशीला तिरिया का निधन हो गया। 70 वर्षीय तिरिया कई दिनों से स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं से जूझ रही थीं और भुवनेश्वर स्थित एम्स में उनका इलाज चल रहा था। उन्होंने रविवार शाम एम्स में अंतिम सांस ली। सुशीला तिरिया अनुभवी आदिवासी नेता और सामाजिक कार्यकर्ता थीं। उन्हें वर्ष 1986 में ओडिशा से राज्यसभा के लिए चुना गया। इसके बाद वह मयूरभंज लोकसभा क्षेत्र से दो बार 1994 और 1996 में निर्वाचित हुईं। उन्होंने कांग्रेस की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था कांग्रेस कार्य समिति की सदस्य के रूप में भी सेवाएं दीं। ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भक्त चरण दास सहित कई नेताओं ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। दास ने कहा, पूर्व सांसद और कांग्रेस कार्य समिति की पूर्व सदस्य सुशीला तिरिया के निधन से अत्यंत दुखी हूं। आदिवासी कल्याण और सामाजिक न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता सदैव स्मरणीय रहेगी। कांग्रेस नेता नवज्योति पटनायक ने कहा कि सुशीला तिरिया के निधन से उत्तर ओडिशा की राजनीति में एक बड़ा शून्य उत्पन्न हो गया है।

# धनबाद में विधायक के आवास पर फेंके बम

## सोशल मीडिया पर गैंगस्टर के नाम से धमकी भरा पर्चा वायरल

**धनबाद, (वेब वार्ता)।**

झारखंड के झरिया विधानसभा क्षेत्र की भाजपा विधायक रागिनी सिंह के धनबाद स्थित सरायढेला क्षेत्र में आवास 'सिंह मेंशन' में रविवार देर रात अज्ञात अपराधियों ने सुतली बम फेंककर सनसनी फैला दी। बाइक सवार बदमाशों ने आधी रात करीब साढ़े ग्यारह बजे दो सुतली बम फेंके और अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए।

घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया, जबकि सिंह मेंशन के अंदर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मची रही। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक बम सिंह मेंशन के मुख्य गेट के अंदर फेंका गया, जबकि दूसरा बम गेट के बाहर सड़क की ओर पटक कर अपराधी भाग निकले। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के कई घरों के लोग नींद से जाग गए। घटना के तुरंत बाद आवास की सुरक्षा में तैनात गार्ड और कर्मी सतर्क हो गए तथा परिवार के सदस्य बाहर निकल आए।

इसके बाद पुलिस को सूचना दी



गई। सूचना मिलते ही सिटी एसपी ऋतिक श्रीवास्तव और ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से सुतली बम के अवशेष बरामद किए। पुलिस ने पुष्टि की है कि दोनों धमाकों में सुतली बम का ही इस्तेमाल किया गया। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, जिसमें दूर से बाइक सवार दो संदिग्ध नजर आ रहे हैं, हालांकि उनकी पहचान अब तक नहीं हो पाई है।

घटना को लेकर सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पत्र वायरल हो रहा है, जिसमें खुद को गैंगस्टर अमन सिंह गिरोह से जुड़ा बताते हुए शंकर सिंह नामक व्यक्ति ने हमले की जिम्मेदारी लेने का दावा किया है। वायरल पर्चे में धमकी भरे शब्दों का इस्तेमाल करते हुए लिखा गया है कि 'जिस धरती पर अमन का खून गिरा है, उसे बंजर बना देंगे' और 'पूरे धनबाद को श्मशान घाट बना देंगे।'

पर्चे में धनबाद के कोयला और लोहा कारोबार से जुड़े व्यापारियों से रंगदारी की मांग करने के साथ-साथ शहर के लोगों को 'चुन-चुन कर मारने' की धमकी भी दी गई है। पुलिस इस पत्र की सत्यता की जांच कर रही है। गैंगस्टर अमन सिंह की दिसंबर, 2023 में धनबाद जेल में हत्या कर दी गई थी। इसके बाद भी उसके नाम पर गिरोह संचालित किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि विधायक रागिनी सिंह झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह की पत्नी हैं।

## बलूचिस्तान में दो दिन की झड़पों में पाकिस्तानी सेना ने 140 से ज्यादा लोगों की मौत

**इस्लामाबाद, (वेब वार्ता)।**

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षा बलों ने करीब 40 घंटे तक चले एक सैन्य अभियान में 145 लोगों को मार गिराया। स्थानीय मीडिया ने प्रांतीय मुख्यमंत्री सरफराज बुगती के हवाले से बताया कि यह कार्रवाई बलूचिस्तान में 'तालमेल वाले' बंदूक और बम हमलों की एक सीरीज के जवाब में की गई।

इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के मुताबिक, इस अभियान में 92 उग्रवादियों को मार गिराया गया। वहीं, 15 आम नागरिकों की भी मौत हो गई। पाकिस्तान के प्रमुख अखबार एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने यह खबर प्रकाशित की।

मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने बताया कि इन हमलों में पुलिस और फ्रंटियर कोर समेत अलग-अलग सुरक्षा एजेंसियों के 17 जवान मारे गए। इसके अलावा, नौसेना के एक अधिकारी की भी जान गई। कुल मिलाकर 31 लोगों की मौत हुई, जबकि कई अन्य लोग घायल हुए हैं। पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान में हाल के वर्षों में हिंसा की यह सबसे खतरनाक लहर मानी जा रही है। यह इलाका प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर है और इसकी सीमाएं ईरान और



अफगानिस्तान से लगती हैं। यहां सक्रिय विद्रोही गुटों ने सुरक्षा बलों, आम लोगों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों पर हमले तेज कर दिए हैं।

पाकिस्तान के उप गृह मंत्री तलाल चौधरी ने कहा कि हमलावर आम नागरिकों के वेश में अस्पतालों, स्कूलों, बैंकों और बाजारों में घुसे और फिर अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि दुकानों में काम कर रहे सामान्य लोगों को निशाना बनाया गया और हमलों के दौरान नागरिकों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल किया गया। चौधरी ने कहा, हर मामले में, हमलावर नागरिकों के रूप में आए और दुकानों में काम करने वाले आम लोगों को अंधाधुंध निशाना बनाया।

इन हमलों की जिम्मेदारी अलगाववादी बलूच लिबरेशन आर्मी ने ली है। संगठन ने दावा किया कि उसने 'हीरोफ' या 'काला तूफान' नाम से एक संगठित अभियान चलाया, जिसमें पूरे बलूचिस्तान में सुरक्षाबलों को निशाना बनाया गया।

# राष्ट्रपति आज से ओडिशा के छह दिवसीय दौरे पर

**भुवनेश्वर, (वेब वार्ता)।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज से ओडिशा के छह दिवसीय दौरे पर आ रही हैं। इस दौरान वह राज्य के पांच जिलों में विभिन्न सरकारी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी। वो आज शाम राजधानी भुवनेश्वर पहुंचेंगी। राष्ट्रपति इस अवधि में पुरी, खोर्धा, बालासोर, जाजपुर और मयूरभंज जिलों का दौरा करेंगी।

राष्ट्रपति जाजपुर जाएंगी, जहां वह जिले की अधिष्ठात्री देवी मां



बिरजा के मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना करेंगी। 03 फरवरी को वह बिरजा मंदिर में करीब डेढ़ घंटे का समय बिताएंगी, जिसके बाद वह बालासोर के लिए रवाना होंगी। बालासोर में राष्ट्रपति मुर्मु फकीर मोहन विश्वविद्यालय के 12वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। इसके बाद वो शाम को पुरी पहुंचेंगी, जहां वह रात्रि विश्राम करेंगी।

चार फरवरी को राष्ट्रपति का श्री जगन्नाथ मंदिर के सिंहद्वार पर गजपति महाराज, सेवायत और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी औपचारिक स्वागत करेंगे। भगवान जगन्नाथ के दर्शन के बाद वह श्वेतगंगा में पिंडदान की धार्मिक रस्में निभाएंगी। इसके बाद राष्ट्रपति मयूरभंज जिले के रायरंगपुर जाएंगी। अपने गृह क्षेत्र के लोगों से संवाद करेंगी।

## जम्मू छात्रों के विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए बीजेपी विधायक

जम्मू, 02 फरवरी (वेब वार्ता)। विपक्ष के नेता सुनील शर्मा के नेतृत्व में भाजपा विधायक यहां राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए प्रदर्शन कर रहे जम्मू विश्वविद्यालय के छात्रों में शामिल हुए। विधायकों ने रविवार को कहा कि वे इस मुद्दे को सड़क और विधानसभा दोनों जगह उठाएंगे। शर्मा ने पार्टी विधायकों एडवोकेट आरएस पठानिया, शगुन परिहार और देवयानी राणा के साथ 25 दिनों तक चले आंदोलन को पूरा समर्थन दिया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी के बीच विश्वविद्यालय परिसर में धरने पर बैठे। शर्मा ने संवाददाताओं से कहा कि हम सोमवार से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र के दौरान जम्मू में एक राष्ट्रीय कानून विश्वविद्यालय की मांग करेंगे। हम आपके साथ हैं। यह सिर्फ आपकी नहीं बल्कि पूरे जम्मू क्षेत्र की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि सरकार को बिना किसी देरी के मांग पर ध्यान देना चाहिए और चेतावनी दी कि ऐसा नहीं करने पर सभी भाजपा विधायक बड़े पैमाने पर आंदोलन कर सकते हैं।

# केंद्रीय बजट में तमिलनाडु के साथ पूरी तरह धोखा हुआ: वाइको

**चेन्नई, (वेब वार्ता)।**

मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कझगम (एमडीएमके) के महासचिव वाइको ने सोमवार को 2026-27 के केंद्रीय बजट की कड़ी आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि एक अहम राजनीतिक मौके पर केंद्र सरकार ने तमिलनाडु के साथ 'पूरी तरह से धोखा' किया है, जबकि राज्य में विधानसभा चुनाव नजदीक हैं।

कोयंबटूर में पत्रकारों से बात करते हुए वाइको ने कहा कि ऐसी व्यापक उम्मीद थी कि बजट में तमिलनाडु को



अतिरिक्त वित्तीय सहायता मिलेगी, खासकर आने वाले चुनावों को देखते हुए। हालांकि, उन्होंने दावा किया कि ये उम्मीदें पूरी तरह से खत्म हो गई हैं, क्योंकि केंद्र सरकार ने राज्य के लिए कोई महत्वपूर्ण आवंटन या परियोजनाओं की घोषणा नहीं की है। वाइको ने ईंधन की कीमतों को लेकर भी केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि कच्चे तेल की कीमतें 50 डॉलर प्रति बैरल के आसपास होने के बावजूद, केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतें कम नहीं की हैं।

उन्होंने कहा कि इससे आम नागरिकों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ा है, जो पहले से ही बढ़ती महंगाई से जूझ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कच्चे तेल की कम कीमतों का फायदा उपभोक्ताओं तक न पहुंचाना यह दिखाता है कि सरकार को जनता की भलाई की कोई परवाह नहीं है।

बजट की बड़ी आर्थिक मान्यताओं पर सवाल उठाते हुए, एमडीएमके नेता वाइको ने कहा कि केंद्र सरकार की 11 लाख करोड़ रुपए उधार लेने की घोषणा ने सात प्रतिशत आर्थिक विकास का लक्ष्य बहुत ही अवास्तविक बना दिया है। उन्होंने तर्क दिया, 'आप एक साथ इतने बड़े स्तर पर कर्ज बढ़ाते हुए मजबूत विकास की बात नहीं कर सकते, और बजट के अनुमानों को आर्थिक सच्चाई से अलग बताया।'

## अखिल भारतीय मानव कल्याण ट्रस्ट ने किया कपड़ों का दान

**मोहरपाल सिंह, भेदी नज़र**

अखिल भारतीय मानव कल्याण ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ एमपी सिंह ने ठिठुरती सर्दी को देखते हुए आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के घर पर जाकर गर्म कपड़े पेंट कमीज टी-शर्ट स्वेटर वितरित किए। वह प्रतिवर्ष 50 दिव्यांग बेघर बेसहारा असहाय लोगों को कपड़े पहना कर अपने जीवन को कामयाब बनाते हैं तथा मानवता का परिचय देते हैं।

हम सभी को अपने जन्मदिन मैरिज एनिवर्सरी पर ऐसे लोगों के बारे में सूचना चाहिए और भूखे को भोजन और निर्वस्त्र को वस्त्र पहनाना चाहिए जिनके



पैरों में चप्पल नहीं है चप्पल देनी चाहिए इस अवसर पर संस्था के संस्थापक हिरदेश कुमार एवं अन्य पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## कश्मीर में रात का तापमान बढ़ा, श्रीनगर में 2.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज

श्रीनगर, (वेब वार्ता)। पूरे कश्मीर में रात के तापमान में मामूली वृद्धि हुई श्रीनगर में न्यूनतम तापमान 2.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो मौसमी औसत से तीन डिग्री अधिक है। कश्मीर में 40 दिनों की सबसे कठोर सर्दियों की अवधि 'चिल्लई कलां' की समाप्ति के बाद से श्रीनगर शहर में न्यूनतम तापमान धीरे-धीरे लेकिन लगातार बढ़ रहा है। बारामूला जिले में गुलमर्ग का स्की रिसॉर्ट शून्य से 8 डिग्री सेल्सियस नीचे तापमान के साथ जम्मू-कश्मीर में सबसे ठंडा स्थान दर्ज किया गया। दक्षिण कश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से 5.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। अन्य स्थानों में, काजीगुंड का न्यूनतम तापमान 0.7 डिग्री, कोकेरनाग का न्यूनतम तापमान शून्य से 0.6 डिग्री सेल्सियस नीचे और कुपवाड़ा का न्यूनतम तापमान शून्य से 1.3 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया।

**किराए के लिए खाली है**

1- 3600 वर्ग फुट कमर्शियल हॉ ल सेमी फर्निश्ड सेक्टर.8 टी सी काम्प्लेक्स फरीदाबाद में।
2- 1620 वर्ग फुट ऑफिस सेमी फर्निश्ड मेन रोड टी सी काम्प्लेक्स सेक्टर.8 फरीदाबाद में।
3- टू बैड रूम सेट ग्राउंड फ्लोर वेल फर्निश्ड सेक्टर 7 डी ब्लॉ क फरीदाबाद में।
4- वन रूम सेट वेल फर्निश्ड सेंकड फ्लोर सेक्टर 7 डी ब्लॉक फरीदाबाद में।
इच्छुक व्यक्ति फोन नंबर 9999446252,, 9811157562 पर संपर्क करें।

**- सूचना -**

फरीदाबाद जिला में भेदीनज़र समाचार में अपने समाचार, विज्ञापन देने और अखबार की कापी प्राप्त करने के लिये सम्पर्क करें-
1- गोपाल न्यूज एजेन्सी
अम्बेडकर चौक बाल्लभगढ़
मोबाइल नम्बर- 9811477204

2- नरेंद्र बुक्सर शाप
मूँगफली चौक एने.आई.टी.नम्बर-5 फरीदाबाद
मोबाइल - 9810229192

3- दीक्षित न्यूज एजेन्सी बोल्ड फरीदाबाद
मोबाइल- 9811159238

**छोटा विज्ञापन बड़ा फायदा**
आज ही स्पेस बुक कराएंकाल करें
0120-4152063,
9811157562

नई एवं तरोताजा खबरों के लिए भेदी नज़र पढ़िए, समय के साथ चलिए

**सुनहरा मौका** वार्षिक ग्राहक बनिए और
**वीआईपी एल्फा सूटकेस** कीमत रु, 900 प्राप्त करिए
भेदी नज़र समाचार पत्र के ग्राहक बनें
मात्र 700 रूपये दीजिए और वार्षिक ग्राहक बनने के अलावा तुरंत पाइए
और अन्य आकर्षक उपहार के लिए

**बम्पर ड्रा**

पहला इनाम



एक हीरो बाईक

दूसरा इनाम




एक सोनी एलसीडी 32 इंच व अन्य आकर्षक ईनाम

तीसरा इनाम



बीस मोबाईल फोन

- कोई भी व्यक्ति एजेंट 500 से अधिक मेंबर बना लेंगा तो एसे अलग से उपहार दिया जाएगा।
- ये स्कीम एक जनवरी 2026 से 31 दिसम्बर 2026 तक चलेगी।
- 31 दिसम्बर 2026 को 1000 सदस्य बनाने पर बम्पर ड्रा निकाला जाएगा जिसमें उपरोक्त इनाम हरियाणा के किसी भी मंत्री द्वारा दिए जाएंगे।
- ड्रा बम्पर ड्रा में भेदी नज़र के वार्षिक मेम्बर ही भाग ले सकते हैं।
- भेदी नज़र प्रत्येक माह की पहली तारिख को कूपन छापेगा।

आर.एन.आई.नं.
HAR/HIN/2011/43680
प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी एवं संपादक उमा शर्मा द्वारा
उमा पब्लिकेशनस्
प्लाट न. 3/1 टी.सी.सी. कॉम्पलेक्स सेक्टर-10 फरीदाबाद से प्रकाशित
एवं नीलू प्रिंटिंग प्रेस ई-33 सेक्टर-7 नोएडा से मुद्रित
संपादक
उमा शर्मा
प्रधान संपादक
गिरीश चन्द्र शर्मा
फोन नं.-
011-66304689
0120-4189808
0129-2290152
0129-2267 07 8
0129-2977562
फैक्स नं. -
011-66304690
0129-2297 640
मो. : 9811157 562,

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद होगा।
पीआईबी एक्ट अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी समाचार लेखक की होगी भेदीनज़र संस्थान संपादक और प्रधान संपादक कानूनन जिम्मेदार नहीं होगा।